मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.8 | 22.3 |
| जमशेदपुर | 28.5 | 25.4 |
| डालटनगंज | 28.8 | 24.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● बुधवार, 04 अक्टूबर 2023 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 05, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 169 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in

**सुर्खियां**

**इंटरनेशनल**
- अमेरिका में आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण 14 को
- न्यूजर्सी में अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन आठ को
- निज्जर हत्याकांड की जांच में सहयोग करे भारत : अमेरिका
- अभी भी सिकुड़ता जा रहा है बुध ग्रह

**नेशनल**
- यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड में भूकंप के झटके
- सन्नी देओल के साथ 'लाहौर, 1947' बनाएंगे आमिर खान
- यूपी : सपा, बसपा व अन्य ने की जातिगत सर्वे की मांग
- असम : बाल विवाह को ले 800 से अधिक गिरफ्तार

**स्टेट**
- कल राउरकेला का दौरा करेंगे दक्षिण पूर्व रेल जीएम
- बोकारो जिले में बारिश का कहर, कई कच्चे घर गिरे
- आदित्यपुर : मार्च तक होगा 120 किमी लाइन का काम
- बोकारो : रेलवे स्टेशन में महिला का हुआ प्रसव

**स्पोर्ट्स**
- एशियाड : तीरंदाजी में भारत के तीन और पदक पक्के
- क्रिकेट : स्पिनरों ने भारत को नेपाल पर दिलाई जीत
- मुक्केबाजी : लवलीना को ओलंपिक कोटा मिला
- भारत की दो जोड़ियां स्क्वाश के क्वाफा. में

## किसने क्या कहा

- ईमानदार पत्रकारों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई नई बात नहीं है. ये हारती हुई भाजपा की निशानी हैं. –अखिलेश
- राष्ट्रीय स्तर पर जातिवार जनगणना से ही दलितों और पिछड़ों को उनका वाजिब हक मिल सकेगा. –मायावती
- असम सरकार मूल जनजातीय मुस्लिमों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की समीक्षा करेगी. –हिमंता बिस्वा शर्मा
- आज धर्म की कम शिक्षा की अधिक जरूरत है. क्योंकि आस्था एजेंडा बढ़ाने का औजार बन गई है. –अनुराग कश्यप

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,900 |
| चांदी (किलो) | 71,000 |

## ब्रीफ खबरें

### सीएम के आज ईडी ऑफिस जाने पर संशय



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बुधवार को ईडी कार्यालय जाने पर संशय है. मुख्यमंत्री आज पलामू दौरे पर रहेंगे. सोरेन पलामू में राज्य के सातवें मेधा डेयरी प्लांट का उद्घाटन करेंगे. मालूम हो कि बीते 26 सितंबर को सीएम हेमंत सोरेन को ईडी की ओर से पांचवां समन जारी किया गया था. ईडी ने उन्हें चार अक्टूबर को हाजिर होने को कहा है. जमीन से जुड़े मामले में चौथा समन जारी कर ईडी ने उन्हें 23 सितंबर को ईडी के रांची ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए थे.

### एक जनवरी से महंगी होगी कोरियर सेवा

**नई दिल्ली।** कोरियर सेवाएं देने वाली कंपनी ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने एक जनवरी से अपनी सामान भेजने की दरों में 9.6 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की मंगलवार को घोषणा की. कंपनी ने बयान में कहा कि शुल्क दरों में यह बढ़ोतरी भेजे जाने वाले कोरियर के आकार-प्रकार पर निर्भर करेगी. उसने कहा कि वह हर साल अपनी शुल्क दरों की समीक्षा करती है. उसके हिसाब से दरों में संशोधन किया जाता है. हालांकि, डीएचएल समूह के स्वामित्व वाली कंपनी ने कहा कि इस शुल्क वृद्धि का असर अक्टूबर से दिसंबर तक भेजे जाने वाले कोरियर पर नहीं पड़ेगा.

### तीन वैज्ञानिकों को भौतिकी का नोबेल

**स्टाकहोम।** भौतिकी का नोबेल पुरस्कार इस बार उन तीन वैज्ञानिकों को देने की घोषणा की गई है जिन्होंने सेकेंड के सबसे छोटे हिस्से के दौरान परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन का अध्ययन किया. अमेरिका में ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के पियरे अगस्टीनी, जर्मनी में मैक्स प्लांक इंस्टीट्यूट ऑफ क्वांटम ऑप्टिक्स तथा लुडविग मैक्सिमिलियन यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिक के फेंरेस क्रौस और स्वीडन स्थित लुंड यूनिवर्सिटी की एने लुइलिये को भौतिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा जाएगा. रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने मंगलवार को स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा की.

## राज्य में जातिगत जनगणना की मांग तेज

# झारखंड में भी हो जातीय सर्वे






*बिहार में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के एक दिन बाद झारखंड में भी इसकी मांग तेज हो गयी है. भाजपा को छोड़ अन्य सभी राजनीतिक दलों ने राज्य में जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की है. विभिन्न राजनीतिक दलों ने हेमंत सोरेन सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है. सरकार से वर्ष 2024 में प्रस्तावित लोकसभा और विधानसभा चुनाव के पूर्व ही जातिगत जनगणना कराने की मांग की गई है. इस मुद्दे पर दैनिक 'शुभम संदेश' के विशेष संवाददाता कौशल आनंद ने विभिन्न दलों के विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं की राय जानी. पेश है एक रिपोर्ट*

## भाजपा छोड़ अन्य दलों के विधायकों, नेताओं ने किया जातिगत गणना का समर्थन

**सुदिव्य कुमार सोनू**

### झारखंड में होनी चाहिए जातिगत गणना



झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक और मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकारों में शुमार रहे विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड में भी जाति आधारित जनगणना होनी चाहिए. आखिर यहां भी पता चले कि किस जाति की कितनी आबादी है. इसके आधार पर फिर विकास की नीतियां बननी चाहिए. जो पार्टी का निर्णय होगा, वह उनके साथ हैं.

**मथुरा प्रसाद महतो**

### जातिगत जनगणना होनी चाहिए



झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि निश्चित तौर पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना होनी चाहिए. यहां भी सरकार एवं आमजन को पता होना चाहिए कि कौन सी जाति कितनी संख्या में है. जब उनसे पूछा गया कि क्या आप पार्टी फोरम में इस मांग को उठाएंगे, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से इसका कोई जवाब नहीं दिया. बस इतना ही कहा कि जाति आधारित जनगणना होनी चाहिए.

**इरफान अंसारी**

### हो जातिगत जनगणना, सीएम से मांग करते हैं



कांग्रेस विधायक डा. इरफान अंसारी ने कहा कि बिहार सरकार ने जो किया है, उसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं. जो सबसे अधिक संख्या में थे, वही वर्षों से उपेक्षित थे. यहां भी कुछ ऐसा ही हाल है. इसलिए झारखंड में भी बिहार की तर्ज पर जातीय जनगणना होनी चाहिए. पता तो चले कि कौन कितनी संख्या में है, किसकी कितनी आबादी है ताकि उनका उत्थान हो सके.

**उमाशंकर अकेला**

### जल्द मुख्यमंत्री से मिलकर करेंगे मांग



कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला (यादव) ने कहा कि बिहार सरकार ने जो काम किया है. वह सराहनीय है. हम झारखंड विधानसभा में भी कई बार मांग उठाते रहे हैं. आगे भी उठाते रहेंगे. बहुत जल्द कांग्रेस के विधायक और नेता मुख्यमंत्री से मिलकर इसकी मांग करेंगे. मुख्यमंत्री समझदार हैं, हर चीज जानते हैं. झारखंड में हर व्यक्ति का विकास होना चाहिए.

**रामचंद्र चंद्रवंशी**

### हमारी पार्टी जो कहेगी उसके अनुसार चलेंगे



भारतीय जनता पार्टी के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार में जातिगत जनगणना तो ठीक है. लेकिन यहां हम लोग पार्टी से ऊपर नही हैं. हमारी पार्टी का प्रतिनिधि जो कहेगा, हम उससे सहमत होंगे और उसके अनुसार चलेंगे. पार्टी का निर्णय ही स्वीकार्य होगा. हम उसका पालन करेंगे.

**खीरू महतो**

### नीतीश की तरह राज्य सरकार भी पहल करे



जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार ने जो कर दिखाया है वह सराहनीय है. अगर देश में सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना को साकार करना है तो पूरे भारत में जातिगत जनगणना होनी चाहिए. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी बिहार की तर्ज पर पहल करते हुए वर्ष 2024 के पहले ही जनगणना करा देना चाहिए.

**डॉ. मनोज कुमार**

### झारखंड सहित देशभर में हो जातिगत गणना



राजद के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना सराहनीय कार्य है. अन्य राज्यों में भी जातीय जनगणना अति शीघ्र करायी जाए. राजद केंद्र से मांग करती है कि सभी राज्यों में जातीय जनगणना अनिवार्य रूप से हो. झारखंड सरकार से भी मांग करते हैं कि यहां भी जातीय गणना अनिवार्य रूप से कराई जाए.

**डॉ. लंबोदर महतो**

### समान अधिकार के लिए जातीय गणना जरूरी



आजसू विधायक डा. लंबोदर महतो ने कहा कि झारखंड में भी जातिगत जनगणना होनी चाहिए ताकि सभी को समान अधिकार मिल सके. समान अधिकार के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है. झारखंड में ओबीसी बहुसंख्यक हैं. अन्य जातियां कितनी हैं, यह सामने आना चाहिए. इसलिए हेमंत सरकार को तुरंत सर्वे शुरू कराना चाहिए.

## 'गरीब ही सबसे बड़ी जाति'



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सोमवार से कांग्रेस ने एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है. मैं कहता हूं कि इस देश में अगर कोई सबसे बड़ी आबादी है, तो वह गरीब की है. इसलिए मेरे लिए गरीब ही सबसे बड़ी जाति है. -विस्तृत समाचार पेज 15 पर देखें

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

**नई दिल्ली।** राजनीतिक सरगर्मी के बीच जातिगत जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक करने का मामला मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया. दो गैर-सरकारी संगठनों यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. सर्वोच्च न्यायालय इस पर छह अक्टूबर को सुनवाई करेगा. उससे पहले अदालत ने कोई बयान नहीं दिया है. असल में बिहार सरकार ने जाति जनगणना की रिपोर्ट न जारी करने का आश्वासन दिया था. दोनों एनजीओ ने इन आंकड़ों को जारी न करने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई थी.

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बांटे नियुक्ति पत्र



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत झारखंड नगरपालिका सेवा के 47 सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) तथा वाणिज्य कर विभाग के तहत लिपिकीय सेवा संवर्ग के 46 निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए. -संबंधित समाचार पेज 10 पर देखें

## पति की मौत से सदमे में आई पत्नी, मौत

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच प्रखंड के वार्ड नंबर पांच स्थित लेंगरा पीपर में पति की मौत की खबर सुनकर सदमे में आई पत्नी ने भी दम तोड़ दिया. बताया जाता है कि मोहन पंडित (75 वर्ष) की रात में खाना खाने के बाद तबीयत खराब होने लगी. उन्हें देर रात कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया. वहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया. परिजन उन्हें रांची ले जाने लगे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. जब मोहन पंडित के निधन की खबर उनकी पत्नी जितनी देवी (70 वर्ष) को मिली तो सदमे में उनकी भी मौत हो गई. इस दंपती की मौत पर किशोर पंडित, राजू पंडित, विनोद मेहता, बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, सांसद प्रतिनिधि वसंत मेहता, राजू सिंह, पवन सिंह, द्वारका पंडित, प्रकाश राम, राजू पंडित आदि ने शोक जताया है.

- अस्पताल ले जाते वक्त हुई थी पति की मौत

## नेपाल में चार भूकंप उत्तर भारत में झटके

**नई दिल्ली।** नेपाल में कुछ ही समय के अंतराल पर एक के बाद एक आए चार भूकंप के कारण दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने मंगलवार को यह जानकारी दी. एनसीएस के एक अधिकारी ने कहा कि 4.6 तीव्रता का पहला भूकंप दोपहर 2:25 बजे पश्चिम नेपाल में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया. इसके बाद 2:51 बजे हिमालयी राष्ट्र में एक बार फिर तेज भूकंप का झटका आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई. दो और भूकंप (3.6 और 3.1 तीव्रता के) क्रमशः तीन बजकर छह मिनट पर और तीन बजकर 19 मिनट पर उसी क्षेत्र में 15 किमी और 10 किमी की गहराई पर आए.

- दिल्ली और एनसीआर में भी भूकंप

## गिरफ्तार आईएसआईएस आतंकी शाहनवाज का कबूलनामा

# देश के मंदिरों पर हमले की थी साजिश!

**सौरभ सिंह। रांची**

एनआईए और दिल्ली स्पेशल सेल की गिरफ्त में आए हजारीबाग के रहने वाले आईएसआईएस आतंकी ने पूछताछ में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं. उसने बताया है कि वह दिल्ली और पूरे उत्तर भारत में प्रमुख मंदिरों पर हमले की साजिश रच रहा था. पुलिस सूत्रों ने बताया कि शाहनवाज और उसके साथ गिरफ्तार किए गए दो अन्य आतंकी गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले का सरगना फरतुल्ला गौरी उनके साथ लगातार संपर्क में था. आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज ने दिल्ली पुलिस की पूछताछ में कई और अहम जानकारियां दी हैं. मोहम्मद शाहनवाज ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को लेकर भी बड़ा खुलासा किया है. स्पेशल सेल के सूत्रों के हवाले से खबर है कि गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले का सरगना फरतुल्ला गौरी इन तीनों के साथ लगातार संपर्क में था. हमले की पूरी प्लानिंग पाकिस्तान में बैठे आईएसआईएस के आकाओं ने की थी. पूछताछ में पता चला है कि शाहनवाज और उसके मॉड्यूल के सदस्य विदेश में बैठे हैंडलर्स के निर्देशों पर दिल्ली समेत उत्तर भारत में आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे. -संबंधित खबर पेज 16 पर देखें



**किया कबूल**

- पूरे उत्तर भारत में थी प्रमुख स्थानों पर हमलों की साजिश
- अक्षरधाम मंदिर के हमलावर से संपर्क में थे तीनों आतंकी

### गढ़वा का रहने वाला है आतंकी अरशद वारसी

संदिग्ध आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी के साथ मो. रिजवान अशरफ और मो. अरशद वारसी भी गिरफ्तार हुए हैं. आतंकी शाहनवाज जहां हजारीबाग का रहने वाला है, वहीं उसका दूसरा साथी अरशद वारसी गढ़वा के रांकी मोहल्ले का निवासी है. पुलिस के मुताबिक, शाहनवाज, रिजवान अशरफ और अरशद वारसी त्योहार से पहले देश में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे. बता दें कि जामिया मिलिया इस्लामिया से बीटेक और एमबीए करने के बाद अरशद पीएचडी कर रहा है. अरशद के पिता पेशे से सरकारी शिक्षक हैं.

## अनुमान — वित्त वर्ष 2023-24 की जीडीपी वृद्धि को लेकर विश्व बैंक ने जारी की रिपोर्ट

# 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**भाषा। नई दिल्ली/वॉशिंगटन**

निवेश और घरेलू मांग के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है. विश्व बैंक की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है. रिपोर्ट के अनुसार, चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल की पृष्ठभूमि में भारत लगातार मजबूती दिखा रहा है.

विश्व बैंक की भारत की वृद्धि से जुड़ी अपडेट रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 2023-24 में 6.3 प्रतिशत रहेगी. विश्व बैंक ने अपनी अप्रैल की रिपोर्ट में भी 6.3 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान लगाया था. भारत ने 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी.

विश्व बैंक ने कहा कि दक्षिण एशिया की वृद्धि दर इस साल 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है. जो दुनिया के किसी भी अन्य विकासशील देशों के क्षेत्र की तुलना में अधिक है. हालांकि, यह वैश्विक महामारी से पहले की गति से धीमी है. विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं है.




**मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम होने के आसार :** मुद्रास्फीति पर रिपोर्ट में कहा गया कि खाद्य पदार्थों की कीमतें घटने और सरकारी उपायों से प्रमुख वस्तुओं की आपूर्ति सुधरने से इसके धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है. मौजूदा वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है.

### वैश्विक वातावरण के कारण आएगी चुनौती

भारत में विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्ते तानो कुआमे ने कहा कि प्रतिकूल वैश्विक वातावरण अल्पावधि में चुनौतियां उत्पन्न करता रहेगा. सार्वजनिक व्यय के दोहन से अधिक निजी निवेश बढ़ेगा. साथ ही भारत के लिए भविष्य में वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने के लिए अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न करेगा. इससे उच्च वृद्धि हासिल करनी होगी.

### क्या बोले विश्व बैंक के उपाध्यक्ष

विश्व बैंक के उपाध्यक्ष (दक्षिण एशिया क्षेत्र) मार्टिन रायसर ने कहा कि पहली नजर में दक्षिण एशिया वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक अच्छा क्षेत्र है. विश्व बैंक का अनुमान है कि यह क्षेत्र अगले कुछ वर्षों में किसी भी अन्य विकासशील देश क्षेत्र की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगा. कमजोर विदेशी मांग के परिणामस्वरूप माल निर्यात की वृद्धि धीमी होने का अनुमान है.

# 'न्यूजक्लिक' के पत्रकारों के 30 ठिकानों पर छापे

**भाषा। नई दिल्ली**

**पुलिस कार्रवाई**

- प्रधान संपादक पुरकायस्थ और चक्रवर्ती गिरफ्तार
- अभिसार शर्मा व अन्य को पूछताछ के बाद छोड़ा

दिल्ली पुलिस ने चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने के आरोप में आतंकवाद निरोधी कानून गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक का कार्यालय सील कर दिया है. इस दौरान संस्थान के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया. कुल 46 लोगों से पूछताछ की गई.

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पोर्टल और उसके पत्रकारों से जुड़े 30 ठिकानों की तलाशी ली. पुलिस ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में तलाशी केंद्रित थी. संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को समाचार पोर्टल के दक्षिणी दिल्ली स्थित कार्यालय ले जाया गया. जिन पत्रकारों से पूछताछ की गई उनमें उर्मिलेश, अनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजॉय गुहा शामिल थे.



## ब्रीफ खबरें

### उत्क्रमित विद्यालय में हुई छात्रों के स्वास्थ्य की जांच

**चाकुलिया।** लोधाशोली उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रांगण में चाकुलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने मंगलवार को 85 विद्यार्थियों का वजन और हीमोग्लोबिन की जांच की. इनमें से दो विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन कम पाया गया. उन विद्यार्थियों को आयरन की गोली देकर आगे भी गोली खाने की सलाह दी गयी. मौके पर पर एएनएम जानवी बेहरा, सविता मंडल, पुष्पा एक्का, एचएमबी एस नायेक, शिक्षक गोविंद गोप, संदीप बेरा, विश्वनाथ पाल मौजूद थे.

### डीएवी स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

**बेरमो।** डीएवी स्कूल ललपनिया में स्वच्छता पखवारा का आयोजन किया गया. यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा. विद्यालय प्रभारी राम निवास राय के नेतृत्व में 3 अक्टूबर को शिक्षकों व विद्यार्थियों ने परिसर के अंदर और बाहर साफ-सफाई की. विद्यालय प्रभारी ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. अभियान में वरिष्ठ शिक्षक रणजीत कुमार सिंह, अंजन कुमार सिंह, संदीप कुमार, अजमल हुसैन, मनोज कुमार सिंह, मुकेश कुमार, सौरभ कुमार, अमित कुमार शामिल थे.

### स्कूल की प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** बिरसानगर स्थित प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की नई प्रबन्धकारिणी समिति की परिचयात्मक बैठक मंगलवार को हुई. बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भोला कुमार मंडल ने की. बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष रुपेश कतरियार, सचिव अरविन्द कुमार पाण्डेय एवं विशेष आमंत्रित सदस्य अरुण कुमार सिंह ने विद्या भारती योजना को आगे बढ़ाने तथा प्रबन्धकारिणी समिति को मजबूत करने के लिए एक मजबूत संकल्प एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का सुझाव दिया.

### बहरागोड़ा प्रखंड में छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित मॉडल विद्यालय में मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ. इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपेश मिश्रा ने पूर्व प्रधानाध्यापक स्व. जालंधर पात्र के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया. तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया. इसके बाद पहूंच कर प्रभात फेरी समाप्त हुई.

### मध्य विद्यालय की छत का गिरा प्लास्टर

**जोड़ापोखर।** झरिया शिक्षा विभाग के अंतर्गत डिगवाडीह रामपरीखा मध्य विद्यालय में मंगलवार 3 अक्टूबर को कक्षा 5 व 6 के रूम की छत का प्लास्टर गिर गया, हालांकि 37 बच्चे बाल बाल बच गए. लगातार बारिश के बाद पुराना भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है. मंगलवार को क्लास चल रहा था, तभी जोरदार आवाज शुरू हो गई. क्लास टीचर ने सभी बच्चों को तुरंत रूम को दो मिनट के अंदर खाली करा दिया, जिससे सभी बच्चे बच गए.

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के बैनर तले तरबा-खरबा गांव सहित विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया. कुलसचिव सहित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मियों के इस कार्य में हिस्सा लिया. इस दौरान गांव के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीके नायक ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षित भारत के लिए भी जरूरी है.

क्लासिफाइड




### सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया

# समग्रता के साथ प्रयास से ही मिलती है सफलता : प्राचार्य

**संवाददाता। कतरास**


विजेताप्रतिभागियों के साथ शिक्षक

सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में मंगलवार को प्रांतीय विज्ञान, गणित व संगणक मेले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. हजारीबाग में आयोजित इस प्रतियोगिता में 47 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. इसमें इस विद्यालय से प्रथम, द्वितीय 8 व 7 छात्र-छात्राएं तृतीय स्थान पर रहे. सभी विजेता छात्र-छात्राओं को वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, विज्ञान के शिक्षक अरविंद कुमार, गणित शिक्षक मानिक सेन, निशा तिवारी, नवल किशोर झा, नमिता कुमारी, विनीता कुमारी, सुमन शर्मा, सुतपा विश्वास व सुलेखा कुमारी ने सम्मानित किया. प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यदि समग्रता के साथ प्रयास किया जाए तो सफलता निश्चित प्राप्त होती है. उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अब क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मुजफ्फरपुर (बिहार) में होगी. उन्होंने घोषणा की कि जो छात्र-छात्राएं अखिल भारतीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे, उनका वर्ष का शिक्षण शुल्क माफ कर दिया जाएगा. इस प्रतियोगिता में सफलता दिलाने वाले शिक्षक को भी प्राचार्य ने धन्यवाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

**छात्र सम्मानित**
- इस प्रतियोगिता में 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया था
- अब इसकी अगली प्रतियोगिता मुजफ्फरपुर में होगी

## आपकी बात



पहली पोस्टिंग 2013 में खूंटी एसडीपीओ के पद पर हुई. उन्होंने पीएलएफआई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की

**नाम : दीपक कुमार शर्मा**
पेशा : शिक्ष)
विशेषज्ञ : आईपीएस
निवास : गिरिडीह

गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि आम लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा जागना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है. थर्ड जेपीएससी के सेकंड टॉपर और पुलिस विभाग में फर्स्ट टॉपर होने वाले दीपक शर्मा वर्तमान में गिरिडीह एसपी के पद पर पदस्थापित हैं. दीपक शर्मा ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा रांची संत जॉन्स स्कूल से हुई है. इसके अलावा उन्होंने इंटर और ग्रेजुएशन गोस्सनर कॉलेज से की. इसके बाद उन्होंने टेक्निकल डिग्री भी हासिल किया. फिर साल 1998 में वह कमीशन की तैयारी में जुट गए. इस दौरान उनकी नौकरी पटना में असिस्टेंट जेलर समेत अन्य विभागों में हुई, लेकिन उनका इरादा अडिग था और साल 2010 में वह जेपीएससी क्वालीफाई किए. दीपक ने बताया कि उनकी पहली पोस्टिंग साल 2013 में खूंटी एसडीपीओ के पद पर हुई. जिसके बाद वहां पर पीएलएफआई संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की. इससे पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन को काफी नुकसान हुआ. कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए तो कई ने आत्मसमर्पण कर दिया. फिर दीपक शर्मा की साल 2016 में पोस्टिंग सरिया बगोदर एसडीपीओ के पद पर हुई थी. सौभाग्य की बात यह थी कि जिस जिले में उन्होंने एसडीपीओ के रूप में काम किया, कुछ ही सालों के बाद उन्हें एसपी के रूप में उसे जिले का काम करने का मौका मिला. इसका फायदा उन्हें एसपी बनने के बाद मिला. कई ऐसे लोग उन्हें कई सूचना भेजते रहते हैं. पूरे जिले के लोगों से अच्छे लोगों उनका अच्छा जान पहचान है. बताया कि जब से उन्होंने गिरिडीह जिले का प्रभार संभाला है, तब से अब तक 250 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

### आइडियल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम संपन्न हुआ

# इंजीनियर ने बच्चों को दिये सफलता के टिप्स


कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं को जानकारी देते जर्मनी में कार्यरत इंजीनियर नितेश सिंह

**संवाददाता। चौपारण**

चौपारण प्रखंड के महाराजगंज के सिंहपुर में कस्तूरबा जन जागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी 2 उच्च विद्यालय सह आइडियल पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम हुआ. इसमें स्कूल प्रबंधन की ओर से छतरपुरा निवासी जर्मनी में कार्यरत युवा सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर नितेश सिंह को सम्मानित किया गया. नितेश सिंह ने विद्यालय के बच्चों को सफलता के गुर सिखाए और महत्वपूर्ण टिप्स दिए. उन्होंने विद्यालय के बच्चों से अपने रुचि के अनुसार लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ने को कहा. उन्होंने कहा कि विदेशों में आईटी सेक्टर से लेकर हॉस्पिटल में नर्स की काफी डिमांड है. आप वहां का लैंग्वेज सीखकर आसानी से जॉब प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही वहां के मेडिकल कॉलेजों में निःशुल्क पढ़ाई भी कर सकते हैं. उन्होंने बच्चों से कहा कि हम भले ही विदेश में रहकर कार्य कर रहे हैं पर आज भी अपनी माटी के लिए कुछ कर गुजरने की चाहत है.

मौके पर सीआरपी मो शोएब अख्तर और विद्यालय की प्राचार्या ममता कुमारी ने नितेश सिंह को अपने बहुमूल्य समय विद्यालय के बच्चों के बीच देने के लिए आभार व्यक्त किया. कहा कि कार्यक्रमों से बच्चों को सही मार्गदर्शन के साथ-साथ बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा का एहसास होता है. कुछ करने की ललक पैदा होती है. कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या ममता कुमारी, सीआरपी मो शोएब अख्तर, शिक्षक भोलानाथ दांगी, सुग्रीव राम रजक, राहुल कुमार, सुधीर पांडेय, अनिता मैम, पप्पू सर, मुकेश सिंह, मो सयुम, सुभाष केशरी, कृष्णा राणा, अखिलेश कुमार दांगी, मो मतीन,मो बहादुर, ललिता मिस, सुप्रिया मिस, विकास कुमार सहित विद्यालय के वर्ग नवम और दशम के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे.

**सिखाए गुर**
- विद्यार्थियों को अपनी रूचि के अनुसार लक्ष्य चुनने कहा
- विदेशों में अस्पताल में नर्स की काफी मांग है

## सशिमं के चार छात्रों ने रोप प्रतियोगिता में जीता पदक

**संवाददाता। कतरास**



रांची में आयोजित 12वीं झारखंड राज्य जंप रोप प्रतियोगिता 2023 में सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के 4 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. इस प्रतियोगिता में अंडर 14 में कुंदन रजक ने 2 रजत, अंडर 16 में मोहित महतो ने 2 स्वर्ण एवं 1 रजत, अंडर 18 में बसंत कुमार साहु ने 1 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य तथा अभिषेक पाण्डेय ने 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त किया. ये सभी प्रतिभागी नवंबर माह में पुरी (उड़ीसा) में आयोजित 17वीं जूनियर एवं सब जूनियर जंप रोप प्रतियोगिता में भाग लेंगे. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार ने सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया. इस अवसर पर विद्यालय के सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया, उप प्राचार्य श्रेया सरकार, खेल शिक्षक राजकुमार महतो, विवेक सिंह, शिक्षिका अंजली सिंह एवं उपस्थित सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया.

### छात्रों ने समाहरणालय तक किया पैदल मार्च

**देवघर।** देवघर जिले के विभिन्न बीएड कॉलेजों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति नहीं मिलने से उनमें हताशा है. नाराज छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को समाहरणालय तक पैदल मार्च कर विरोध जताया. बीएड संकाय के ये विद्यार्थी अलग-अलग कॉलेजों से आए थे. उनका कहना था कि अभी तक उन्हें सरकार की ओर से छात्रवृत्ति नहीं मिली है. इसके चलते उन्हें कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं. कॉलेज पढ़ाई में कई तरह की समस्याएं खड़ी कर रहे हैं. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे छात्र रितेश ने कहा कि ओबीसी वर्ग के सभी छात्रों छात्रवृत्ति नहीं मिली है. वहीं एससी के 60 प्रतिशत छात्र छात्रवृत्ति से वंचित हैं. कुछ ऐसे कॉलेज हैं, जहां किसी को भी छात्रवृत्ति नहीं मिली है. शुल्क नहीं जमा होने के कारण दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अगले सेमेस्टर में नामांकन फॉर्म नहीं भरने दिया जा रहा है.

# छात्रों ने ली तंबाकू निषेध की प्रतिज्ञा



डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर छह में आयोजित कार्यक्रम में तंबाकू निषेध की शपथ लेते बच्चे व शिक्षकगण

**संवाददाता। बोकारो**

डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में स्वच्छ भारत मिशन के तत्वावधान में तंबाकू सेवन की रोकथाम के लिए 3 अक्टूबर को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक व विद्यार्थियों ने तंबाकू सेवन की रोकथाम की प्रतिज्ञा ली. प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने कहा कि तंबाकू के सेवन से फेफड़े का कैंसर हृदय रोग व सांस की बीमारी होती है. भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता व उत्पादक देश है. विश्व स्तर पर तंबाकू के सेवन की वजह से हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत होती है. कार्यक्रम में नागेंद्र प्रसाद, प्रशांत कुमार, कुमार समरेश, अखिलेश कुमार, सुनीता कुमारी, किरण सिंह, राजेश, आभा कुमारी, रूबी यादव, सरोज कुमारी, भावना घाले, आराधना, रूपा, नीलम झा, सोनिया, पुतुल मंडल, श्याम भूषण श्रीवास्तव व अन्य लोग मौजूद थे.

**लिया प्रण**
- डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में कार्यक्रम हुआ
- तंबाकू सेवन से सांस की बीमारी होती है

### जमीन लीज नवीनीकरण में आगे करेंगे सहयोग

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने अपने शिक्षक साथियों के साथ एसडीओ सत्यवीर रजक को अपर समाहर्ता के पद पर हुई पदोन्नति के लिए बधाई देते हुए सम्मानित किया. प्राचार्य ने बताया कि घाटशिला कॉलेज के विकास में एसडीओ सत्यवीर रजक का निरंतर सहयोग मिलता रहा है. इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने एसडीओ सत्यवीर रजक से घाटशिला कॉलेज के जमीन लीज नवीनीकरण में सहयोग मांगा. प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत सभी कागजातों को देखने के बाद एसडीओ ने कहा कि घाटशिला कॉलेज के जमीन लीज नवीनीकरण में वे हर संभव सहयोग करेंगे. ज्ञात हो कि घाटशिला महाविद्यालय का फूलडूंगरी स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास है वहां तत्कालीन बिहार सरकार से वर्ष 1975 में 9 एकड़ 35 डिसमिल जमीन 30 वर्षों के लिए कॉलेज संचालन हेतु प्राप्त हुआ था. लीज वर्ष 2006 में समाप्त हो गया. वर्तमान प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने लीज नवीनीकरण को लेकर पिछले माह कोल्हान प्रमंडल के कमिश्नर मनोज कुमार से मिले थे.

# बच्चों ने जाना गुड टच और बैड टच

**संवाददाता। जमशेदपुर**


बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में बताती रिसोर्स पर्सन.

मानगो स्थित आरवीएस अकादमी के सेफ क्लब ने सीआईआई यंग इंडियंस के साथ मिलकर मंगलवार को पहली से पांचवी कक्षा तक के छात्रों के लिए गुड टच और बैड टच पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया. यह सत्र बाल सुरक्षा पर जागरुकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया था. छात्रों को गलत और सही के बीच अंतर समझने में मदद करना और उन्हें शोषण से बचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था.

प्रत्येक बच्चे को यह सिखाया जाना चाहिए कि उनका शरीर उनका है और इसकी रक्षा करना उनका अधिकार है. इसे ध्यान में रखते हुए, रिसोर्स पर्सन डॉ रचना नायर और रश्मि कौंटिया ने बच्चों को यह सिखाने के लिए इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए कि नो टच क्षेत्रों की पहचान कैसे करें और समझें कि सुरक्षित वयस्क कौन हैं. किसी भी बुरी घटना के बारे में माता-पिता के साथ स्पष्ट रूप से कैसे संवाद करें. उन्होंने बच्चों को शुरुआती चरण से ही ऐसे खतरों को पहचानने, सुरक्षित रखने और उनसे बचाव करने में भी मदद के सम्बन्ध में भी चर्चा की. प्रिंसिपल वीशा मोहिंद्रा ने बाल सुरक्षा पर जागरिकता पैदा करने के लिए रिसोर्स पर्सन्स एवं सीआईआई यंग इंडियंस के प्रयासों की सराहना की. बहुमूल्य ज्ञान प्रदान करने के लिए प्राचार्य ने रिसोर्स पर्सन्स का आभार व्यक्त किया. कुल मिलाकर यह एक बहुत ही इंटरैक्टिव और दिलचस्प सत्र रहा. इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन बिन्दा सिंह, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल अनीता तिवारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

**किया जागरूक**
- नो टच क्षेत्रों की पहचान के बारे में बच्चों को बताया
- किसी भी बुरी घटना के बारे में माता से संवाद करें

### साइबर सुरक्षा के पहलुओं से अवगत हुए विद्यार्थी

**बोकारो।** साइबर क्राइम के दुष्परिणाम व इससे बचाव की जानकारी को लेकर डीपीएस बोकारो में 3 अक्टूबर को विशेष सत्र का आयोजित किया गया. इसमें अतिथि वक्ता के रूप में नई दिल्ली से पहुंचे चर्चित साइबर एक्सपर्ट दीपक कुमार ने कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कई तरह की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि साइबर अपराध आज के दौर में एक बड़ी चुनौती बन चुका है. उन्होंने कहा कि सोशल साइट्स अपनी बातें रखने व अनुभव साझा करने का सुंदर मंच है, परंतु इसका दुरुपयोग उचित नहीं है. सोशल मीडिया के फर्जी अकाउंट बनाकर पैसे ठगना, किसी की छवि खराब करना या अन्य तरह की जालसाजी भारी पड़ सकता है. उन्होंने फेसबुक, व्हाट्सएप्प व इंस्टाग्राम के अकाउंट हैक होने से बचने के तरीके और हैक होने के बाद के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी. इसके पूर्व विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने इसे आज के डिजिटल दौर की बड़ी समस्या बताई.

# अधूरा है विद्यालय पिहरा का भवन, लौट गया पैसा


गावां प्रखंड के पिहरा में अधूरा पड़ा प्राथमिक विद्यालय का भवन

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

गावां प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पिहरा का भवन वर्षों से अधूरा पड़ा है. स्कूल में कक्षा एक से 5वीं तक 100 से अधिक बच्चे नामांकित हैं. यहां दो शिक्षक पदस्थापित हैं. अधूरे भवन में ही जैसे-तैसे बच्चों की पढ़ाई चल रही है. भवन का निर्माण कार्य तीन वर्ष पहले शुरू हुआ था. दो मंजिला तक बनाकर ढलाई भी कर दी गई है, लेकिन प्लास्टर आदि का कार्य नहीं हो सका है.

ऊपरी मंजिल के कमरों में खिड़की, दरवाजे तक नहीं लग पाए हैं. फर्श की ढलाई भी नहीं हो पाई है. बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण मार्च में राशि वापस विभाग के फंड में चली गई. लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी राशि वापस स्कूल के खाते में नहीं आई है. जिसके कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है. भवन पूर्ण करवाने के लिए ग्रामीणों ने विभाग को आवेदन भी दिया, लेकिन कोई पहल नहीं की गई. प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र विश्वास ने कहा कि दोबारा आवंटन नहीं आने के चलते भवन अधूरा पड़ा है. विद्यालय प्रबंधन समिति ने विभाग को आवेदन देकर राशि उपलब्ध कराने की मांग की है. आवंटन आते ही निर्माण शुरू करवा दिया जायेगा.

**कार्यशाला** राष्ट्रीय कला मंच जमशेदपुर महानगर की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# हुनरबाज का आयोजन करेगा अब राष्ट्रीय कला मंच

**संवाददाता। जमशेदपुर**



राष्ट्रीय कला मंच जमशेदपुर महानगर की ओर से मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें मंच के अखिल भारतीय प्रमुख जेपी निरंजन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ कमलेश कुमार कम्लेन्दु, प्रांत संयोजक बापन घोष एवं विभाग संगठन मंत्री प्रताप सिंह ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर संयुक्त रूप से पुष्प अर्पित कर कार्यशाला की शुरुआत की. कार्यशाला में जमशेदपुर के सभी कॉलेजो से विभिन्न कला में रुचि रखने वाले 42 विद्यार्थी शामिल हुए. कार्यशाला में बताया गया कि राष्ट्रीय कला मंच के कार्य को गति प्रदान करने के लिए आगामी दिनों में सभी शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा.

इसके तहत विद्यार्थियों की कला को निखारने के लिए हुनरबाज कार्यक्रम और नवरात्रि के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिये डांडिया नाईट के आयोजन करने का निर्णय लिया गया. जेपी निरंजन ने कहा कि छात्रों की कला को निखारने के लिए राष्ट्रीय कला मंच एक बहुत बड़ा संगठन है. इसमे छात्र अपनी पढ़ाई के साथ ही अपने अंदर के कला को समाज के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं और कला के क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते हैं. कार्यक्रम में अमन ठाकुर, अभिषेक तिवारी, यश अग्रहरि, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय से आयुषी दास, प्रीति डांगर, ग्रेजुएट कॉलेज से अन्नपूर्णा मिश्रा, भूमि घोषाल, कोनिका भगत, वर्कर्स कॉलेज से शुभम राज, सौरभ ठाकुर, युवराज समेत अन्य उपस्थित थे.

**विद्यार्थी शामिल**
- आगामी दिनों में शिक्षण संस्थानों में आयोजन होगा
- राष्ट्रीय कला मंच एक बहुत बड़ा संगठन है

# टांगराईन उमवि में दीवार पत्रिका का हुआ विमोचन


मध्य विद्यालय में दीवार पत्रिका के साथ बच्चे एवं प्रधानाध्यापक

**संवाददाता। जमशेदपुर**

बच्चों में सृजनात्मक क्षमता की वृद्धि के लिए पोटका के टांगराईन स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों की ओर से तैयार मासिक दीवार पत्रिका 'दीया' का विमोचन मंगलवार को किया गया. पत्रिका का विमोचन प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दीवार पत्रिका बच्चों में रचनात्मक एवं सृजन क्षमता के विकास के लिए महत्वपूर्ण एवं उपयोगी गतिविधि है. इसके माध्यम से वो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं. इसका उद्देश्य बच्चों को कविता, रोचक कहानी एवं प्रेरक प्रसंग लिखने के लिए प्रेरित करना है. दीवार पत्रिका के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा को अन्य बच्चों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे.

▼ ब्रीफ खबरें

### पाइपलाइन बिछाने में भ्रष्टाचार हो रहा : पंसस

**गावां (गिरिडीह)।** गांवा प्रखंड की आदर्श ग्राम पंचायत सांख के राजपुरा गांव में जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई जा रही है. विभाग ठेकेदार के माध्यम से काम करवा रहा है. पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव नें कहा कि पाइपलाइन बिछाने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है. जमीनर में पर्याप्त गड्ढा न कर मात्र 6 से 7 इंच पर ही पाइप को डाला जा रहा है. इसके चलते पाइप पानी का बहाव नहीं सह पा रहा है और उखड़कर जहां-तहां बिखरा पड़ा है. इसके विरोध में ग्रामीणों ने मंगलवार को कार्य स्थल पर जमकर प्रदर्शन किया.

### युवा मोर्चा ने बोकारो स्टील प्रबंधन का फूंका पुतला

**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा की ओर से बिरसा चौक में 3 अक्टूबर को बोकारो प्रबंधन का पुतला दहन किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के केंद्र अध्यक्ष ललित नारायण ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट को विस्थापित अपनी जमीन देकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिए लेकिन आज उनके वंशज बेरोजगारी व पलायन का दंश झेल रहे हैं. कहा कि आने वाले 13 अक्टूबर को 6 सूत्री मांग को लेकर विस्थापित रैयत पारंपरिक हथियार के साथ बिरसा चौक से गांधी चौक सेक्टर 4 तक रैली निकालेंगे.

### किसान महासभा ने की भूख हड़ताल

**लातेहार।** मनिका प्रखंड में किसान महासभा ने एक दिवसीय भूख हड़ताल की. यह भूख हड़ताल शहीद किसानों को मुआवजा दिलाने, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में भाजपा नेता के द्वारा किसानों को गाड़ी से रौंदने में हुई मौत के दोषियों को आजीवन कारावास व पीड़ित परिवारों को मुआवजा व नौकरी देने की मांग को ले कर की गयी थी. एवाईए मजदूर आइसा ने इस हड़ताल को अपना समर्थन दिया. भाकपा माले के जिला सदस्य अजय यादव ने किया. इससे पहले कार्यक्रम स्थल में बाबा साहब भीमराव अंबेडर की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया.

### बोकारो में वाम दलों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**बोकारो ।** वामपंथी पार्टियों व जनसंगठनों की ओर से देशभर में लखीमपुर खीरी में किसानों का हत्या के आरोपित भाजपा नेता टेनी को मंत्री पद से हटाने का आंदोलन किया गया. इस मामले को लेकर 3 अक्टूबर को देशभर में काला दिवस मनाया गया. शहर के नया मोड बिरसा चौक पर सभा हुई. वक्ताओं ने कहा कि मोदी की सरकार किसानों के संगठनों से जो समझौता की लेकिन उसे लागू नहीं कर रही है. किसानों के फसल का न्यूनतम लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है. सभा में गयाराम शर्मा, पीके पांडेय, राजेंद्र प्रसाद यादव, बीड़ी प्रसाद, देवदीप सिंह आदि मौजूद रहे.

### एक पंचायत, एक रात कार्यक्रम शुरू होगा

**गिरिडीह।** कांग्रेस कार्यालय में 3 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर संगठन को सशक्त करने पर चर्चा की गई. बैठक में जिलेभर के प्रखण्ड अध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधि, प्रदेश के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए. पार्टी संगठन को मजबूती देने के लिए आयोजित इस बैठक में देर तक कई कार्यकर्ता यह शिकायत करते देखे गए कि पार्टी के अंदर उन्हें तरजीह नहीं दी आ रही है. जमुआ प्रखंड के कार्यकर्ता इस बात से खासे नाराज थे कि उनकी बातें सुनी नहीं जाती. नाराज कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने मनाकर शांत किया.

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने मंत्री से की भेंट

**मझगांव।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मंत्री जोबा माझी से उनके आवास पर मुलाकात की. इस दौरान समिति के सदस्यों ने उन्हें अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. संघर्ष समिति के मझगांव प्रखंड सचिव शाहिद अहमद व उनके साथ मौजूद झामुमो के प्रखंड सचिव जरीफ अहमद ने कहा कि झारखंड अलग राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले संघर्ष मोर्चा के लोग आज सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं. झारखंड गठन हुए 23 वर्ष हो चुके है, लेकिन आज तक आंदोलनकारी को सरकार की ओर से कोई सुविधा प्रदान नहीं की गई है.

---

**जमकर नारेबाजी :** गांधी जयंती पर कांग्रेस के दफ्तर में भूख हड़ताल की थी पारा शिक्षकों ने

# झामुमो कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे पारा शिक्षक

**संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के तत्वावधान में सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) मंगलवार को रांची के हरमू स्थित जेएमएम कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना दे दिया. इस दौरान पारा शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की. उनकी मांग है कि सीएम हेमंत सोरेन ने जो वेतनमान देने का वादा किया था, वह पूरा करें.

जानकारी के अनुसार, पारा शिक्षक कार्यालय के अंदर धरना देने वाले थे. लेकिन जब वे अंदर वार्ता के लिए गए, तो उन्हें बाहर निकाल दिया गया. जिसके बाद पारा शिक्षक कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए. इससे पहले पारा शिक्षक 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर कांग्रेस कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठे थे.



**दिया धरना**

- सीएम ने जो वेतनमान का वादा किया था, पूरा नहीं हुआ
- वार्ता के लिए झामुमो दफ्तर के अंदर गए, निकाला गया

### बिना इजाजत कार्यालय में जाना उचित नहीं : विनोद पांडे

शुभम संदेश के संवाददाता ने इस मामले में जेएमएम नेता और समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडे से बात की, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है. विनोद पांडे ने कहा कि अगर बिना इजाजत किसी के कार्यालय में कोई समूह में आता है, तो पुलिस बाहर जाने के लिए कहेगी ही. आगे कहा कि पांच पारा शिक्षकों को वार्ता के लिए बुलाया गया था. लेकिन वह नहीं आए. आगे कहा कि किसी पार्टी कार्यालय के सामने नारेबाजी और धरना देना कहीं से भी उचित नहीं है.

### पारा शिक्षकों की समस्या का नहीं हुआ है समाधान

बता दें कि झारखंड में लगभग 62000 शिक्षक कार्यरत हैं. पारा शिक्षक अपनी मांगों को लेकर आये दिन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करते हैं. लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ. पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो ने 2021 में नियमावली बना कर पारा शिक्षक का नाम बदलकर सहायक अध्यापक किया था. जगन्नाथ महतो ने मानदेय वृद्धि, वेतनमान के समतुल्य मानदेय भविष्य निधि समेत अन्य सुविधाएं देने का वादा किया था.

---

**आओ जानें**

### जमुआ से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | राजद | बदलेव हाजरा |
| 2005 | भाजपा | केदार हाजरा |
| 2009 | झाविमो | चंद्रिका महथा |
| 2014 | भाजपा | केदार हाजरा |
| 2019 | भाजपा | केदार हाजरा |



---

**दंगल 2024 :** सिंहभूम सीट को लेकर कांग्रेस-झामुमो में खींचतान

# फायदा उठा सकती है भाजपा

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

2024 के चुनावी दंगल में झारखंड के सिंहभूम लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला होने वाला है. कांग्रेस की सिटिंग सीट पर झामुमो ने इस बार अपना दावा ठोंक दिया है. झामुमो का तर्क है कि सिंहभूम लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली 6 विधानसभा सीटों में से 5 झामुमो के पास है. इसलिए इस सीट पर उसकी उसकी मजबूत दावेदारी है. सिंहभूम में झामुमो के सभी और कार्यकर्ता इस सीट को लेकर जिद पर अड़े हैं. वहीं कांग्रेस अपनी सिटिंग सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है.

दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने इसे लेकर अबतक कोई फैसला नहीं लिया है. उधर भाजपा सिंहभूम पर दोबारा कब्जा जमाने के लिए कोई बड़ा चेहरा ढूंढ़ रही है. सिटिंग सांसद गीता कोड़ा की इस सीट पर सबसे मजबूत दावेदारी है. उधर झामुमो के विधायक दीपक बिरुआ, दशरथ गगराई, सुखराम उरांव यहां प्रबल दावेदार हैं. भाजपा से अर्जुन मुंडा जेबी तुबिद, बड़कुंवर गगराई, शशिभूषण सामड और मालती गिलुआ यहां मजबूत दावेदार हैं.

### क्या हो सकता है 2024 का समीकरण

इंडिया गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस या झामुमो को मिलेगा यह सीट शेयरिंग के वक्त साफ हो जाएगा। कांग्रेस या झामुमो में किसी एक ही पार्टी के पास यह सीट जाएगा. ऐसे में चुनाव के वक्त वहां कांग्रेस-झामुमो के बीच टकराव की स्थिति बनेगी. इसका फायदा पूरी तरह से भाजपा को मिलेगा. दूसरी तरफ एक और नया समीकरण तैयार हो रहा है. चर्चा है कि भाजपा कोड़ा दंपति को अपने पाले में करने की कोशिश कर रहा है. यह चर्चा इसलिए है क्योंकि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर गीता कोड़ा ने विरोध किया था. इस वजह से कांग्रेस और झामुमो के नेतृत्व भी उनसे नाराज है. इस नाराजगी का असर चुनाव के वक्त दिख सकता है. ऐसे में भाजपा इस मौके को हाथ से नहीं जाने देना चाहेगी. वैसे भी सिंहभूम में लक्ष्मण गिलुआ की मौत के बाद भाजपा के पास कोई बड़ा नेता नजर नहीं आ रहा है. अगर गीता कोड़ा भाजपा के पाले में आ गईं तो ठीक है, नहीं तो भाजपा इस बार वहां अर्जुन मुंडा पर भी दांव खेल सकती है. अर्जुन मुंडा खूंटी से सांसद हैं, लेकिन वे इस बार खूंटी से चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे हैं.

### लोकसभा और सभी 6 विस सीटें एसटी सुरक्षित

दो जिलों सिंहभूम और सरायकेला में फैला सिंहभूम लोकसभा सीट एसटी सुरक्षित है. इसके अंतर्गत आने वाले 6 विधानसभा सीट भी एसटी सुरक्षित हैं. सिंहभूम के 5 विधानसभा सीट (चाईबासा, मनोहरपुर, मझगांव, जगरनाथपुर और चक्रधरपुर) चाईबासा जिले में आते हैं, जबकि एक सीट (सरायकेला) सरायकेला-खरसावां जिले में हैं. क्षेत्र में हो और उरांव जनजातियों की सबसे अधिक संख्या है. इनके ही वोट निर्णायक होते हैं. 6 सीटों में से 5 झामुमो और एक कांग्रेस के कब्जे में है.

### मुख्य बातें

- लोकसभा क्षेत्र में एसटी आबादी 58.72 फीसदी है.
- एससी आबादी 4.06 प्रतिशत है.
- 77.74 फीसदी आबादी ग्रामीण जनसंख्या है.
- 22.26 फीसदी लोग शहरी क्षेत्र में रहते हैं.
- 1957 से 1977 तक 5 बार झारखंड पार्टी यहां से जीती.
- 1980 से 2019 तक कांग्रेस 6 बार यहां कब्जा जमाई.
- तीन बार (1996, 1999, 2004) भाजपा यहां से जीती.
- माइनिंग और कृषि यहां के अर्थव्यवस्था का केंद्र है.
- लोकसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे हावी होते हैं.

### पिछले 4 चुनावों में क्या हुआ

| वर्ष | जीते | हारे | अंतर |
|---|---|---|---|
| 2019 | गीता कोड़ा (कांग्रेस) | लक्ष्मण गिलुआ (भाजपा) | 8% |
| 2014 | लक्ष्मण गिलुआ (भाजपा) | गीता कोड़ा (जेबीएसपी) | 11% |
| 2009 | मधु कोड़ा (निर्दलीय) | बड़कुंवर गगराई (भाजपा) | 15% |
| 2004 | बागुन सुंब्रई (कांग्रेस) | लक्ष्मण गिलुआ (भाजपा) | 12% |

### सिंहभूम में कब-किस पार्टी का रहा कब्जा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 1957 | झारखंड पार्टी | शंभु चरण |
| 1962 | झारखंड पार्टी | हरिचरण सोय |
| 1967 | झारखंड पार्टी | कोलाई बरुआ |
| 1971 | झारखंड पार्टी | मोरन सिंह पूर्ति |
| 1977 | झारखंड पार्टी | बागुन सुंब्रई |
| 1980 | कांग्रेस | बागुन सुंब्रई |
| 1984 | कांग्रेस | बागुन सुंब्रई |
| 1989 | कांग्रेस | बागुन सुंब्रई |
| 1991 | झामुमो | कृष्णा मरांडी |
| 1996 | भाजपा | चित्रसेन सिंकू |
| 1998 | कांग्रेस | विजय सिंह सोय |
| 1999 | भाजपा | लक्ष्मण गिलुआ |
| 2004 | कांग्रेस | बागुन सुंब्रई |
| 2009 | निर्दलीय | मधु कोड़ा |
| 2014 | भाजपा | लक्ष्मण गिलुआ |
| 2019 | कांग्रेस | गीता कोड़ा |

---

**लातेहार के बालूमाथ में विधानसभा स्तरीय जनसभा आयोजित**

# भ्रष्ट सरकार के बॉस हैं हेमंत : मरांडी

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

भाजपा की संकल्प यात्रा के सातवें चरण मे मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बालूमाथ पहुंचे. उन्होंने यहां जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान में जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला. कहा कि हेमंत सरकार फाइल और फोल्डर वाली भ्रष्ट सरकार है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस भ्रष्ट सरकार का बॉस बताया. अगर हेमंत सोरेन खुद को पाक साफ समझते हैं, तो ईडी के समन पर हाजिर क्यों नहीं हो रहे हैं. भाजपा नेता ने झारखंड बनने के बाद अब तक की सबसे भ्रष्ट व असफल सरकार करार दिया. सरकार बालू, पत्थर, कोयला, लोहा तस्करों को संरक्षण दे रही है. पुलिस के माध्यम से वसूली में लगी है.

**मोदी सरकार की सराहना की :** बाबूलाल मरांडी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार की सराहना की. उन्होंने उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, आवास योजना, पेंशन योजना, गरीबों के लिए राशन के साथ-साथ महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को नरेंद्र मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया. आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव एवं झारखंड के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार केंद्र एवं राज्य में बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया.



बाबूलाल का माला पहना करस्वागत करते बीजेपी नेता.

### भाजपा की संकल्प यात्रा

इंडिया गठबंधन पर बाबूलाल ने कहा कि परिवार और भ्रष्टाचार के संरक्षण के लिए यह गठबंधन बनाया गया है. इससे पूर्व भाजपा लातेहार जिला कमेटी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को माल्यार्पण कर, पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया गया. स्वागत भाषण लातेहार जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह ने दिया. कार्यक्रम को पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश राम व प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने किया.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पलामू दौरे पर

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पलामू दौरे को लेकर बैठक की. बैठक में बीडीओ, सीओ समेत जिला के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को मेदिनीनगर आ रहे हैं. मुख्यमंत्री चियांकी के गणके में मेधा डेयरी प्लांट का उद्घाटन करेंगे. बैठक में उपायुक्त शशि रंजन ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की. उन्होंने विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपा. उन्होंने भवन निर्माण के अभियंता को स्टेज की गुणवत्ता व चिंयाकी हेलीपैड को लेकर निर्देशित किया.

# गोमिया में गैरमजरूआ जमीन की रसीद जारी हो : रामचंद्र

**संवाददाता। बेरमो**

सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर के नेतृत्व में अखिल भारतीय किसान सभा व विस्थापित संघर्ष समिति ने 3 अक्टूबर को गोमिया अंचलाधिकारी से मिलकर 27 सूत्री ज्ञापन सौंपा. रामचंद्र ठाकुर ने सीओ से कहा कि जल्द वार्ता बुलाकर सभी पर विचार कर पूरा करें. गोमिया में किसानों, विस्थापितों व असंगठित मजदूरों से संबंधित अनेकों समस्याएं हैं, जिनका समाधान प्रशासन की जिम्मेवारी है. उन्होंने अंचल में सभी गैरमजरूआ जमीन की रसीद निर्गत करने की भी मांग की. ज्ञापन में गोमिया रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने, विस्थापितों को मुआवजा की गारंटी देने की मांगें शामिल हैं. मौके पर विनय महतो, लखन महतो, घनश्याम महतो, पुराण मांझी, चमन प्रजापति, अजय कुमार आदि मौजूद थे.



---

# कांग्रेस ने मांगों को लेकर दिया धरना

- स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी देने की मांग, चक्का जाम की चेतावनी दी

**संवाददाता। पुटकी**



कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को बीसीसीएल गोपालीचक पैच 2 में कार्यरत एसटीजी आउटसोर्सिंग कंपनी के समक्ष स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन व अन्य मांगों को लेकर धरना दिया. नेतृत्व अजय पासवान ने किया. नियोजन ना मिलने पर चक्का जाम की चेतावनी दी गयी है. मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के महासचिव राज कुमार महतो व असलम मंसूरी भी मौजूद थे. धरना को संबोधित करते हुए राजकुमार महतो ने कहा कि पार्टी को आउटसोर्सिंग कंपनी से विरोध नहीं है. लेकिन कंपनी बाहरी लोगों को नियोजन देकर स्थानीय लोगों का हक मार रही है. पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि स्थानीय व ओसीपी के निकट रहनेवालों को 75 % नियोजन नहीं दिया गया तो कंपनी का चक्का जाम कर दिया जाएगा.

भारी वर्षा के बाद भी धरना को सफल बनाने में कार्यकर्ता डटे रहे. कहा कि कम्पनी से प्रभावित व नजदीकी ग्रामीणों को नियोजन देना होगा. मौके पर असलम मंसूरी, शाहरुख खान,अजय पासवान, इस्तखार, मो मुर्तजा अंसारी,आलम पासवान, कुंदन पासवान, राहुल पासवान, भोलू पासवान, अनूप पासवान, रवि यादव, रोशन राजवर, विकास पासवान, मिथिलेश राजवर, गणेश पासवान, डब्लू अंसारी विक्की रवानी आदि मौजूद रहे.

# घाना के 6 दिनी दौरे पर स्पीकर, देंगे वक्तव्य

**गांधी और क्वामे न्क्रुमा के विचारों को जी रहे भारत और घाना : महतो**

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड के विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो पश्चिम अफ्रीका की राजधानी घाना के अकरा के दौरे पर हैं. अपने 6 दिवसीय दौरे पर वे 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक में हिस्सा लेने आये हैं. सोमवार को उन्होंने घाना के कोफी अन्नान सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की. इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत और घाना दोनों ही विश्व में लोकतंत्र के ध्वजवाहक हैं. जहां एक ओर भारत महात्मा गांधी के विचारों की अलख पूरी दुनिया में जला रहा है, वहीं दूसरी ओर क्वामे न्क्रुमा द्वारा स्थापित लोकतंत्र को घाना मजबूती से आगे बढ़ा रहा है.



### कोफी अन्नान का भी है महत्वपूर्ण योगदान

उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ समय के लिए घाना में सैन्य शासन रहा, लेकिन पिछले 30 वर्षों से यहां लोकतंत्र कायम है, वहीं भारत में लगातार 75 वर्षों से लोकतंत्र कायम है. कहा कि विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव कोफ़ी अन्नान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. राष्ट्रमंडल संसदीय संघ विश्व का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा संसदीय राष्ट्रों का गठबंधन है. पूरे विश्व में संसदीय व्यवस्था को और कारगर और लोक हितकारी बनाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है.

**अफ्रीका दौरा**

- 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक में लेंगे हिस्सा
- कोफी अन्नान सूचना केंद्र में बापू की प्रतिमा को किया नमन

### तीन विषयों पर अपने विचार रखेंगे स्पीकर

स्पीकर सम्मेलन में ऊर्जा संकट और पर्यावरण संरक्षण, संसद में महिला आरक्षण का महिला सशक्तिकरण में योगदान व ई संसद के माध्यम से संसदीय प्रक्रिया को और कारगर बनाने पर विचार रखेंगे.

---

**अलग अंदाज** कसमार के करमा में मृत कुरबान व भूखल घांसी के परिजनों से मिले

# गरीबों का हाल जानने सुदूरवर्ती गांव पहुंचे माधवलाल

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**

झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व गोमिया के पूर्व विधायक माधवलाल सिंह हर साल गांधी जयंती अपने खास व अनोखे अंदाज में मनाते हैं. इस बार 2 अक्टूबर की देर रात वे कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत के सुदूरवर्ती करमा शंकरडीह गांव पहुंचे. यहां उन्होंने बीते दिनों बिजली ट्रांसफॉर्मर में करंट से मृत कुरबान अंसारी के परिजनों की सुध ली. उन्होंने मृतक की पत्नी नईमा खातून व पिता रफीक अंसारी से मिलकर माधवलाल ने घटना की पूरी जानकारी ली.

मौके पर ही उन्होंने मृतक के परिजन को सरकारी मुआवजा शीघ्र दिलाने को लेकर विभागीय अधिकारियों से बात की. उन्होंने मृतक के 9 वर्षीय बेटा दानिश अंसारी व 7 वर्षीया बेटी नफीसा परवीन को राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग से मिलनेवाली स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने को लेकर आवश्यक पहल करने का निर्देश अपने कार्यकर्ताओं को दी. माधवलाल ने अभी तक मृतक का पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट नहीं मिलने पर सिविल सर्जन से भी बात की. उन्होंने मृतक की पत्नी को कपड़े, फल, बिस्किट समेत आर्थिक सहायता दी.



पीड़ित परिवार को सहायता राशि सौंपते पूर्व मंत्री माधवलाल.

### पीड़ित के घर रात 12 बजे दी दस्तक

इस दौरान माधवलाल सिंह ने इस टोले में अन्य कई गरीबों का दुख-दर्द सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. इसके बाद वे तीन साल पूर्व मुफलिसी व गरीबी से मृत भूखल घांसी व उनके दो बेटे बेटी की मौत के मामले में भी परिजनों से मिलने रात 12 बजे उनके दरवाजे पर दस्तक दी. उन्होंने भूखल की पत्नी को कपड़े, फल, बिस्किट व आर्थिक सहायता दी. इसके बाद वे इसी गांव में गेंदलाल महतो से भी मिलकर उनकी पत्नी की असामयिक मृत्यु की जानकारी लेते हुए सहायता दी. इस अवसर पर सुनील कपरदार, दिलीप जायसवाल, सौरभ राय, आकाश कुमार, संजय ठाकुर, सूरज मुंडा, छोटू कुमार, प्रकाश यादव, राजकुमार यादव, रोहित यादव, रफीक अंसारी, डॉ ललित साव, मजबूल अंसारी, तस्लीम अंसारी, गुलाम, आलम, इसराइल, मोइन, जसीम, उपमुखिया तुलसीदास महतो, सिद्धेश्वर महतो, नूनबाबू अंसारी व अन्य लोग मौजूद थे.

# लखीमपुर खीरी घटना की बरसी पर मनाया काला दिवस



**संवाददाता। गिरिडीह**

लखीमपुर खीरी में दर्दनाक किसान हत्याकांड की बरसी पर 3 अक्टूबर को स्थानीय झंडा मैदान में ''संयुक्त किसान मोर्चा'' के बैनर तले धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने की व संचालन मुस्तकीम अंसारी ने किया. इन नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों से गद्दारी की है. घोषणा के बावजूद शहीद किसानों के मुआवजा व पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई साथ ही किसानों पर थोपे गए झूठे केस वापस नहीं लिए गए. एमएसपी लागू नहीं कर किसान-मजदूरों की जिंदगी तबाह कर दी गई. कार्यक्रम की शुरुआत शहीद किसानों को श्रद्धांजलि देकर की गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि अपनी तबाही का बदला लेने के लिए किसान मजदूर एकजुट हो रहे हैं.

## सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश की आशंका

# पूरे सप्ताह राज्य में बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

संवाददाता। रांची

राज्य में पूरे सप्ताह यानी 8 अक्टूबर तक गरज के साथ हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है. मौसम विभाग ने 5 अक्टूबर तक लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है. बुधवार को भी राज्य के सभी हिस्सों में बारिश की सभावना जाहिर की गई है. जिन इलाकों में बारिश की ज्यादा संभावना है, उनमें सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम सहित कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है. इसी तरह मौसम का मिजाज 8 अक्टूबर तक बना रह सकता है.



### कैसा रहेगा मौसम का मिजाज

मौसम विभाग ने वज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया है. राज्य के कई हिस्सों में वज्रुपात से नुकसान हुआ है. मौसम विभाग ने इस दौरान लोगों से सतर्क रहने की अपील की है. तेज बारिश के दौरान पेड़ के नीचे रहने, बिजली के खंभे के नीचे रहने और बारिश में फोन के इस्तेमाल करने से मना किया है. राजधानी रांची में भारी बारिश की वजह से सड़कों पर भी पानी भरा है. 6 से लेकर 8 अक्टूबर तक बारिश की संभावना है, लेकिन इसके लिए अभी किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया है.

### कहां कितनी हुई बारिश

राज्य में पिछले 24 घंटे में कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है. सबसे अधिक 191.5 मिलीमीटर बारिश गढ़वा के भवनाथपुर में हुई. सरयू में 13.0, हजारीबाग में 12.6, केतार में 12.0, बरडीहा में 114.2, शियालचक में 98.5, लातेहार में 92.6, कांके में 84.4, बोकारो में 76.6, बोकारो थर्मल में 75.6, धुरकी में 2.5 और चंद्रपुरा में 68 मिलीमीटर बारिश हुई. डाल्टनगंज में 62.8, कांडी में 62.7, डुमरी में 60, नंदडीह में 59.6, मांडू में 58.7 और तुलाडीह में 56.3 मिलीमीटर बारिश हुई. इस दौरान रांची में भी 46.4 मिलीमीटर बारिश हुई. खलारी में 44.2, गढ़वा में 44, रामगढ़ में 43.2, तोरपा में 40.2, रामगढ़ में 43.2 बरही में 36.6, मांडर में 36.2, तिलैया में 34, बबोकारो में 23, सिमडेगा में 18.5 और सहिबगंज में 3.5 मिलीमीटर बारिश हुई.

## दो माह से राशन नहीं बीडीओ से की शिकायत

**लातेहार।** बरवाडीह के हरातू पंचायत के डीलर सहादुर सिंह पर कार्ड धारकों ने सितंबर और अगस्त माह का राशन नहीं देने का आरोप लगाया है. इसे लेकर ग्रामीण जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को बीडीओ ऑफिस पहुंचे. यहां उन्होंने बीडीओ राकेश सहाय और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण से इसकी शिकायत की. कहा कि अगर शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गयी तो दस अक्टूबर को चक्का जाम किया जायेगा. मौके पर ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. जिप सदस्य ने कहा कि दुकानदार सहादूर सिंह हरात पंचायत के रमनदाग एवम मुंडू के सैकड़ों कार्ड धारकों का अगस्त एवम सितंबर दो माह का राशन अंगूठा लगाने के बाद भी नहीं दे रहा.

आओ जानें

## 2022 में बदले हुए नए नाम

| पुराना नाम | नया बदला हुआ नाम |
|---|---|
| हबीबगंज रेलवे स्टेशन | रानी कमलापति रेलवे स्टेशन |
| मिड-डे-मील योजना | पीएम पोषण योजना |
| फैजाबाद स्टेशन | अयोध्या कैंट स्टेशन |
| पातालपानी स्टेशन | टंट्या भील स्टेशन |
| फेसबुक कंपनी | मेटा |
| मोटेरा स्टेडियम | नरेंद्र मोदी स्टेडियम |
| इकाना स्टेडियम | अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम |
| हुबली रेलवे स्टेशन | श्री सिद्धारूढ़ा स्वामी स्टेशन |
| हिसार हवाई अड्डा | महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा |
| मियों का बाड़ा रेलवे स्टेशन | महेश नगर हॉल्ट |
| ड्रैगन फ्रूट (गुजरात सरकार) | कमलम |
| औरंगाबाद | संभाजी नगर |
| कांडला बंदरगाह | दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह |
| व्हीलर द्वीप (उड़ीसा) | अब्दुल कलाम द्वीप |
| हावड़ा-कालका मेल एक्सप्रेस | नेताजी एक्सप्रेस |
| रोहतांग सुरंग (हिमाचल प्रदेश) | अटल सुरंग |
| इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) | प्रयागराज |
| होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) | नर्मदापुरम |
| मानव संसाधन विकास मंत्रालय | शिक्षा मंत्रालय |
| डिक्की बंदी स्टेडियम (मेघालय) | पी ए संगमा स्टेडियम |

## भेंडरा पंचायत में घर गिरने से महिला की मौत, बच्ची घायल, नदियां उफान पर

# बारिश का कहर, कई घर गिरे

संवाददाता। बोकारो

पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने बोकारो जिले के कई प्रखंडों में जमकर कहर बरपाया है. इस बारिश में कई ग्रामीण बेघर हो गए हैं. दो दिन पूर्व नावाडीह प्रखंड के भेंडरा पंचायत के वार्ड नंबर 10 रविदास टोला में एक घर ढहने से उसके मलबे में दबकर स्व. जेटल रविदास की पत्नी रेशमी देवी (49 वर्षीया) की मौत हो गयी. इस घटना में एक तीन साल की मासूम बच्ची अनुष्का कुमारी भी घायल हो गयी थी. बारिश में जिले में गरगा डैम से लेकर तेनुघाट डैम का जलस्तर बढ़ गया है. बारिश के कारण बोकारो जिले की प्रमुख नदी दामोदर, गरगा, खांजो, गुवाई, इजरी, कोनार, बोकारो समेत कई नाले उफान पर है. तेनु डैम व गरगा डैम किनारे रहने वाले लोग गेट खोले जाने से भयभीत हैं. वहीं बारिश के नहीं थमने से सैकड़ो कच्चे व खपरैल घरों में रहने वाले लोग दहशतजदा हैं.

**कई लोगों के घर गिरे, आपदा राहत की मांग :** जानकारी के अनुसार बारिश में 2 अक्टूबर को कसमार प्रखंड के दांतू उपरकुल्ही निवासी झरी नायक का कच्चा खपरैल मकान गिर गया, जिसमें घर के अंदर रखे सारे बर्तन व कपड़े सहित अन्य सामान बर्बाद हो गए. वहीं कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत के करमा गांव के पुरनाडीह टोला निवासी राजू महतो की पत्नी गीता देवी का कच्चा खपरैल मकान बारिश में गिर गया. इससे यह परिवार बेघर हो गया है. दांतू व करमा में घर गिरने की सूचना पर मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य समेत अन्य ने परिवारों को आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से की है.



क्षतिग्रस्त हुए आवास.

### बारिश से गिरे दो मकान, सारा सामान बर्बाद



**चांडिल।** चार दिनों से रूक-रूककर हो रही बारिश कई लोगों के लिए आफत बन गई है. लगातार हो रही बारिश के कारण जहां जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वहीं कच्चे और कमजोर मकान भी ढहने लगे हैं. बारिश के कारण सोमवार की शाम चांडिल प्रखंड के झाबरी में दो मकान गिर गए. दिनभर रूक-रूककर हुई बारिश के कारण झाबरी में मंगल चंद्र सिंह और सुकुमार सिंह का खपरैल का मकान गिर गया. हालांकि मकान गिरने के दौरान परिवार के किसी सदस्य को चोट नहीं लगी है. उस दौरान दोनों परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने घर में ही थे. मकान गिरने के कारण दोनों परिवार के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है. मकान ढहने के बाद दोनों परिवार के समक्ष रहने की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है. सोमवार की रात दोनों परिवार के सदस्यों ने तिरपाल तान कर रात गुजारी. बताया गया कि बारिश के कारण मंगल चंद्र सिंह का मकान गिर गया. मंगल के मकान के गिरने के दौरान उसकी चपेट में आकर सुकुमार सिंह का मकान भी गिर गया. मकान पुराना और कमजोर हो गया था. इसके कारण मकान के अंदर रखे घर-गृहस्थी के सभी सामान बर्बाद हो गये. सामान के साथ खाने का राशन और बर्तन भी बर्बाद हो गये. मंगलवार की सुबह इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली.

### गांडेय में घर की दीवार गिरी, दबकर हुई मौत

**गांडेय।** लगातार हो रही बारिश में गांडेय प्रखंड के केराडीह में कच्चा घर की दीवार गिरने से उसमें दबकर घर के मालिक घुट्टा मरांडी की मौत हो गई. सोमवार की दोपहर घुट्टा मरांडी खाना खाने के बाद अपने पुराने घर में आराम कर रहे था. तभी घर की दीवार गिर गई, जिसमें वह दब गया. पड़ोसियों की मदद से उसे मलबे से निकालकर गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल गिरिडीह ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे धनबाद रेफर कर दिया. धनबाद ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. गांडेय थाना प्रभारी साकेत प्रताप देव ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया. घर के एकमात्र कमाऊं सदस्य की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. घुट्टा मरांडी की इकलौती पुत्री पूनम कुमारी ने कहा कि बारिश ने उसके पिता की जान ले ली. इंटर साइंस सेकेंड इयर में पढ़ाई कर रही पूनम को भविष्य की चिंता है. उसने कहा कि अब पढ़ाई कैसे पूरी कर पाएगी. पिता की कमाई से घर का राशन से लेकर पढ़ाई तक का खर्च चलता था. उसने सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है. झामुमो युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष फरदीन इम्तियाज अहमद ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद भी की. मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुरेश मुर्मू, समाजसेवी दुर्गा मंडल आदि मौजूद थे.



मृतक घुट्टा मरांडी की फाइल फोटो

### ढहा आदिवासी का घर, पीएम आवास भी नहीं मिला

**धनबाद।** चार दिनों की लगातार बारिश में कच्चा आशियाना ढह गया व अजित सोरेन का परिवार बेघर हो गया. आदिवासी परिवार ने जनवरी में ही पीएम आवास के लिए आवेदन दिया था, जो अब तक नहीं मिला. रानी रोड के डुंगरीधार मोड़ स्थित मांझी बस्ती में अजित का कच्चा मकान ढह चुका है, जिससे परिवार के पांच लोगों को सिर छिपाना भी मुश्किल हो गया है. भुक्तभोगी ने बताया कि बारिश में जब दीवारें दरकने लगी तो दूसरे कमरे में परिवार के सभी लोग एक साथ रहने को मजबूर हैं. उसकी पत्नी सुनीता ने कहा कि उसका परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है. जनवरी महीने में ही पीएम आवास के लिए आवेदन दिया था. उन्होंने बताया कि जिस कमरे में रह रही हैं, वह भी काफी कमजोर है. पूरा परिवार डर के साये में जीने को मजबूर हैं. सुनीता ने बताया कि घर की दीवार और छत गिरे करीब 24 घंटे हो गए पर अब तक किसी ने उसके परिवार की सुधि नहीं ली है. आदिवासी सरकार द्वारा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, परंतु अजित सोरेन को उसका लाभ नहीं मिल रहा है.

## भारी वर्षा की वजह से बोलानी टाउनशिप की सड़क धंसी



संवाददाता। किरीबुरु

लौहांचल व सारंडा क्षेत्र में लगातार जारी वर्षा से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है. इसी क्रम में सेल के बोलानी टाउनशिप क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर के पीछे से संतोषी मंदिर की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क भी भारी वर्षा की वजह से धंस गई है. लगातार बारिश के कारण धंसे सड़क के गड्ढे बढ़ते ही जा रहे है. इस सड़क व गड्ढे को जल्द ठीक नहीं किया गया तो हनुमान मंदिर की दीवार गिरने की पूरी संभावना है. इस सड़क से दर्जनों राहगीर रात-दिन पैदल अथवा वाहन से आते-जाते हैं. सड़क में जानलेवा गड्ढे को देख मानवाधिकार परिषद जोड़ा प्रखंड अध्यक्ष नवी अहमद ने बोलानी सेल के सिविल विभाग कार्यालय में इसकी सूचना दी है.

## झारखंड में 152 बीडीओ का तबादला, अधिसूचना जारी

संवाददाता। रांची

झारखंड के 152 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) की ट्रांसफर-पोस्टिंग की गई है. ग्रामीण विकास विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. जारी अधिसूचना के अनुसार मोहम्मद जहीर आलम को गोविंदपुर, शैलेंद्र कुमार चौरसिया को टुंडी, फणीश्वर राजवर को तोपचांची, जयप्रकाश नारायण को कालिया सोल, सुषमा आनंद को बाघमारा, कुमुद झा को तोरपा, प्रशांत डांग को रनिया, सुलेमान मुंदरी को मुरहू, गणेश महतो को अड़की, स्मिता नगेसिया को कर्रा, ज्योति कुमारी को खूंटी सदर, ईश्वर दयाल कुमार महतो को चंद्रपुरा बोकारो, महादेव कुमार महतो को गोमिया, संतोष कुमार महतो को पेटरवार जयपाल महतो को जरीडीह, अनिल कुमार को कसमार, गौतम कुमार को जयनगर, सुमन गुप्ता को कोडरमा सदर, समीर रनियार खलको को सिमडेगा सदर, वीरेंद्र किंडो को कोलेबिरा, नईमुद्दीन अंसारी को बानो, कमलेश कुमार सिंह को जमुआ, का बीडीओ बनाया गया है.

### ब्रीफ खबरें

### संकल्प सप्ताह के तहत सीएचसी में लगा शिविर

**जमुआ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमुआ में मंगलवार को संकल्प सप्ताह के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण महतो ने किया. बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क जांच का लाभ उठाया. शिविर में नियमित टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य जांच, बाल स्वास्थ्य एवं पोषण परामर्श, हीमोग्लोबिन जांच, परिवार नियोजन परामर्श, आखों की जांच, मलेरिया, हाथी पांव, कुष्ठ, टीबी आदि की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई.

### पत्रकारों के घर छापेमारी पर एडवा ने जताई चिंता

**सिंदरी।** भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) सिंदरी अध्यक्ष अनिल शर्मा और अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) सिंदरी नगर अध्यक्ष रानी मिश्रा ने न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों व लेखकों के घर पर पुलिस की छापेमारी की निंदा की है. उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि अभिसार शर्मा, उर्मिलेश, भाषा सिंह, अनिंद्यो चक्रवर्ती, प्रबीर पुरकायस्थ, सोहेल हाशमी जैसे लेखक व पत्रकार सरकार के प्रति अपने आलोचनात्मक रुख के लिए जाने जाते हैं. उनके लैपटॉप और फोन जब्त किये जाने की सूचना है.

### गड्ढे के कारण चार गाड़ियां पलटीं

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद-चतरो पथ पर पारडीह मोड़ पर सड़क पर बना गड्ढा दुर्घटना का कारण बना हुआ है. सड़क पर बने इस बड़े गड्ढे में बारिश का पानी जमा हो गया है. जिस कारण वाहन चालक गड्ढे का अनुमान नहीं लगा पाते हैं और वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं. 3 अक्टूबर को इस मार्ग पर गुजरने वाले यात्रियों से भरे तीन ऑटो और एक कोयला लदा बाइक गड्ढे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गए. ऑटो गड्ढे में फंसने के बाद पलट गया. हालांकि दुर्घटना में किसी यात्री को कोई खास नुकसान नहीं हुआ, मगर ऑटो पर लदा समान भीग कर खराब हो गया.

### बीडीओ ने की मिशन इंद्रधनुष की बैठक

**डुमरी।** 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तीसरे चरण को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अन्वेषा ओना की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश महतो विशेष तौर पर उपस्थित थे. बैठक में बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में टीकाकरण से वंचित 0-5 वर्ष के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत टीकाकरण किया जाना है. सुदूर दुर्गम क्षेत्र के सभी बच्चों का भी टीकाकरण किया जाएगा.

### अभिभावकों ने एमपीएल का हाइवा कराया ठप

**निरसा।** निरसा प्रखंड का एक ऐसा भी विद्यालय है, जहां पहुंच पथ के अभाव में बच्चे जान को जोखिम में डालकर स्कूल आवाजाही करने पर विवश हैं. इसे लेकर आक्रोशित अभिभावक मंगलवार को निरसा खुदिया फाटक के पास पहुंचे. उन्होंने बच्चों को साथ लेकर एमपीएल का हाइवा परिचालन ठप कर विरोध प्रदर्शन किया. अभिभावकों का कहना है कि एक तरफ हाइवा से दुर्घटना होने का डर हमेशा बना रहता है तो दूसरी तरफ लगातार बारिश में पानी व कीचड़ से गुजर कर बच्चे विद्यालय जाने को विवश हैं. विद्यालय तक पहुंच पथ पर एमपीएल में कोयला ढुलाई करनेवाले हाइवा वालों ने कब्जा जमा लिया है.

## अंडरग्राउंड में काम पर लगाने का मजदूरों ने किया विरोध

संवाददात। निरसा

ईसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी में मजदूरों ने मंगलवार से तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया. सीएमडब्लूयू के बैनर तले मजदूरों ने सरफेस में कार्यरत 13 मजदूरों को अंडर ग्राउंड में काम दिये जाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे यूनियन नेता जगदीश शर्मा का कहना है कि मजदूरों को सरफेस में नियमितीकरण के लिए धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है. कहा कि वर्षों से सरफेस में काम कर रहे 13 मजदूरों को प्रबंधन ने अचानक खदान के अंदर काम करने का फरमान जारी कर दिया है. सतह पर काम करने वाले कई ऐसे मजदूर शारीरिक रूप से अनफिट हैं. उसे भी जबरन खदान के अंदर काम करने के लिए दवाब दिया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने मजदूरों की हाजिरी भी बंद कर दी है. इस तानाशाही रवैये को यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि अगर प्रबंधन की आंखें नहीं खुली तो आगे जोरदार आंदोलन किया जाएगा. संचालन बिपिन मंडल व संजय सिंह ने किया. आंदोलन में सोहन गोप, शिवशंकर सिंह, संजीत राउत, सतेंद्र बिंद, संजीत विश्वकर्मा, बिजय बाउरी, दुर्गा मांझी, नारायण मांझी, सोहन मांझी, के के गौरव, शनिचर राय, सुजीत पांडे, देवा मांझी, अशोक मांझी, सूरज मांझी, गौर रवानी, मोती लाल टुडु, कुरान बाउरी आदि शामिल हैं.

### जीएम कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**बेरमो।** संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 3 अक्टूबर को ढोरी जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपा गया. इसमें पांच ट्रेड यूनियन के नेताओं ने भाग लिया. मौके पर इंटक के गिरजा शंकर पांडेय ने कहा कि एनसीडब्ल्यू 11वें वेतन समझौता को एक साजिश के तहत लंबित किया जा रहा है. हाई कोर्ट में गलत तथ्यों के आधार पर कामगारों के वेतन समझौता पर कुठाराघात किया जा रहा है. प्रबंधन ने कामगारों के वेतन तत्काल रोकने का कार्य किया है. इससे प्रबंधन की कर्मचारियों के प्रति गलत मानसिकता प्रदर्शित होती है. जिसे संयुक्त मोर्चा कतई बर्दाश्त नहीं करेगा. मजदूर 12, 13 व 14 अक्टूबर को तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाएंगे. वहीं बीएमएस के रविंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि कामगारों को जागृत कर हड़ताल के लिए प्रेरित करने आए हैं.

## बच्चों को कुपोषण मुक्त करना है : सचिव

विशेष संवाददाता। रांची

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के राज्य अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में हुई. विभागीय सचिव कृपानंद झा ने कहा कि बच्चे परिवार, राज्य और देश के भविष्य होते हैं. बच्चों को कुपोषण से बचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है. बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विभाग पूरी तत्परता, सजगता और प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है. राज्य को हर हाल में कुपोषण मुक्त करने की दिशा में कार्य करना है. राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं. बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास हेतु विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ लागू करें. राज्य में कुपोषित बच्चों और एनीमिया पीड़ित महिलाओं का सर्वे कर पहचान करें.



### सात जिले में चलाया जायेगा समर अभियान

विभागीय सचिव ने बताया कि अन्य सात जिले में समर अभियान चलाया जायेगा. इस अभियान से समयबद्ध तरीके से सेवाएं प्रदान करना, ठोस एवं सघन अनुश्रवण एवं हस्तक्षेप की अवसंरचना के लिए तंत्र को सुनिश्चित किया जा रहा है. बैठक में योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु आईसी पर विस्तृत चर्चा की गई.

### अब तक 20 हजार बच्चे कुपोषण से हुए मुक्त

झारखंड राज्य पोषण मिशन की महानिदेशक राजेश्वरी बी ने बताया कि अब तक राज्य में 20 हजार बच्चे कुपोषण से बाहर निकल आए हैं. उन्होंने राज्य पोषण मिशन ने जिलावार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन माप की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिया.

### हाइवा से छाई ढोने से नाराज योगेंद्र ने लिखा पत्र

**बोकारो।** झारखंड सरकार के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने भारतमाला परियोजना (ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे) बोकारो से रांची के निर्माण कार्य में लगे हाइवा से फ्लाई ऐश (छाई) ढुलाई के कारण हो रहे वायु प्रदूषण व दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर बोकारो व रामगढ़ उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है. पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा है कि चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन से हजारों की संख्या में ओवरलोड हाइवा फ्लाई ऐश लेकर फुसरो, जैनामोड़ रोड से तुपकाडीह, जैनामोड़, पेटरवार, चरगी होते हुए निर्माण स्थल रिलायंस पेट्रोल पंप, गोला के समीप व सिकिदिरी घाटी पहुंचते हैं. ओवरलोड होने के कारण हाइवा से चंद्रपुरा से ही रोड पर फ्लाई ऐश गिरने लगता है, जिससे सड़क पर चारों ओर फ्लाई ऐश ही नजर आता है.

**रांची हिंसा** भीड़ द्वारा मंदिर में तोड़-फोड़ और पुलिस पर फायरिंग के मामले में भी आरोपी है चिश्ती

# नवाब चिश्ती के खिलाफ सीआईडी ने जुटाए कई सबूत

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

रांची हिंसा के दौरान डोरंडा थाना में दर्ज प्राथमिकी में आरोपी बनाए गए नवाब चिश्ती के खिलाफ सीआईडी ने कई सबूत इकट्ठा किए हैं, जिसके आधार पर अब नवाब चिश्ती को रांची हिंसा से जुड़े उस केस में भी आरोपी बनाया गया है, जिसमें भीड़ द्वारा मंदिर में तोड़-फोड़ और पुलिस बल पर फायरिंग का केस दर्ज किया गया है. नवाब चिश्ती फिलहाल न्यायिक हिरासत में है. उसने रांची सिविल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट में अपनी जमानत की गुहार लगाई थी, लेकिन उसे बेल देने से निचली अदालत और हाईकोर्ट इंकार कर चुका है. सीआईडी के डीएसपी ने कोर्ट में आवेदन देकर उसे डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 में आरोपी बनाने का आग्रह किया था. जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है. सीआईडी के द्वारा कोर्ट में इस बात से जुड़े कई सबूत भी पेश किए गए.



### खास बातें

- कांड सं. 17/2022 में आरोपी बनाने का किया था आग्रह
- फिलहाल न्यायिक हिरासत में नवाब चिश्ती

### फिलहाल केस की जांच सीआईडी कर रही

डेली मार्केट थाना में रांची हिंसा के बाद कांड संख्या 17/2022 दर्ज की गई थी. इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं. उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था. वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है. फिलहाल इस केस की जांच सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) कर रही है.

### रांची हिंसा मामले में 21 नवंबर को अगली सुनवाई

**रांची।** रांची हिंसा की जांच की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान इंटरवेनर (हस्तक्षेप याचिका दायर करने वाले) पक्ष की ओर से कहा गया कि पुलिस द्वारा चलायी गयी गोली की न्यायिक जांच होनी चाहिए. जिसके बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने अगली सुनवाई के लिए 21 नवंबर की तिथि निर्धारित की है. उम्मीद की जा रही है कि अगली सुनवाई में अदालत इस जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनाएगा. बता दें कि पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार से अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था. बता दें कि पैगंबर विवाद को लेकर झारखंड के रांची में भी 10 जून को जमकर बवाल हुआ था. आरोप है कि रांची में जुमे की नमाज के बाद मंदिर में पत्थर फेंके गये थे. इतना ही नहीं लोगों ने जमकर हंगामा, तोडफोड़ और आगजनी भी की थी. वहीं डेली मार्केट के पास कई राउंड फायरिंग हुई थी. इसके बाद इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयी थी. हिंसा के दौरान दो लोगों की मौत भी हुई थी. वहीं 12 से अधिक लोग घायल हुए थे.

## लोदना कार्यालय के सामने संयुक्त मोर्चा ने किया प्रदर्शन



संवाददाता। धनबाद

लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले श्रमिकों ने काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन किया. कर्मियों ने जमकर प्रबंधन विरोधी नारे भी लगाए. भारी वर्षा के बावजूद श्रमिक इंकलाब जिंदाबाद करते रहे. वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन की ओर से मध्यप्रदेश के कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसके बाद कोर्ट ने 11वां वेतन समझौता रोकने का आदेश दे दिया है. इस कारण इस माह का वेतन समय पर नहीं मिल सका है. साथ ही कहा गया कि यूनियन प्रबंधन के साथ आर-पार की लड़ाई लड़ेगी. अधिकारी का पर्क बंद करने, मेडिकल सुविधा एक समान करने सहित सभी अन्य सुविधाओं में बराबर की भागीदारी कराने की बात कही.

## ब्रीफ खबरें

### एटक ने राष्ट्रपति के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर।** देश मे बढ़ते महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया. उसके पश्चात उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को मांग सौंपा. मौके पर एटक के प्रदेश सचिव अंबुज कुमार ठाकुर ने कहा कि आज देश के भीतर महंगाई चरम सीमा पर है और युवा वर्ग बेरोजगार बैठे हैं. केंद्र सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार बनकर रह गई है, जिसपर नकेल कसना अति आवश्यक है.

### सिविल कोर्ट परिसर से निकाली गई फेरी

**घाटशिला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर के निर्देश पर मंगलवार को अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति घाटशिला की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई. बता दें कि आजादी के अमृत महोत्सव पर 100 दिनों का कानूनी सलाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इसी के तहत अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम अमित आल्डा के नेतृत्व में उक्त प्रभात फेरी निकाली गई, जिसने सिविल कोर्ट परिसर व आसपास के मोहल्लों में भ्रमण किया.

### दो वर्षों से नहीं बदला गया खराब ट्रांसफार्मर

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के कांटाशोल पंचायत अंतर्गत ग्राम घागदा डूंगरी टोला में दो साल से 10 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब है. ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह खराईघुटू टोला के 7 परिवार दो वर्षों से अंधेरे में रहने को विवश हैं. वर्षा के मौसम में बिजली नहीं रहने से रात में डर का माहौल रहता है. ग्रामीण गोपाल टुडू, मधु हेम्ब्रम, पिथो हेम्ब्रम, सुना हेम्ब्रम, बाबलु हेम्ब्रम, धनु बास्के, पिथो टुडू आदि ने बताया कि घागदा के डुंगरी टोला में कुल 3 ट्रांसफार्मर 10 केवीए के लगाए गए हैं.

### चेंबर का प्रतिनिधि मंडल एसपी से मिला

**गिरिडीह।** शहर में विगत 15 दिनों से बढ़ी चोरी की घटनाओं के मद्देनजर गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा से मिला. सभी ने रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है. इसके साथ ही चैंबर के सदस्यों ने शहर के फुटपाथ के अतिक्रमण व ट्रैफिक नियंत्रण में हो रही परेशानी सहित विभिन्न स्थानों पर रोज लगने वाले जाम पर कार्रवाई का अनुरोध किया. चेंबर ने ट्रैफिक नियंत्रण के लिए सीमित संख्या में टोटो चलने की अनुमति देने का अनुरोध किया.

### सीओ ने बीएलओ को दी जानकारी

**कसमार।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में 3 अक्टूबर को प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ नए अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा ने समीक्षा बैठक की. इस दौरान निर्वाचन कार्य के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा कर विभिन्न प्रपत्र भरने की जानकारी दी गयी. इस दौरान निर्वाचन साक्षरता क्लब व चुनाव पाठशाला के संबंध में सभी बीएलओ को विस्तृत जानकारी दी गई. बीएलओ को संबोधित हुए करते सीओ ने कहा कि देश में निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए क्लब बनाए जा रहे हैं.

### बीरेंद्र राम के सहयोगी की याचिका पर सुनवाई पूरी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल की याचिका पर रांची इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) कोर्ट में सुनवाई हुई. मंगलवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी कर ली गयी है. अब फैसले का इंतजार है. मुकेश मित्तल ने ईडी कोर्ट में 205 की पीटीशन दायर की है. यह पिटीशन सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत पेशी से छूट देने की मांग के लिए दायर की जाती है. अब कोर्ट क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा.

### उपायुक्त ने आमलोगों की सुनी फरियाद

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया. जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया. जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करने के बाद उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिये. गांव कोआखोह के ग्रामीणों ने उपायुक्त से नाली और सर्विस रोड निर्माण कराने का अनुरोध किया.

---

चांडिल डैम का जलस्तर घटने के बाद डूब क्षेत्र में रहने वाले विस्थापित परिवारों ने ली राहत की सांस

# डैम का जलस्तर घटा, सात रेडियल गेट हुए बंद

संवाददाता । चांडिल

चांडिल डैम का जलस्तर घटने के बाद मंगलवार की सुबह सात रेडियल गेट बंद कर दिए गए हैं. फिलहाल डैम का तीन रेडियल गेट को एक-एक मीटर तक खोल कर रखा गया है. मंगलवार की सुबह चांडिल डैम का जलस्तर 181.50 मीटर दर्ज किया गया. इससे चांडिल डैम के किनारे डूब क्षेत्र में रहने वाले विस्थापित परिवारों ने राहत की सांस ली है. डैम का जलस्तर 181.85 मीटर के पार चले जाने के बाद डैम के 10 रेडियल गेटों को खोल दिया गया था. इनमें आठ गेट को डेढ़-डेढ मीटर और दो गेट को एक-एक मीटर तक खोला गया था. इसके बाद डैम का जलस्तर तेजी से घटता गया.



**खुला गेट**

- तीन रेडियल गेट एक-एक मीटर तक खोले
- सड़कों पर आवागमन हो गया था बंद

### बीडीओ ने लिया जायजा

मंगलवार की सुबह चांडिल डैम का जलस्तर 181.50 मीटर पहुंचने के बाद सात रेडियल गेटों को बंद कर दिया गया. फिलहाल डैम के तीन रेडियल गेट एक-एक मीटर तक खुला है. वहीं जलस्तर बढ़ने के बाद ईचागढ़ गांव की सड़कों पर जलभराव हो गया. इससे गांव की सड़कों पर आवागमन बंद हो गया था. इसका जायजा लेने के लिए ईचगढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी किकू महतो ईचागढ़ गांव पहुंचे और स्थिति का आकलन किया.

### छह तक होगी बारिश

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में छह अक्टूबर तक रोज बारिश होने की जानकारी दी है. मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि छह अक्टूबर तक रोज गरज के साथ मध्यम दर्जे की बारिश होगी. मौसम पूर्वानुमान के बाद डैम के किनारे रहने वाले विस्थापित परिवारों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं. एक ओर डैम का जलस्तर घटने से जहां वे खुश हैं, वहीं मौसम विभाग के पूर्वानुमान को लेकर चिंतित भी हैं.

---

## आओ जानें

### प्रमुख देशों के साथ युद्धाभ्यास

**भारत-अमेरिका**
- टाइगर ट्रंफ
- वज्र प्रहार
- युद्ध अभ्यास 2022
- अभ्यास तरकश

**भारत-फ्रांस**
- गरुड़ युद्धाभ्यास
- वरुण युद्धाभ्यास
- शक्ति युद्धाभ्यास

**भारत-रूस**
- इंद्र युद्धाभ्यास
- इंद्रा युद्धाभ्यास
- अविंद्रा/ एविन्द्र युद्धाभ्यास
- ————

---

# कोल इंडिया की 11 कंपनियों में ट्रेड यूनियन का प्रदर्शन



प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य.

संवाददाता। धनबाद

11वां वेतन समझौता लागू नहीं होने से 2 लाख 33 हजार कोलकर्मियों में उबाल है. मंगलवार को कोल इंडिया की बीसीसीएल समेत 11 कंपनियों के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने काला बिल्ला लगाकर नारे लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया. इंटक के महामंत्री एके झा ने कहा कि धनबाद में बीसीसीएल के 12 एरिया के कार्यालयों और कोयला भवन के गेट पर पांच ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रदर्शन किया. कोल इंडिया के चेयरमैन व कोयला मंत्रालय के नकारात्मक रवैया पर बीसीसीएल के 35 हजार 258 कोलकर्मी आक्रोशित हैं. बीसीसीएल कोयला भवन मुख्यालय सहित हर एरिया में बारिश के बावजूद कोल श्रमिकों का जुटान हुआ. चांच विक्टोरिया एरिया बारह में संयुक्त मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सभा की. सभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद अंबष्ट, एक्टू के वरीय नेता मनोरंजन मल्लिक व जनता मजदूर संघ के सुभाष सिंह ने किया. वीरेंद्र कुमार अंबष्ट ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन जानबूझकर वेतन समझौता को विवाद में डाल रहा है.

---

रसूखदारों पर नहीं होती कार्रवाई, सड़कों पर चल रहे ढाबा-रेस्टुरेंट

# धन उगाही बन कर रह गया है अतिक्रमण उन्मूलन अभियान

मिथिलेश कुमार । धनबाद

कोयलांचल मुख्यालय धनबाद में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान धन उगाही का जरिया बन कर रह गया है. ठेला, खोमचा व झुग्गी-झोपड़ी वाले छोटे-छोटे गरीब दुकानदारों पर तो अभियान की गाज गिर रही है, लेकिन उन प्रतिष्ठानों के ख़िलाफ कोई कार्रवाई नहीं, जो आधी सड़क पर कब्जा कर अपना कारोबार कर रहे हैं, होटल-रेस्टुरेंट चला रहे हैं. जबकि हर आम व खास का रोज इससे रोज सामना होता है. वैसे हाल के वर्षों में यहां की सड़कें चौड़ी अवश्य हुई हैं. इसके बाद भी चलने लायक नहीं हैं. जिला प्रशासन व नगर निगम का अतिक्रमणकारियों के खिलाफ डंडा भी चलता है, लेकिन सिर्फ गरीबों के खिलाफ. रसूखदार धन देकर, बड़ी-बड़ी पैरवी पर बच निकलते हैं. यह काम सालों से चल रहा है और चलता ही जा रहा है. पिछले एक दशक में कई डीसी, एसडीओ और नगर आयुक्त बदले, लेकिन सड़कों के अतिक्रमण की स्थिति वहीं है.

**वर्षों से है एसडीएम बंगला के आगे अतिक्रमण :** शहर के हीरापुर क्षेत्र में पुलिस लाइन से डीआरएम बिल्डिंग तक फल, सब्जी और फूल की दुकानों के साथ ठेले खोमचे भी लगाते हैं. कोर्ट आने वाले लोगों की गाड़ियां भी उसके आगे खड़ी हो जाती हैं. लगभग 30 फीट की सड़क 10 फीट में सिकुड़ जाती है. हटिया मोड़ से एडीएम बंगला तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ से लेकर कई बिल्डिंग की सीढ़ियां भी सड़क की जमीन पर बनी हुई है.



सड़क पर वाहनों की पार्किंग का नजारा

**प्रशासन मौन**

- कई बिल्डिंग की सीढ़ियां सड़क पर बनी हैं
- 30 फीट की सड़क 10 फीट में सिकुड़ जाती है
- सड़क पर स्थापित है अस्पताल का जेनरेटर

### बैंक मोड़ में निगम खुद करता है अतिक्रमण

शहर के सबसे व्यस्त सड़क बैंक मोड़ में जेपी चौक से पेट्रोल पंप तक सड़क के दोनों ओर निगम पार्किंग की वसूली करता है. शांति भवन, राजेंद्र मार्केट, राठौर मेंशन, उर्मिला टावर, श्री लक्ष्मी कांपलेक्स, आदित्य विजन तक सड़कों से ही हर दिन पार्किंग शुल्क लिया जाता है. कई दुकानों का सामान, ठेले खोमचे सब सड़क पर ही रहते हैं. यहां के ज्यादातर बिल्डिंगों में पार्किंग की व्यवस्था तो है, लेकिन उसमें दुकानें चलती हैं. बिल्डरों ने पार्किंग की जगह ही बेच डाली है. यह बात निगम के अफसर भी जानते हैं, लेकिन बिल्डरों से भिड़ना उनके वश की बात नहीं है. स्टील गेट, सरायढेला, आईएसएम गेट, पुलिस लाइन, श्रमिक चौक हर जगह यही स्थिति है.

### सिटी सेंटर की पार्किंग से नहीं हटी दुकानें

शहर के सीटी सेंटर के बेसमेंट में शुरू से दुकानें चल रही हैं. पूर्व नगर आयुक्त रमेश घोलप ने उसे तोड़ने की कोशिश की थी. दूसरे ही दिन उनका तबादला हो गया था. 2023 के मार्च महीने में वर्तमान नगर प्रशासक सतेंद्र कुमार ने जिओ मार्ट सहित 8 दुकानों को खाली करने का नोटिस थमाया था. उसके बाद बिल्डर कोर्ट चला गया. मामला अभी तक कोर्ट में है. बिल्डिंग के आगे छोटे बड़े वाहन अब भी खड़े हो रहे हैं.

### असर्फी के आगे से नहीं हटा अतिक्रमण

8 लेन सड़क अभी पूरी तरह बन कर तैयार भी नहीं हुई है. पूरा होने में तीन माह का समय और लगेगा. इससे पहले ही सड़क अतिक्रमण की शिकार हो चुकी है. सबसे बड़ा अतिक्रमण असर्फी अस्पताल के सामने है. निगम ने विगत जून में इसे हटाने की कोशिश भी की थी. लेकिन मेवा खाने के बाद सब शांत हो गए. अस्पताल का जेनरेटर सड़क पर स्थापित र है. इतना ही नहीं, सड़क के दो लेन में बाइक, कार, स्कार्पियो व अन्य वाहन दिनभर खड़े रहते हैं.

### सरदार पटेल नगर में भी अतिक्रमण

मधुलिका कावेरी स्वीट्स से लेकर कैलाश अस्पताल के मोड़ तक सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने सड़क की जमीन का अतिक्रमण कर रखा है. ग्राहकों के खाने पीने के लिए कुर्सी टेबुल की व्यवस्था सड़क पर ही होती है. वहीं कई अपनी दुकान के सामने सड़क की जमीन पर लाकर रख देते हैं. बरटांड़ और स्टील गेट मुख्य सड़क की स्थिति भी ऐसी ही है. निगम की इनफोर्समेंट टीम सिर्फ कोरम पूरा करती है.

---

### देवघर नागरिक मंच का मांगों को लेकर धरना

**देवघर।** देवघर को सुखाड़ प्रभावित जिला घोषित करने समेत 11 सूत्री मांगों को लेकर देवघर जिला नागरिक मंच ने 3 अक्टूबर को समाहरणालय के समक्ष धरना दिया. धरना के पहले एक पैदल मार्च आयोजित किया गया था, जो समाहरणालय पहुंचकर धरना में परिवर्तित हो गया. धरना को संबोधित करते हुए कुमार विनोद ने जिला कृषि पदाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए, कहा कि जब धान की रोपनी जून-जुलाई माह में की जाती है, तब देवघर जिला बारिश नहीं हुई थी और मात्र 30 प्रतिशत ही धान की रोपनी की गयी है. दूसरी ओर कृषि पदाधिकारी ने अगस्त माह के अंतिम दिनों में हुई बारिश की रिपोर्ट सरकार को भेजी, जिसके कारण देवघर जिला को सुखाड़ ग्रस्त जिला की श्रेणी में नहीं रखा गया. मंच ने जिला को सूखाग्रस्त घोषित करने व लापरवाह अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की.

---

# विद्यालय का रास्ता खराब, बच्चे परेशान

संवाददाता। चाकुलिया

प्रखंड अंतर्गत बडीकानपुर-कालापाथर पंचायत में मधुपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों को विद्यालय के पास सड़क जर्जर होने के कारण विद्यालय आने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बरसात में उक्त विद्यालय के पास सड़क दलदल में तब्दील हो गई है. मधुपुर गांव और विद्यालय के बीच एक तालाब है. तालाब के पास से ही विद्यालय आने वाली सड़क है. उक्त स्थल पर सड़क वर्षों से जर्जर हालत में है. इसकी मरम्मत नहीं हुई है. बरसात में विद्यालय और गांव के बीच तालाब के पास सड़क दलदल बन जाती है. छोटे-छोटे बच्चों को अभिभावक गोद में उठाकर सड़क पार कराते हैं. विद्यार्थियों को साइकिल से जाने में भी परेशानी होती है. विद्यार्थियों को साइकिल से गिर जाने का डर बना रहता है.

### सड़क पर बने गड्ढों ने बढ़ाई स्कूली बच्चों की मुश्किलें



**डुमरिया।** प्रखंड की डुमरिया-भागाबांदी मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है. सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. इस सड़क में चार पहिया वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है. इस वजह से बीडीएसएल सरस्वती विद्या मंदिर मुसाबनी से कुमड़ाशोल तक आने वाली बस ने आने से इंकार कर दिया है. स्कूल प्रबंधन के मुताबिक जर्जर सड़क की वजह से प्रतिदिन बस खराब हो रही है. इस सड़क की चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य पथ निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है लेकिन सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है. सड़क में बने गढ्ढे दिन ब दिन बड़े होते जा रहे हैं. स्कूल बस बंद हो जाने से कई बच्चों की पढ़ाई बाधित होने की आशंका है. जिससे अभिभावक चिंतित हैं. जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से सड़क में बने गड्ढों को भराए जाने की गुहार लगा रहे हैं.

---

# नहीं हुआ वनाधिकार समिति का गठन, मौसम का असर

संवाददाता। चंदवा

सरकार के आदेशानुसार हरेक गांव में एफआरए के तहत वनाधिकार समिति का गठन किया जाना है. इसी के तहत मंगलवार को चंदवा प्रखंड क्षेत्र के चकला गांव में वनाधिकार समिति का पुनर्गठन ग्राम सभा के माध्यम से होना था. इसके लिए पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का ने गांव में सूचना दी थी. सूचना पर गांव के हजारों लोग तय स्थान पर पहुंच चुके थे. इधर मौसम ने भी अपनी बेरुखी दिखाई और ऐन मौके पर जोरों से बारिश होने लगी. बारिश देख वन विभाग की ओर से आये सतीश और अंचल कार्यालय से प्रतिनियुक्त प्रवेक्षक बिना ग्राम सभा और समिति का गठन करवाये वहां से चले गए. इसके बाद मुखिया ने ग्राम सभा को अगले तिथि तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की. इससे उपस्थित ग्रामीण नाराज हो गए और मौके पर ही ग्राम सभा का आयोजन करने की जिद्द करने लगे. घंटों कार्यक्रम स्थल पर छाता के सहारे जमे रहे और मुखिया पर मनमानी करने का आरोप लगाया.

**खास बातें**

- कोई गलत भावना नहीं, मौसम सही नहीं : मुखिया
- गांव के हजारों लोग पहुंच चुके थे तय स्थान पर, नाराज

### राशन की मांग को लेकर डीसी से मिले

**साहिबगंज।** तालझारी प्रखंड के हल्दीगढ़ संथाली आदिवासी अपनी समस्याओं लेकर मंगलवार को उपायुक्त राम निवास यादव से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे. मौके पर आदिम जनजाति के 50 से अधिक ग्रामीणों ने उपायुक्त को राशन आपूर्ति की समस्याओं से अवगत कराया. ग्रामीण ने बताया कि हल्दीगढ़ के सभी ग्रामीणों को सुचारू रूप से राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है. इसके कारण उन्हें परिवार के भरण पोषण में भारी दिक्कत हो रही है. ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें पिछले तीन माह का राशन अभी तक नहीं मिला है. कई ग्रामवासियों का राशन कार्ड भी नहीं बनाया गया है. दूसरी ओर राशन वितरण में वितरक प्रति व्यक्ति एक किलो राशन की कटौती करता है.

---

# मनरेगा : मजदूर नहीं जेसीबी कर रही काम

संवाददाता। पलामू

मनरेगा योजना मजदूरों को काम देने के लिए है, लेकिन इन दिनों इस काम में मजदूरों की बजाय मशीनों को लगाया जा रहा है. ताजा मामला मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के कौड़ियां पंचायत का है. जहां महेंद्र मेहता के घर से पुराने केबिन चियांकी तक मनरेगा योजना के तहत सड़क का निर्माण कराया जा रहा है.

इस सड़क का निर्माण कार्य मजदूरों के बदले जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है. इस तरह मनरेगा कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ायी जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और और मेट की मिली भगत से सड़क निर्माण का कार्य जेसीबी से कराया जा रहा है. जबकि उसी कार्य का मस्टर रोल निकालकर मजदूरों से कार्य कराया जाना है. इस योजना में मेट का नाम जैरून निशा बताया जा रहा है. इस मामले में सदर प्रखंड के बीडीओ अमिताभ भगत ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है. उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है. पलामू उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जायेगी.

जांच में जो भी दोषी पाये जायेंगे, मनरेगा एक्ट के तहत उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने कहा कि मामला सही पाये जाने पर दोषियों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जायेगा.



**खास बातें**

- मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के कौड़ियां पंचायत का मामला
- मनरेगा एक्ट के तहत होगी कार्रवाई : उप विकास आयुक्त

---

**निरीक्षण** आदित्यपुर स्टेशन के नव निर्मित बिल्डिंग और यार्ड में चल रहे कार्यों का लिया जायजा

# 2024 तक पूरी होगी 130 किमी लंबी थर्ड लाइन का काम

संवाददातात। आदित्यपुर

भारतीय रेल विकास निगम नई दिल्ली (आरवीएनएल) के ऑपरेशन डायरेक्टर राजेश प्रसाद ने मंगलवार को दक्षिण पूर्व रेल मंडल अंतर्गत आदित्यपुर रेलवे स्टेशन और यार्ड का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने आदित्यपुर रेलवे स्टेशन के नव निर्मित बिल्डिंग और यार्ड में चल रहे कार्यों का जायजा भी लिया. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय रेल विकास निगम के ऑपरेशन डायरेक्टर राजेश प्रसाद आदित्यपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां सर्वप्रथम इन्होंने रेलवे स्टेशन के पास नव निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्टाफ क्वार्टर का निरीक्षण किया. यहां स्टाफ क्वार्टर के शुरुआती दौर के निर्माण से लेकर कार्य पूरा होने संबंधित जानकारी उन्होंने रेलवे के अधिकारी और एजेंसी से प्राप्त की. इस मौके पर इन्होंने बेहतर तरीके से रेलवे के सभी प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने संबंधित सख्त निर्देश एजेंसी और रेल अधिकारियों को दिए. इसके बाद इनका काफिला आदित्यपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां नवनिर्मित रेलवे के स्टेशन बिल्डिंग का निरीक्षण किया और रेल योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की.



### महत्वपूर्ण है 130 किलोमीटर लंबी थर्ड लाइन योजना

रेल विकास निगम के डायरेक्टर ने स्टेशन के निर्माण से पूर्व आधारशिला रखे जाने से लेकर अब तक किए गए सभी कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किया. आदित्यपुर रेलवे स्टेशन, यार्ड और स्टाफ क्वार्टर का निरीक्षण करने पहुंचे भारतीय रेल विकास निगम के ऑपरेशन डायरेक्टर राजेश प्रसाद ने बताया कि हावड़ा-मुंबई रेल लाइन पर प्रस्तावित थर्ड लाइन की परियोजना अति महत्वपूर्ण है. कुल 130 किलोमीटर लंबे इस थर्ड लाइन योजना में 90 किलोमीटर तक कार्य पूरा कर लिया गया है. मार्च-2024 तक 100 फीसदी कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि मार्च में थर्ड लाइन से रेल परिचालन शुरू हो जाएगा. इन्होंने बताया कि थर्ड लाइन परियोजना अंतर्गत आदित्यपुर रेलवे स्टेशन और टाटानगर रेलवे स्टेशन यार्ड को भी विकसित किया जा रहा है. जिसका लाभ भविष्य में रेल यात्रियों को मिल सकेगा. इस मौके पर उनके साथ रेल विकास निगम के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमित कुमार रॉय, प्रोजेक्ट मैनेजर विजय कुमार, एजेंसी एसटीपीएल के कन्हैया सिंह समेत रेलवे के अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.

---

# 4 करोड़ से हजारीबाग में गृह रक्षा वाहिनी के भवनों की होगी मरम्मत

संवाददाता । रांची

चार करोड़ रुपए की लागत से हजारीबाग जिले में गृह रक्षा वाहिनी के भवनों की मरम्मत का कार्य होगा. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश कुमार ने इसकी स्वीकृति दे दी है. इस संबंध में गृह सचिव ने गृह रक्षा वाहिनी के डीजी को पत्र लिखकर कहा है कि हजारीबाग जिला में गृह रक्षा वाहिनी के विभिन्न आवासीय और गैर आवासीय भवनों की मरम्मत कार्य योजना के लिए चार करोड़ रूपया की राशि आवंटित की गई है.

विभिन्न आवासीय और गैर आवासीय भवनों की मरम्मत कार्य झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की ओर से कराया जाएगा. गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के डीजी इस राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी होंगे. उनका दायित्व होगा कि यह राशि निकासी करने के पूर्व संतुष्ट होने की जिस योजना के लिए राशि की निकासी की गई है. वह सही है और इसके पूर्व में निकासी नहीं की गई है. किसी प्रकार का अवैध निकासी का उत्तरदायित्व निकासी और व्ययन पदाधिकारी का होगा.

**खास बातें**

- विभिन्न भवनों की मरम्मत के लिए राशि आवंटित
- गृह सचिव ने गृह रक्षा वाहिनी के डीजी को लिखा पत्र

▼ ब्रीफ खबरें

### जुआ अड्डे पर छापेमारी कई हिरासत में

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के परसुडीह बाजार में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध जुआ अड्डा का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है. वहीं मौके से जुआ में इस्तेमाल होने वाले कई समान भी जब्त किए गए हैं. पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले गई जहां सभी से पूछताछ की जा रही है. मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी लॉ एंड ऑर्डर सुमित अग्रवाल ने बताया कि जुआ अड्डा के संचालन की गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई है. फिलहाल सभी से पूछताछ की जा रही है.

### एमजीएम के लिफ्ट में फांसी लगाने का प्रयास

**जमशेदपुर ।** एमजीएम अस्पताल परिसर में मंगलवार को उस वक्त हंगामा मच गया जब एक युवक अस्पताल के लिफ्ट में फांसी लगाने का प्रयास करने लगा. हालांकि मौके पर मौजूद होमगार्ड के जवानों ने युवक को तत्काल पकड़ लिया. युवक को अस्पताल के पुलिस शिविर ले जाया गया. इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई. इसके बाद साकची पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ ले गई. पूछताछ में युवक ने अपना नाम पंकज कुमार बताया और वह गम्हरिया का रहने वाला है.

### हरना नदी में डूबने से युवक की मौत

**गोड्डा ।** पथरगामा प्रखंड के बरियाठा गांव के पास मंगलवार को हरना नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई. युवक का शव बिहार के बांका में धौरेया के समीप से बरामद किया गया. शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है. लगातार बारिश की वजह से नदी का जल प्रवाह तेज हो गया है. लोगों को आशंका है कि युवक नदी पर कर रहा होगा. इसी दौरान तेज धारा में वह बह गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है.

### पिकअप व बाइक में टक्कर, युवक की मौत

**बेरमो ।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सदारो जंगल के समीप मुख्य सड़क पर मंगलवार की शाम एक पिकअप वाहन और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में बाइक सवार गोमिया के साड़म गांव निवासी मुजाहिर अंसारी (30 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं, बाइक पर पीछे बैठा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. बताया जाता है कि साड़म गांव निवासी मुजाहिर अंसारी हुरलुंग पंचायत के करमाटांड़ स्थित अपनी बहन के घर गया हुआ था.

### दुराचार का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**धनबाद ।** नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने के मामले में मंगलवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने चिरकुंडा थाना क्षेत्र के गलफरबाड़ी निवासी रामजीत मरांडी को दोषी करार दिया. अदालत सजा के बिंदु पर फैसला आज सुनाएगी. 3 अप्रैल 2023 को पीड़िता के पिता ने चिरकुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के मुताबिक नाबालिग का एक अप्रैल 2023 को कॉलेज आने के दौरान अपहरण कर लिया था.

### अनियंत्रित होकर नाले में घुसी बाइक, 3 घायल

**मझगांव ।** मझगांव थाना क्षेत्र के सिलफोड़ी गांव के समीप मंगलवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए. घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है. मिली जानकारी के अनुसार मझगांव थाना क्षेत्र के सिलफोड़ी गांव निवासी गणपति महाराणा (26), छत्तीस महाराणा (25) और ओडिशा दिवाबांध का रहने वाला पप्पू महाराणा (26) तीनों ने शाम मुरसाई-कृष्णगढ़ से एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव सिलफोड़ी आ रहे थे.

### रॉयल कम्युनिकेशन से 15 लाख की चोरी

**मैथन ।** चिरकुंडा शहीद चौक के समीप साव मार्केट के रॉयल कम्यूनिकेशन मोबाइल दुकान से सोमवार की देर रात चोरों ने नगद एक हजार रुपये सहित लगभग 15 लाख के मोबाइल फोन की चोरी कर ली. वहीं, शहीद चौक के लाइट टावर के पास संतोष साव की दुकान में चोरों ने पीछे की ओर से कांच तोड़कर दो ड्रील मशीन, एक हैमर व चार बंडल तार चुरा लिये. दोनों घटना की लिखित शिकायत मालिकों ने मंगलवार को थाना में की है.

## तीन बहुचर्चित मामलों में सीबीआई ने दोषियों को दिलाई सजा

**सौरभ सिंह (रांची) ।** सीबीआई ने झारखंड के तीन बहुचर्चित मामले में शामिल दोषियों को सजा दिलाई है. इसमें बीटेक की छात्रा हत्याकांड, धनबाद जज उत्तम आनंद हत्याकांड और तारा शाहदेव यौन उत्पीड़न व धर्मांतरण मामला शामिल है. तीनों मामलों में भारी दबाव के बाद सीबीआई को जांच का जिम्मा सौंपा गया था.

### बीटेक छात्रा के आरोपी को एक माह में दिलाई मौत की सजा

राजधानी के सदर थाना क्षेत्र स्थित बूटी बस्ती में 15 दिसंबर 2016 की रात बीटेक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद तार से गला घोंट कर हत्या कर दी गयी थी. इसके बाद चेहरे पर मोबिल छिड़क कर जला दिया गया था. पहले मामले की जांच पुलिस की जांच एजेंसी सीआईडी कर रही थी. इसके बाद सीबीआई ने 28 मार्च 2018 को इस मामले में केस दर्ज की.

**30 गवाहों को कोर्ट में किया पेश :** सीबीआई ने 13 सितंबर 2019 को आरोपी राहुल कुमार के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दायर की. कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ 25 अक्टूबर 2019 को आरोप तय किया. अभियोजन साक्ष्य 8 नवंबर 2019 से शुरू हुआ. करीब 16 दिनों में 30 अभियोजन गवाहों को पेश किया और उनसे पूछताछ की. सीबीआई द्वारा पेश किये गये ठोस सबूतों के बाद ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाया और उसे 21 दिसंबर 2019 को मौत की सजा सुनायी.

### धनबाद जज उत्तम आनंद हत्याकांड में आरोपी को दिलाई उम्रकैद

धनबाद के अतिरिक्त जज उत्तम आनंद की 28 जुलाई 2021 को मॉर्निंग वॉक से लौटने के दौरान हत्या कर दी गयी थी. इस मामले में मृतक जज की पत्नी कृति सिन्हा ने धनबाद थाने में हत्या की एफआईआर दर्ज करायी थी. बाद में झारखंड हाईकोर्ट की अनुशंसा पर यह केस सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया था. स्पेशल सीबीआई कोर्ट से ऑटो चालक लखन वर्मा और उसके सहयोगी राहुल वर्मा को 28 जुलाई 2022 को दोषी ठहराया गया. इसके बाद छह अगस्त 2022 को दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. स्पेशल सीबीआई कोर्ट के जज रजनीकांत पाठक ने दोषियों की सजा बिंदु पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया था. दोनों आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया था.

### तारा शाहदेव यौन उत्पीड़न-धर्मांतरण केस में तीन दोषी करार

नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े आठ साल पुराने यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और जबरन धर्म परिवर्तन मामले में बीते 30 सितंबर सीबीआई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया था. इस मामले में रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार मुस्ताक अहमद और रंजीत की मां कौशल देवी को अदालत ने दोषी करार दिया. रंजीत और तारा की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी. शादी के बाद रंजीत तारा के साथ मारपीट व यौन उत्पीड़न करता था. घटना को लेकर कोतवाली थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करवाई गयी थी. इसके बाद पीड़िता के परिजन सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट गये थे. हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था. जिसके बाद 2015 में सीबीआई ने इस मामले को टेक ओवर किया था. इस मामले में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल की.

### आओ जानें

**पुलिसिंग के मामले में बड़े राज्य में तेलंगाना पहले स्थान पर, जानें बाकी राज्यों की स्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तेलंगाना | : 01 | राजस्थान | : 14 |
| कर्नाटक | : 02 | उत्तरप्रदेश | : 15 |
| आंध्रप्रदेश | : 03 | बिहार | :16 |
| ओडिशा | : 04 | केरला | : 17 |
| उत्तराखंड | : 05 | पश्चिम बंगाल | : 18 |
| तमिलनाडु | : 06 | | |
| मध्यप्रदेश | : 07 | | |
| गुजरात | : 08 | | |
| छत्तीसगढ़ | : 09 | | |
| महाराष्ट्र | : 10 | | |
| झारखंड | : 11 | | |
| हरियाणा | : 12 | | |
| पंजाब | : 13 | | |



आधा दर्जन आर्म्स, भारी संख्या में कारतूस, बम व नगद 50 हजार बरामद

## पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के 4 लोगों को किया गिरफ्तार

संवाददाता। धनबाद

व्यवसायियों को धमकी, फायरिंग और बमबाजी मामले में गैंगस्टर प्रिंस खान के नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सदस्यों में मेजर के नाम से चिट्ठी वायरल करने वाले नसीम अंसारी उर्फ रजि अहमद, हथियार सप्लाई करने वाला विकास सिंह, लोगों का नंबर जमा करने वाला राजू अंसारी व नसीम अंसारी उर्फ मेजर के रिश्ते में चाचा सद्दाम अंसारी शामिल है. इसके अलावा पुलिस ने आधा दर्जन आर्म्स, भारी संख्या में कारतूस, बम व नगद 50 हजार भी बरामद किये हैं. एसएसपी कार्यालय में मंगलवार 3 अक्टूबर को एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी है.

**गिरोह को ध्वस्त करने में लगी थी टीम :** एसएसपी ने बताया कि प्रिंस खान के गिरोह को ध्वस्त करने के लिए कई दिनों से टीम काम कर रही थी. उसी कड़ी में मेजर के नाम से चिट्ठी वायरल करने वाले सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. व्यापारियों को धमकी देने व फायरिंग के मामले में भी इन्हीं लोगों का हाथ है. मेजर उर्फ नसीम पहले भी जेल जा चुका है. 8 वर्ष जेल में रहने के बाद पेरोल पर रिहा हुआ था.

**कुछ फर्जी पत्रकार भी जांच के दायरे में :** उन्होंने बताया कि पुलिस इसके पहले भी मेजर के नाम से धमकी देने वाले एक शख्स को जेल भेज चुकी है.



### बहुत जल्द प्रिंस खान को भी किया जाएगा गिरफ्तार

बता दें कि इससे पूर्व एसएसपी ने अब तक प्रिंस खान गिरोह के करीब 45 सदस्यों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है. मंगलवार को हुई गिरफ्तारी में जिस मेजर के नाम से व्यापारियों में दहशत फैलाया जाता था, उसे गिरफ्तार कर पुलिस ने बहुत बड़ी सफलता हासिल की है. एसएसपी ने बताया कि बहुत जल्द प्रिंस खान को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा. उसके गिरोह के किसी भी सदस्य को बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा कि सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, डीएसपी विधि-व्यवस्था, डीएसपी वन और कई थानों के थानेदार के अथक प्रयास से प्रिंस खान के नेक्सस को ध्वस्त करते हुए यह गिरफ्तारी की गई है.

### धनबाद : चेन छिनतई गिरोह का मुख्य सरगना संजय स्वर्णकार गिरफ्तार



**धनबाद।** सरायढेला पुलिस ने चेन स्नेचर गिरोह के मुख्य सरगना गुजरात कॉलोनी चास निवासी संजय कुमार स्वर्णकार को बोकारो से गिरफ्तार किया है. मंगलवार को एसएसपी ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी है. एसएसपी ने बताया कि सरायढेला, झरिया और धनबाद थाना क्षेत्र में लगातार चेन छिनतई की घटना हो रही थी. पिछले दिनों इसी गिरोह के तीन सदस्य हीरालाल सोनार, अकबर अंसारी और इमामुल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. इसके बाद से चेन छिनतई पर कुछ विराम लगा है. परंतु गिरोह का मुख्य सरगना पुलिस की पकड़ से बाहर था. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक विशेष टीम निगरानी रख रही थी. आखिर पुलिस को मुख्य सरगना को पकड़ने में सफलता हाथ लगी. उन्होंने बताया कि यह गिरोह बोकारों से आकर धनबाद में चेन छिनतई करता था. मुख्य आरोपी के पास से एक सोने की चेन, 16 पीस सोने की नाक का पिन, 7 पीस कान की बाली, 9 पीस नाक की रिंग और एक वजन करने की मशीन बरामद की गई है.

## ट्रक ने बिजली पोल में मारी टक्कर

संवाददाता। रांची

बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू मोड़ पर मंगलवार सुबह अनियंत्रित ट्रक ने लोहे के बिजली पोल में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोहे का पोल बीच से दो टुकड़ों में बंट गया. साथ ही बिजली के तार सड़क पर गिर पड़े. ट्रक के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. इस टक्कर में ड्राइवर और खलासी दोनों जख्मी हुए हैं. जोरदार आवाज सुन कर स्थानीय लोग और बरियातू पुलिस की टीम मौके पर पहुंची.

बरियातू पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए सबसे पहले दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोका और बिजली विभाग को फोन कर तुरंत लाइन कटवायी. अगर



समय रहते बिजली नहीं कटवायी गयी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था. जिस समय यह हादसा हुआ उस समय सड़क पर सबसे ज्यादा स्कूल बसें गुजर रही थीं. हादसे की वजह से आधे घंटे से ज्यादा समय तक बरियातू रोड जाम रहा. कई स्कूल बसें जाम में फंसी रही. सड़क से बिजली का तार हटाने के बाद यातायात सामान्य हो सका.

### पंकज मिश्रा की बेल पर कोर्ट में 13 को सुनवाई

**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के ज़रिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई.

मंगलवार की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया. जिसके बाद कोर्ट ने पंकज की बेल पर अगली सुनवाई के लिए 13 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है. इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में ईडी कोर्ट से बेल मांग चुके हैं. लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली. पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं. बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था.

बेरमो खदान हादसा

## 47 घंटे बाद मलबे में दबा मिला सुरक्षा गार्ड सुबोध का शव

संवाददाता। बेरमो

सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर फेस टू परियोजना में 1 अक्टूबर को हुई लैंड स्लाइडिंग में लापता सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार का शव अक्टूबर को मलवे में दबा मिला. 47 घंटे की जदोजहद के बाद सीसीएल प्रबंधन ने शव को खोज निकालने में सफलता प्राप्त की. मौके पर जीएम, गोविंदपुर के परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं. 43 घंटे पहले सुरक्षा गार्ड की मोटरसाइकिल मलवे में मिल गई थी. इसके बाद प्रबंधन को भरोसा हो गया था कि इसी आसपास सुबोध कुमार का शव होगा. डोजर ऑपरेटर ने बहुत ही बारीकी से मालवा को हटाकर सुरक्षा गार्ड के शव को बाहर निकाला. बता दें कि 1 अक्टूबर को



करीब ढाई बजे लैंड स्लाइडिंग हो गया था. इसके बाद लगातार मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा है. सोमवार की देर रात तक मालवा हटाने का कार्य किया गया. इसके बाद पुनः मंगलवार की सुबह से मालवा हटाने का काम शुरु किया गया. सुबह करीब दस बजे मलवे के नीचे से उसकी बाइक मिली थी.

### आपसी विवाद में किशोरी की हुई मौत, दो गंभीर

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत महादेवगंज ठाकुरवाड़ी बीच टोला गांव में आपसी विवाद के चलते सोमवार की देर शाम घर में घुसकर एक ही परिवार के तीन लोगों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें एक किशोरी की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल है. इन लोगों को हायर सेंटर भागलपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है. अभी तक इस घटना का कारण सामने नहीं आया है. जानकारी के अनुसार किसी विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने देररात घर में घुस कर जानलेवा हमला कर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया. ग्रामीणों ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने इंदु कुमारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो बबन व ललन की गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया.

## भतीजे ने गला दबाकर की चाची की हत्या, फरार

संवाददाता। जमशेदपुर

पोटका थाना अंतर्गत नेतोसोई निवासी 30 वर्षीय साकरो मुर्मू की उसके भतीजे होरेन माझी ने गला दबाकर हत्या कर दी. घटना सोमवार देर शाम की है. घटना के वक्त साकरो घर पर अकेली थी. वहीं हत्या करने के बाद होरेन ने घर के बाहर ताला लगा दिया और फरार हो गया. इधर, जानकारी मिलने पर परिजन घर पहुंचे और ताला तोड़ा. परिजनों ने पाया कि शव पलंग पर पड़ा था. तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

**परिजन जता रहे दुष्कर्म की आशंका :** जानकारी देते हुए मृतिका के पति सूरज माझी ने बताया कि वह



मृतक के परिजन

परसुडीह में मजदूरी का काम करता है. सोमवार को भी वह काम पर गया था. लगभग 2 बजे उसे साकरो ने फोन कर बताया कि होरेन घर आया था और उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया. हालांकि, उस वक्त मामला शांत हो गया था. देर शाम जब वह साकरो को फोन कर रहा था तो किसी ने फोन नहीं उठाया. इधर, पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.

### भागलपुर से गोड्डा आ रही बस पलटी, 10 घायल

**गोड्डा।** भागलपुर से गोड्डा आ रही हेमपुष्प आशीष स्टार नामक बस के पंजवारा में पलट जाने से आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए. घटना मंगलवार दोपहर बाद करीब ढाई बजे की है. भागलपुर-गोड्डा के बीच चलनेवाली यह बस यात्रियों को लेकर गोड्डा की आ रही थी कि बाराहाट पंजवारा के समीप पलट गई. इसी गाड़ी के यात्री रौनक कुमार के अनुसार गाड़ी के सामने अचानक तेज रफ्तार ऑटो आ गया, उसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने बस को बाईं ओर घुमा दिया लेकिन सड़क किनारे की मिट्टी गीली होने के कारण बस का चक्का स्लिप कर गया और गाड़ी नीचे खेत में जाकर पलट गई. घटना के वक्त गाड़ी पर करीब 45 यात्री सवार थे. घटना के बाद यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग जुटे और गाड़ी का शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला.

## बालाजी हनुमान मंदिर में मूर्तियों सहित लाखों की चोरी

संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह शहरी क्षेत्र स्थित जेएस माल कोठी की प्रसिद्ध मंदिर में सोमवार देर शाम हुई चोरी का खुलासा घटना के 16 घंटे बाद भी नहीं हो पाया है. बता दें कि टुंडी रोड के ठीक बगल में जेएस माल कोठी के अंदर स्थित बालाजी (हनुमान) मंदिर में चोरी हुई है. चोरों ने यहां से कीमती धातु से बनी लड्डू, गोपाल की चार मूर्तियां, भगवान हनुमान के दो सोने के कड़े, एक हार, नकदी सहित कई अन्य सामान चुरा लिए. चोरी की यह घटना सोमवार शाम की है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. घटना के संबंध में मंदिर के पुजारी कारू शर्मा ने बताया कि सोमवार की सुबह मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वे 11 बजे दिन



में घर चले गये. शाम पांच बजे जब वह वापस मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कीमती धातु से बनी चार मूर्तियां, हनुमान जी का दो कड़ा, एक हार, नकदी समेत कई अन्य सामान गायब थे. पुजारी ने बताया कि इस चोरी को अंजाम देने के लिए चोरों ने मुख्य मंदिर के पीछे लगे ग्रिल का ताला तोड़ दिया. इसके अलावा मंदिर के गर्भगृह के मुख्य द्वार की कुंडी भी काट दी गयी है. इसके बाद चोरी की गई है.

### हत्या करने जा रहा था बदमाश, हथियार के साथ हुआ गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के बर्मामाइंस में स्टार टॉकीज के पास पुलिस ने शातिर बदमाश कदमा निवासी भानू माझी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने भानु के पास से एक लोडेड पिस्टल और चोरी की बाइक बरामद की है. भानू पर जिले के थानों में 11 मामले दर्ज हैं वहीं बोकारो में भी एक हत्या का मामला दर्ज है. वह कदमा थाना क्षेत्र के एक आर्म्स एक्ट मामले में फरार चल रहा था. जानकारी देते हुए प्रभारी एएसपी सिटी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं. पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग लगाया. इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन युवक आए. पुलिस को देख दो युवक मौके से फरार हो गए पर एक को पुलिस ने पकड़ लिया.

**आंकड़ा** 23 वर्षों में 21 रेल थाना में मोबाइल चोरी के एक मामले में भी एफआईआर नहीं हुई

## रेल पुलिस ने 6913 अपराधियों के साथ 4068 मोबाइल जब्त किए

राजा गुप्ता। धनबाद

झारखंड बनने के बाद पिछले 23 वर्षों में अबतक धनबाद रेल जिला पुलिस के 21 रेल थाना क्षेत्रों में एक भी मोबाइल चोरी की घटना नहीं घटी, लेकिन इसी रेल थाना क्षेत्रों के स्टेशन व ट्रेनों से इतने समय में आरपीएफ-जीआरपी की टीम ने 6913 अपराधियों के साथ 4068 चोरी के मोबाइल जब्त किये हैं. रेल पुलिस का आंकड़ा यही बता रहा है. पुलिस सूत्रों के अनुसार 23 वर्षों में धनबाद, गोमो, कोडरमा, चंद्रपुरा, गोमिया, बरकाकाना या फिर डालटनगंज समेत अन्य कोई रेल थाना में मोबाइल चोरी की केस नहीं की गई है. ट्रेन, टिकट घर, आरक्षण कार्यालय या फिर प्लेटफॉर्म पर

**खास बातें**

- पुलिसकर्मी केस दर्ज नहीं बल्कि सनहा दर्ज करते हैं
- रेल एडीजी बोले-चोरी होने पर केस दर्ज होनी चाहिए

यात्रियों का मोबाइल चोरी होता है, तो रेल थाना के पुलिसकर्मी कहते हैं कि एफिडेविट करा कर लाएं और आवेदन में आईएमईआई नंबर जरूर लिखें. इसके अलावा यह भी साबित करना होगा कि चोरी उसके थाना क्षेत्र में ही हुई है. सब कुछ साबित करने व पैरवी के बाद भी संबंधित रेल थाना के पुलिसकर्मी एफआईआर नहीं बल्कि सनहा ही दर्ज करते हैं.



### कोई भी संपत्ति चोरी हो, करनी होगी केस : रेल एडीजी

रेल एडीजी टी कंडास्वामी कहते हैं कि यात्रियों के मोबाइल हो या फिर अन्य संपत्ति की चोरी. रेल थाना के पुलिसकर्मियों को एफआईआर करनी होगी. अगर यात्री खुद मोबाइल, पर्स या बैग के गुम होने का आवेदन लिख कर देते हैं, तभी थाना के पुलिसकर्मी गुमशुदगी का सनहा दर्ज करेंगे. आवेदन के साथ छेड़छाड़ कर चोरी की शिकायत को गुमशुदगी में बदलने पर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी.

### पुलिसकर्मी नहीं करते हैं एफआईआर

पुलिस सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल जिला पुलिस के 21 रेल थाना क्षेत्रों के स्टेशनों से रोजाना 217 यात्री ट्रेनें गुजरती हैं, जिसमें लगभग 6 लाख यात्री सफर करते हैं. धनबाद रेल जिला पुलिस का क्षेत्र 16 जिलों में फैला हुआ है. रोजाना लाखों यात्रियों में कम से कम एक-दो दर्जन लोगों के साथ मोबाइल, पर्स व बैग चोरी की घटनाएं होती हैं. रेल थाना जाने पर पुलिसकर्मी चोरी के बदले सनहा दर्ज करने की बात कहते हैं. पुलिसकर्मी खुद बैठकर यात्री से आवेदन लिखवाते हैं कि भीड़ में कहीं संपत्ति गुम हो गई है. चोरी की बात लिखने पर एफआईआर नहीं करने की बात कहते हैं. विवश होकर यात्री पुलिस के कहने पर गुमशुदगी का सनहा लिखकर चले जाते हैं.

## पाकुड़ में चोरी के सामान के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

- 1.49 ग्राम हीरा 90.26 ग्राम सोना व 3.40 किलो चांदी बरामद

संवाददाता ।पाकुड़



पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के रसिक टोला निवासी पारा शिक्षक अंजन भगत के घर में लाखों रुपए की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन के निर्देश पर गठित टीम ने लाखों रुपए के सोने-चांदी व हीरे के आभूषण के साथ नकदी बरामद कर 5 अपराधियों को रांची, गोड्डा व खगड़िया से गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार अपराधियों में कुणाल वत्स, ध्रुव कुमार यादव, शुभम तिवारी उर्फ अंकित, जय नंदन प्रसाद सोनी व राजेश कुमार शामिल हैं. गिरफ्तारी के बाद इन आरोपितों को जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अमड़ापाड़ा के अंजन भगत की बेटी रिशु से अपराधियों ने पार्सल के नाम पर घर का दरवाजा खुलवाया और उसे बेहोश कर लाखों के जेवरात व नकद चोरी कर फरार हो गए थे.

एसपी ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए बनी एसआईटी ने रांची के कोकर से गोड्डा जिले के कुणाल बत्स को गिरफ्तार किया. कुणाल से पूछताछ के बाद गोड्डा के जय नंदन प्रसाद सोनी व खगड़िया के राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया. इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है.

## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** धन के आगमन से मन खुश होगा. किया गया कार्य का सही लाभ मिलेगा. समय अनुकूल है. वरिष्ठों से संबंध मधुर होंगे, परन्तु सहकर्मियों से मनमुटाव व टकराहट हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें. अन्न दान करें.

**वृषभ** सौंदर्य पर खर्च होगा. विदेश से लाभ होगा. खर्च में वृद्धि होगी, पर बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. आपकी सृजनात्मकता आपको अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है.

**मिथुन** खर्च में वृद्धि होगी, पर आय के लिए किया गया सार्थक प्रयास लाभ देगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार ना दें.

**कर्क** समय लाभ का मौका देगा. बस कर्म पर ध्यान दें. समाज में मान-सम्मान मिलेगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत भी सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में न पडें. अन्न का दान करें.

**सिंह** पिता के कार्य में हाथ बटाएं, लाभ होगा. धार्मिक यात्रा सुखद और मनोरंजक होगी. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. आज कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य ना करें.

**कन्या** आपकी नासमझी के कारण किसी से विवाद होगा. दिल के बदले दिमाग से कार्य करें. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें.

**तुला** किसी से बेकार में बहस हो सकती है. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. किसी नए शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं, अतः सतर्क रहें.

**वृश्चिक** ऋण लेने की नौबत आएगी. मेहनत ज्यादा करनी होगी. आपको एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें.

**धनु** शिक्षा में सुधार होगा. प्रेम में धोखा मिलेगा. गलतफहमियां दूर कर सकेंगे और नए वादे किए जाएंगे. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस ना खोएं. गुरु मंत्र जाप करें.

**मकर** मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. विदेशी कारोबार से जुड़े लोगों को अच्छे लाभ का योग है. पिता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भरी पड़ सकता है. आलस त्यागें.

**कुंभ** भाई के लिए किया गया कार्य लाभ देगा. आपके परिश्रम को उचित सम्मान मिलेगा एवं नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाली जायेगी. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही ना बरतें.

**मीन** पराक्रम से कार्य बनेगा. पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा.

**परंपरा : रंकिणी मंदिर में 6 व 7 अक्टूबर को होगा काड़ा काटा अनुष्ठान का आयोजन**

# तीन वर्षों के बाद इस साल लगेगा ऐतिहासिक बिंदा मेला

संवाददाता। घाटशिला



राजघराने के समय से चली आ रही बिंदा मेला की परंपरा कोरोना के कारण 3 वर्ष के बाद 6 अक्टूबर से रंकिणी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरू किया जाएगा. इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए रंकिणी मंदिर के मुख्य पुजारी जगन्नाथ पांडा एवं रंकिणी पांडा ने बताया कि कोरोना काल के कारण वर्ष 2020 से पूजा बंद थी.

कोरोना से मुक्ति के बाद भी यहां बिंदा मेला का आयोजन नहीं किया जा सका था, लेकिन इस वर्ष परंपरा के अनुसार मेला एवं सारे कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा. मां रंकिणी के आशीर्वाद से इस वर्ष काड़ा काटा का आयोजन किया जाएगा. आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में है. 6 अक्टूबर शुक्रवार की देर रात नो बजे मां की पूजा-अर्चना के बाद काड़ा काटा का आयोजन किया जाएगा तथा 7 अक्टूबर की शाम 5 बजे पूजा अर्चना होगी. उन्होंने बताया कि लगभग 200 वर्ष पूर्व से यह परंपरा चली आ रही है.

### दो गांवों के लोग होंगे शामिल, भंडारा 7 को

उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को विशेष भंडारे का आयोजन किया गया है . इस पूजा आयोजन में मुख्य रूप से दो गांव के लोग सम्मिलित होते हैं, जिसमें बगुला तथा पावड़ा गांव शामिल हैं . ऐसी मान्यता है कि राजा के समय आशिवन मास के सप्तमी और अष्टमी में पूजा के दौरान दोनों दिन अलग-अलग भैंसों को तीर से वार ( बिंधा) कर मां को प्रसाद स्वरूप चढ़ाया जाता है . इसी परंपरा को आज भी यहां के लोग बरकरार रखे हुए हैं इसके बाद बिंधा के नाम से मेला लगता है .

**बारिश के बावजूद भक्तों में दिखा उत्साह, कई स्थानों पर स्वागत**

# घाटशिला से टेल्को के लिए शौर्य जागरण यात्रा रवाना

संवाददाता। घाटशिला



शौर्य जागरण यात्रा रथ मंगलवार को घाटशिला, धालभूमगढ़ एवं गालूडीह होते हुए टेल्को के लिए रवाना हुआ. सुबह से हो रही बारिश के बावजूद भक्तों में उमंग एवं उत्साह चरम पर दिखा. काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ के भव्य स्वागत में उपस्थित रहे. रथ के साथ बजरंग दल के विभाग संयोजक जनार्दन पांडेय ने बताया कि अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर का अनावरण 15 जनवरी को होने जा रहा है. भव्य राम मंदिर के अनावरण का आमंत्रण पूरे देश में देने सहित जागरण के लिए रथ निकाले गये हैं. तमाम भक्तों को अनावरण आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है. रथ की अगवानी विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष मनोज प्रजापति, बजरंग दल जिला संयोजक श्रवण सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक घाटशिला शुभम सोनी, विश्व हिंदू परिषद सह पंचायत समिति सदस्य दीपक महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिमल कालिंदी, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ बेहरा, गुलशन कुमार, रोहित बेहरा, आकाश खंडेवाल, राहुल राउत, शर्मा धीवर आदि भक्त शामिल थे.

### पतरातू में 3 नवंबर से होगा लेक महोत्सव का आयोजन

**रामगढ़।** पतरातू लेक महोत्सव का आयोजन तीन नवंबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा. कला एवं संस्कृति, संगीत, मौसमी, पाककला, नृत्य, एक्सपो व प्रदर्शनियां, सेमिनार का आयोजन किया जाएगा. पतरातू में पहली बार झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा पतरातू लेक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. एक महीने तक चलने वाले राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति, संगीत, मौसमी,पाककला, एक्सपो, प्रदर्शनियां, भोजन उत्सव व सेमिनार का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान राज्य सरकार की होने वाली कैबिनेट की बैठक भी पतरातू लेकर रिसोर्ट में आयोजित की जाएगी. एक माह तक चलने वाले इस आयोजन को लेकर पतरातू लेकर रिसोर्ट के होटल पर्यटन विहार व सरोवर बिहार के पूर्व में किए गए आवंटन की तिथियां में बदलाव का निर्देश पर्यटन मंत्रालय द्वारा जेटीडीसी प्रबंधन को दिया गया है. उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार द्वारा इस प्रकार का कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष सर्दियों के मौसम में अक्टूबर से फरवरी माह के दौरान नेतरहाट में मनाया जाता रहा है.

# बालूमाथ के श्रद्धालुओं ने किया यात्रा रथ का स्वागत



संवाददाता ।बालूमाथ (लातेहार)

प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा मैदान में शौर्य यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम से पूर्व शौर्य यात्रा रथ का बालूमाथ के हजारों सनातनियों ने स्वागत किया. इसके बाद शौर्य यात्रा बालूमाथ के महावीर मंदिर होते हुए थाना चौक, मुरपा मोड़, प्रखंड मुख्यालय से चलकर जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान कार्यक्रम स्थल तक पहुंची. यहां एक सभा का आयोजन किया गया. अयोध्या से आये हिंदू धर्म रक्षक कामेश्वर चौपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन सबसे पुराना धर्म है. इसमें सभी धर्म के लोग समावेशित हैं. यह शौर्य यात्रा सभी सनातन धर्मियों का सम्मान का यात्रा है.राम राज्य की कल्पना का विजय स्वरूप है. मौके पर कई वक्ताओं ने सभा का संबोधन किया. मौके पर कार्यक्रम का सभा संचालन विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया. समस्त कार्यक्रम जितेंद्र सिंह संयोजक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ. मौके पर विश्व हिंदु परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, अरुण साहू, उपेंद्र साव, मनोज साव, बंधन साव, नितिश यादव, शिवम गुप्ता, जितेंद्र साव, राजन साव, बहादुर साव कुंदन यादव, भीम कुमार, पिंटू कुमार, दुर्गा वाहिनी नारी शक्ति की कंचन कुमारी, सुशीला देवी, सरस्वती देवी, नीलम कुमारी, काजल कुमारी, दिव्या कुमारी सहित कई लोग शामिल थे.

# रांची के मंदिरों व अखाड़ों में लगाए गए महावीरी पताका

संवाददाता। रांची



श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित के आवाहन पर राजधानी के सभी प्रमुख मंदिरों एवं अखाड़ो में मंगलवार को पूजा अर्चना कर महावीरी पताका लगाया गया. श्री महावीर मंडल के आवाहन पर विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल झारखंड के द्वारा आठ अक्टूबर को आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा में हज़ारों की संख्या में अखाड़ो एवं मंदिरो में स्थापित महावीरी पताका के जगह गाजे बाजे के साथ शामिल होंगे. पूजा अर्चना में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, मंत्री कैलाश केसरी, सुजीत सिंह, गोपाल पारीक, कैलाश पारीक, लंकेश सिंह, टिंकू महतो शामिल थे.



# फिर आंदोलन के मूड में कुड़मी समाज

**कुड़मी समाज अपने अधिकार को लेकर गंभीर है. वह हल हाल में अपना अधिकार हासिल करना चाहता है. उसका कहना है कि आदिवासी का दर्जा हमारा संवैधानिक अधिकार है जो हमें मिलना ही चाहिए. कुड़मी जाति को साजिश के तहत एसटी सूची से हटा दिया गया. कुड़मी समुदाय को यदि एसटी में शामिल किया जाएगा तो इससे अन्य समुदाय को नुकसान नहीं होगा. कुड़मी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा मिलना ही चाहिए. इसे लेकर कुड़मी समाज फिर आंदोलन के मूड में हैं. कुड़मी नेताओं का कहना है कि अगर सरकार चाहे तो यह कोई कठिन काम नहीं है. परंतु सरकार में इच्छाशक्ति का अभाव है. पर कुड़मी समाज अब उपेक्षा बर्दाश्त नहीं कर सकता. उनका कहना है कि वे अपना अधिकार लेकर रहेंगे. इसे लेकर कुड़मी समाज में जोरों की चर्चा है और वे रणनीति बनाने में जुट गए हैं. दूसरी ओर आदिवासी समाज के लोगों का कहना है कि कुड़मियों के एसटी में शामिल होने का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण एवं सुविधाओं का लाभ लेना है. कुड़मी जाति साधन संपन्न है. यदि कुड़मी जाति को एसटी में शामिल किया जाता है तो आदिवासियों के अधिकारों का हनन होगा. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.**

## कुड़मी समाज के लोगों ने कहा

- आदिवासी का दर्जा हमारा संवैधानिक अधिकार
- आदिवासी समाज मानता है कि उसके अधिकारों का हनन होगा
- सरकार चाहे तो कठिन काम नहीं, पर इच्छा शक्ति का अभाव
- साजिश के तहत हमें एसटी सूची से हटाया गया है



## जमशेदपुर

### आदिवासियों के अधिकारों का हनन होगा : सीताराम माझी



आदिवासी सेंगेल अभियान पूर्वी सिंहभूम के सभापति सीताराम माझी का कहना है कि कुड़मी जाति को एसटी में शामिल करने पर आदिवासी-मूलवासी के अधिकारों का हनन होगा. देश 1947 में आजाद हुआ. देश का संविधान 1950 में बना. उसके बाद एससी-एसटी आयोग का गठन हुआ. संविधान में में एसटी में शामिल नहीं किया गया, तो उस वक्त कुड़मी जाति के लोगों ने क्यों विरोध दर्ज नहीं कराया और क्यों नहीं सरकार पर दबाव बनाकर एसटी में शामिल हुए. दरअसल शुरुआती दौर से ही कुड़मी जाति स्वयं को उच्च जाति और आदिवासी को नीच जाति मान कर आदिवासियों के साथ भेदभाव करते रहे हैं. वर्तमान में एसटी में शामिल होने का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण एवं सुविधाओं का लाभ लेना है. कुड़मी जाति साधन संपन्न है. यदि कुड़मी जाति को एसटी में शामिल किया जाता है तो आदिवासियों के अधिकारों का हनन होगा. आज भी आदिवासी शिक्षित नहीं हैं. साधन सपंन्न नहीं है, जिसका लाभ कुड़मी जाति उठाना चाहते हैं. यदि कुड़मी जाति को एसटी में शामिल किया जाता है तो झारखंड में भी मणिपुर जैसे हालात पैदा हो सकते हैं.

### संवैधानिक मामला है, केंद्र की सरकार निर्णय ले : सागेन पूर्ति



झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति का कहना है कि कुड़मी जाति को एसटी में शामिल करने का मामला संवैधानिक है. इसलिए इस मामले में नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है. मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार को इस संबंध में एक उच्चस्तरीय जांच कमेटी का गठन करना चाहिए. कमेटी एक निश्चित अवधि में अपनी जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को दे, ताकि मामले में सरकार नीतिगत फैसला ले सके. लेकिन लगता है कि इस मामले में केंद्र सरकार गंभीर नहीं है. कुड़मी जाति द्वारा घंटों रेल रोकने से संबंधित आंदोलन चलाया जा रहा है, जिसके कारण कई ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है. जहां एक तरफ सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं आम लोगों को परेशानियों को सामना भी करना पड़ रहा है. केंद्र सरकार को मामले की गंभीरता को देखते हुए कोई ठोस निर्णय लेने की आवश्कता है, ताकि कोई बीच का रास्ता निकले और कुड़मियों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन से लोगों को हो रही परेशानियों से छुटकारा मिल सके.

## रांची

### कुड़मी यहां के सबसे पुराने आदिवासी हैं : हेमलाल महतो



कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष हेमलाल महतो ने कहा कि पूरे वृहत् छोटानागपुर पठार में कुड़मियों की आबादी सबसे अधिक है. छोटानागपुर पठार में कुड़मी फैले हुए हैं. पूरे छोटानागपुर में जितने भी जनजाति हैं किसी का भी गुस्टी कुड़मियों के बराबर नहीं है. छोटा नागपुर पठार में जितने भी नदी, पहाड़, झरने, जंगल हैं इनके प्राचीन नाम कुड़माली में ही हैं. इतना ही नहीं छोटानागपुर में जितने भी प्रकार के धान, घास, खेत और पेड़ हैं उनमें ज्यादातर के नाम कुड़माली में ही हैं. सीएनटी एक्ट 1908 में जितने भी प्रकार के सार्वजनिक उपयोग की जमीन है सब कुड़माली में ही हैं. छोटा नागपुर पठार में जितने भी ओझा-गुनि वाले झाड़-फूंक मंत्र है सब कुड़माली में ही हैं.

### कुड़मी संवैधानिक मांगों को लेकर संघर्षरत हैं: गोपाल महतो



हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र गोपाल कृष्ण महतो कहते हैं कि कुड़मी अपने जायज और संवैधानिक मांगों को लेकर संघर्षरत है. सरकार इस आंदोलन को अनदेखी न करे. सभी पक्ष और विपक्ष की पार्टियों को ध्यान रखना चाहिए कि बिना कुड़मी के वोट से न सरकार बना है न बनेगा. पिछले 73 वर्षों से अस्तित्व की लड़ाई जारी है. भाजपा- झामुमो पार्टी पहले वोट के लिए मुखर रही. आज सत्ता में है. दोनों पार्टी तो मुंह फेर रही है. इसलिए इस पर गंभीरता से विचार करना होगा. आखिर यह किसी समाज के युवाओं को भविष्य का सवाल है. इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है.

## हजारीबाग

### जनजातियों के आरक्षण पर है कुड़मियों की नज़र: रमेश हेंब्रम



आदिवासी समाज के लिए काम करने वाले रमेश हेंब्रम का मानना है कि कुड़मी समाज को आदिवासियों के साथ नहीं जोड़ना चाहिए. अगर यह होगा तो सरासर गलत है. आदिवासी समाज पर इसका बुरा असर पड़ेगा. समाज का कहना है कि आरक्षण प्राप्त करने के लिए अगर आदिवासी बनना चाहते हैं जो राजनीति का एक हिस्सा है. इसे लेकर एक लंबी लड़ाई भी चल रही है. उनका कहना है जनजातियों को मिले आरक्षण पर कुड़मियों की नज़र है.

### कुड़मी लोग आदिवासी से काफी आगे चल रहे हैं: बहराम हांसदा



सेंगेल अभियान जिलाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य मडमो पंचायत बिष्णुगढ़ बहराम हांसदा का कहना है कि इसका विरोध किया जा रहा है. सालखन मुर्मू के नेतृत्व में पूरे राज्य भर में अभियान चलाया गया है. हजारीबाग में भी पिछले दिनों सालखान मुर्मू ने कहा था कि अगर कुर्मी को आदिवासी का दर्जा दिया जाएगा तो यह आदिवासी समाज के लिए बेहद चिंताजनक होगा. कहना है कि कुड़मी आदिवासी से आगे चल रहे हैं.

## घाटशिला

### कुड़मी को आदिवासी का दर्जा मिलना चाहिए : नीलकमल



कुड़मी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता सह झामुमो के नेता नीलकमल महतो ने कहा कि कुड़मी जाति को साजिश के तहत एसटी सूची से हटा दिया गया. यह समुदाय पिछड़ा हुआ है. मेहनत कर अपना जीवन यापन करता है. सरकार इस जनजाति के लिए अलग से किसी तरह की योजना नहीं चला रही है. कुड़मी समुदाय को यदि एसटी में शामिल नहीं किया जाएगा तो इससे अन्य एसटी समुदाय को नुकसान होगा. कुड़मी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा मिलना चाहिए. कुड़मी जाति की संस्कृति भी अनुसूचित जाति से काफी मिलती जुलती है.

### सरकार एसटी का दर्जा देने की करे पहल : लक्ष्मीकांत



घाटशिला के व्यवसायी लक्ष्मीकांत प्यारेलाल गुप्ता ने बताया कि कुड़मी जाति की मांग लंबे समय से चल रही है. इस जाति की मांग जायज है. रहन-सहन और संस्कृति भी कुड़मी तथा आदिवासी दोनों की एक तरह की है. हक नहीं मिलने के कारण लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं. कुड़मी को आदिवासी का दर्जा मिलना चाहिए. अपने हक और अधिकार की मांग को लेकर बार-बार आंदोलन से आम लोगों को भी परेशानी होती है. केंद्र सरकार जल्द से जल्द एसटी का दर्जा देने पर पहल करे. यही हमलोगों की मांग है.

## चक्रधरपुर

### संवैधानिक तरीके से हक के लिए की जाए मांग : विवेक बाजरा



चक्रधरपुर निवासी विवेक बाजरा ने कहा कि कुड़मी जाति के लोग गलत तरीके से आंदोलन कर रहे हैं. ट्रेनों को रोककर आंदोलन किया जाना गलत है.इससे आमजनजीवन प्रभावित होता है.संवैधानिक तरीके से हक के लिए मांग किया जाए. 1891 के भारत की जनगणना ब्रिटिश राज द्वारा कराई गई थी.इस जनगणना में आदिवासियों के लिए एबरिजनल शब्द का उपयोग किया गयाथा. एबरिजनल की सूची में भूमिज, कोल, मुंडा, उरांव, संथाल, सवर आदि सूचीबद्ध हैं. जबकि कुड़मी,डोम, दुसाध, कैवर्त, कोइरी आदि हिन्दू जातियों के साथ हिंदुइज्द के अंतर्गत उपस्थित हैं.

### इस वर्षों पुरानी मांग पर ध्यान दे सरकार : आकाश महतो



चक्रधरपुर निवासी आकाश महतो ने कहा है कि कुड़मी जाति के लोग अनुसूचित जनजाति में शामिल होने के लिए वर्षों से मांग कर रहे हैं. वर्षों पुरानी मांग पर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है. कुर्मी जनजाति को षड्यंत्र के तहत अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर कर दिया गया था. हम अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसे हम हर हाल में लेकर रहेंगे. जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी हमारा आंदोलन जारी रहेगा.

## बोकारो

### कुड़मी लोगों को मिले एसटी टू का दर्जा : अमरलाल महतो



कसमार प्रखंड के कुड़मी समाज के युवा नेता दुर्गापुर पंचायत के मुखिया अमरलाल महतो ने कहा कि अंग्रेजों के समय कुड़मी एसटी में ही थे, लेकिन 1950 के बाद इसे एसटी की सूची से हटाकर पिछड़ी जाति बना दिया गया. यह सरकार की भूल कही जा सकती है. सामाजिक समरसता बरकरार रखने के लिए सरकार कुड़मी को एसटी-टू का दर्जा दे. जो पहले से एसटी की सूची में दर्ज हैं, उन्हें एसटी-वन की सूची में रखें. इसको लेकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार दोनों को पहल करनी चाहिए, ताकि इसपर समाज में कोई विरोधाभास न हो.

### आबादी व संस्कृति के आधार पर मिले एसटी का दर्जा : विनोद



कसमार प्रखंड सिंहपुर निवासी पंचायत समिति सदस्य व लोक कलाकार विनोद महतो रसलीन ने बताया कि झारखंड में कुड़मियों की आबादी के अनुरूप हमारा अधिकार है कि हमें एसटी की सूची में शामिल करें. यह हमारा मौलिक अधिकार है. सरकार ने 1951 में बगैर कारण बताए कुड़मी समुदाय को गजट से बाहर कर दिया. सरकार इसका कारण अभी तक नहीं बता पाई है. कुड़मी को एसटी का दर्जा देने संबंधित मांग जायज है. इसपर सरकारें पहल नहीं करेंगी तो कुड़मी समुदाय सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन का मूड बना चुका है.

## लातेहार

### कई वर्षो से संघर्ष कर रहा है कुड़मी समाजः वीरेंद्र प्रसाद



सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि कुड़मी समाज अपने अस्तित्व के लिए वर्षो से संघर्ष कर रहा है. अंग्रेजों ने एक साजिश के तहत 1931 की जनगणना के बाद उस समुदाय को आदिवासियों की सूची से हटा दिया था. अंग्रेजों फूट डालो और राज करो की नीति अपनायी थी. उस भूल को सुधारना आवश्यक है. किसी समुदाय को सूची से हटा देना उचित नहीं है.

### कुड़मी समाज को उनका हक मिलना चाहिएः अमीत गुप्ता



व्यवहार न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ता अमीत कुमार गुप्ता कहा कि कुड़मी समाज के लोग कहते हैं कि अंग्रेजों ने उनके पूर्वजों को आदिवासी माना था. जब उनके रीति रिवाज, परंपरा व त्यौहार आदिवासियों के जैसे हैं तो उन्हें सूची से क्यों हटा दिया गया. कुड़मी समाज आदिवासी सूची में शामिल होने के लिए लंबे समय से संघर्षरत है. अनसुना करना ठीक नहीं है.

## चंदवा

### कुड़मियों की मांग नाजायज हैः रामभजन सिंह खरवार



डूमारो निवासी रामभजन सिंह खरवार आदिवासी हैं. ये कुड़मी समुदाय के द्वारा आदिवासियत की मांग किए जाने को सिरे से नकारते हैं. कहते हैं कि उनकी मांग नाजायज है. पूर्व में आदिवासी की सूची में शामिल थे और आदिवासी कहने में इन्हें आत्मग्लानि महसूस होती थी. यही सोच कर कोलकाता उच्च न्यायालय में रिट दायर कर अपने को इस सूचि से हटाने का आग्रह किया था.

### आदिवासी सही मायने में बनाए नहीं जाते हैंः धनराज यादव



धनराज यादव लुकुईया निवासी कहते हैं कि मैं यादव समुदाय से हूं पर कुड़मियों के द्वारा आदिवासी की मांग सरासर नाजायज है. इनकी नजर आदिवासियों को मिलने वाली आरक्षण और संवैधानिक लाभ पर है. वे इसके लालच में आदिवासी बनने का मांग सरकार से कर रहे हैं. जबकि आदिवासी सही मायने में बनाए नहीं जाते हैं.



## बहरागोड़ा

### कुड़मी आंदोलन नया नहीं वर्षों पुराना है : सोमेन महतो



सोमेन महतो ने कहा कि कुड़मियों का यह आंदोलन वर्षों पुराना आंदोलन है. जनप्रतिनिधि ध्यान देते तो कुड़मी समाज आज अपने आप को ठगा न महसूस करता. इसलिए कुड़मियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में सरकार को अविलंब शामिल करना चाहिए और आदिवासियों के समान हक और अधिकार मिलना चाहिए. आदिवासियों से कुड़मियों की संस्कृति रहन-सहन काफी हद तक मिलती-जुलती है.

### कुड़मी व आदिवासी एक सिक्के के ही दो पहलू हैं : मनोज महतो



मनोज महतो ने कहा कि कुड़मी व आदिवासी एक सिक्के के दो पहलू हैं. दोनों की संस्कृति और सभ्यता एक है. दोनों जाति के लोग प्रकृति के पुजारी हैं, इसलिए कुड़मी जाति को अविलंब अनुसूचित जाति का लाभ मिलना चाहिए. इनको लाभ मिलगा तभी उनकी जीवन शैली में बदलाव संभव हो सकेगा, क्योंकि सरकार इनके लिए कोई अलग योजना नहीं चलाती है.

### अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं कुड़मी लोग : राजू महतो



राजू महतो ने कहा कि कुड़मी आंदोलन का मुख्य उद्देश्य कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध करना, कुरमाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करना तथा सरना धर्म कोड लागू करना है. यह लड़ाई अधिकार का है, जो कि आजादी के पहले से चला आ रहा है, लेकिन इतने लंबे समय से आंदोलन के बाद भी सरकार ध्यान नहीं दे रही है. यदि सरकार इस ओर ध्यान देती तो दबे कुचले कुड़मी समुदाय का उत्थान होता.

## चाईबासा

### कुड़मी जनजाति नहीं है, यह उनके नेता बता चुके हैंः सिंकू



पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकु का कहना है कि कुड़मी जनजाति आदिवासी का दर्जा तो मांग रहे हैं, उसके ये हकदार नहीं हैं. कुड़मी जनजाति नहीं हैं, स्वयं कुड़मी नेताओं ने इसकी घोषणा की है. अब सरकार से आदिवासी होने का दावा कर आंदोलन कर रहे हैं. लेकिन इससे प्रभावित होने वाला नहीं है. कुड़मी संपन्न परिवार से आते हैं. अगर उनकी आर्थिक स्थिति को देखा जाय तो वे आदिवासियों के मुकाबले बेहतर स्थिति में हैं.

### कुड़मी को तो आदिवासी का दर्जा मिलना चाहिए : सुशील



कुड़मी समाज के सक्रिय कार्यकर्ता सुशील महतो ने कहा कि कुड़मी को आदिवासी का दर्जा मिलना चाहिए. क्योंकि कुड़मी जनजाति पहले से ही एक सोची समझी साजिश के तहत एसटी की सूची से हटा दिया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है. आदिवासियों की रीति रिवाज से लेकर प्राकृतिक पूजा तक कुड़मी समाज के लोग करते हैं. लेकिन इसमें राजनीति की जा रही है. सरकार से मांग है कि कुड़मियों के आदिवासी का दर्जा दे.

### कुड़मियों की यह मांग बहुत ही पुरानी है : नीतीश महतो



समाज के कार्यकर्ता नीतीश महतो ने कहा कि कुड़मी का एसटी का दर्जा होना अभी की लड़ाई नहीं है. कई बरसों से यह लड़ाई चल रही है. लेकिन सरकार इसको नजरअंदाज कर रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार से लगातार मांग की जा रही है कि हमें एसटी का दर्जा दिया जाए. लेकिन नहीं दिया जा रहा है. जबकि प्राकृति पूजा से ही हमारी दिनचर्या शुरू होती है. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है. उसे पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए.

### एक कमेटी बनाकर इस पर विचार करना चाहिएः बारिक



सामाजिक कार्यकर्ता पीपुन बारिक ने कहा कि लगातार कुड़मी समाज अपना आंदोलन कर रहा है. लेकिन सरकार इसे नजरअंदाज कर रही है. एसटी की सूची में शामिल करें या न करें यह बाद की बात है. लेकिन एक कमेटी बनाकर इस पर विचार करना चाहिए. लगातार रेल रुको आंदोलन कर जन जीवन अस्त व्यस्त किया जा रहा है. सरकार को इस पर गंभीरता से विचार कर कुड़मी समुदाय की मांगों को गंभीरता से लेना चाहिए. उनकी मांग जायज है तो उन्हें उनका हक दिया जाना चाहिए. अन्यथा मांग को खत्म कर दिया जाए.

## गिरिडीह

### आदिवासी व कुड़मी में काफी समानताएं हैं : लक्ष्मण किशोर



जमुआ प्रखंड निवासी लक्ष्मण किशोर ने कहा कि कुड़मी समाज को एसटी का दर्जा मिलना ही चाहिए. यह उनका अधिकार है. इसके लिए समाज के लोग लंबे समय से आंदोलनरत रहे हैं. एसटी का दर्जा मिलने के बाद ही इस समाज का विकास संभव हो सकेगा. आदिवासी और कुड़मी समाज में बहुत ही समानताएं हैं. इस पर राज्य सरकार को विचार कर जल्द निर्णय लेना चाहिए.

### कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने पर विचार हो : पप्पू पांडेय



बेंगाबाद प्रखंड के पप्पू पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार को कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल करने पर जल्द विचार करना चाहिए. हर विंदु पर गौर करने के बाद यदि यह समाज एसटी का दर्जा पाने के योग्य है, तो उन्हें उनका अधिकार मिलना चाहिए. वैसे भी आदिवासियों और कुड़मी समाज के लोगों की संस्कृति और सभ्यता देखने में एक जैसी लगती है.

### दोनों ही समाज की संस्कृति एक जैसी है : करण यादव



तिसरी प्रखंड के करण यादव ने कहा कि कुड़मी समाज अपने आपको लव-कुश का वंशज बताता है. दोनों ही समाज की संस्कृति एक जैसी प्रतीत होती है. अपने अधिकार के लिए कुड़मी समाज के लोग लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं. उनकी मांग जायज है. ऐसे में राज्य सरकार को लोगों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए सभी पहलुओं पर विचार कर जल्द बड़ा फैसला लेना चाहिए.

### एसटी का दर्जा मिलने से होगा समुचित विकास : मोहित कुमार



धनवार प्रखंड के मोहित कुमार सिन्हा ने कहा कि कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल करना सही कदम होगा. क्योंकि इसमें उनका समुचित विकास संभव हो सकेगा. इस मांग को लेकर कुड़मी समाज के लोग लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं. लोकतंत्र में सभी को अपने हक के लिए संघर्ष करने का अधिकार मिला है. राज्य सरकार को इस पर जल्द निर्णय लेना चाहिए.

## धनबाद

### कुड़मी समुदाय की मांग पूर्ण रूप से जायज हैः संदीप महतो



संदीप महतो का मानना है कि कुड़मी की मांग पूर्ण रूप से जायज है. केवल राजनीतिक परिस्थितियां या दबाव ऐसी है कि कुड़मी को फिर से सूचीबद्ध नहीं होने दिया जा रहा है. 1990 के झारखंड मामले की रिपोर्ट में कुड़मी को जब गैर सरकारी आदिवासी माना गया तब तो कोई विरोध नहीं हुआ. उसी वक्त विरोध कर देना चाहिए था. नहीं चाहिए झारखंड. क्यों गैर सरकारी आदिवासी लिखे हो कुड़मी को. गलत है. तब सहमत थे. आज झारखंड बन गया तो संसाधन में कब्जा करने के लिए कुड़मी को विरोधी लोग पहचान नहीं रहे हैं.

### अभी इस आंदोलन को कुचलने का दौर जारी हैः बैजनाथ महतो



तोपचांची गेदंनावाडीह पंचायत के बैजनाथ महतो कहते हैं कि कुर्मी/कुड़मी जाति आदिवासी सूचि था लेकिन एक बहुत बड़े साज़िश के तहत 1950 ई में हटा दिया. तब से आज तक कुर्मी/कुड़मी जाति के पूर्वजों के द्वारा लगातार आदिवासी सूचि में पुनः डालने के लिए आंदोलन करता रहा है. लेकिन अभी भी इस आंदोलन को कुचलने का दौर जारी है. कभी आदिवासियों को उकसाया जाता है कि अगर कुर्मी आदिवासी सूचि में आ गया तो आदिवासी लोगों का हकमारी होगा. अगड़ी जाति लोगों को डर है कि अगर कुड़मी आदिवासी सूचि में आ जायेगा तो परेशानी होगी.

### एसटी में शामिल करने की मांग दशकों पुरानीः निताई चंद्र महतो



मुखिया निमाईचंद्र महतो कहा कि कुड़मियों को पुनः आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग दशकों पुरानी है. झारखंड सरकार में विपक्ष में रहते हुए शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन ने भी कुड़मियों के मांग पत्र पर हस्ताक्षर किए थे. अब जब उनकी सरकार है तो बिना विलंब किये कुड़मी जाति को एसटी का दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेजे. लेकिन सरकार इस पर गंभीर नहीं दिखती है. आखिर हमलोग भी यहां के निवासी है. सरकार को सभी को साथ लेकर चलना चाहिए. कब तक हमें किनारे रखा जाएगा.

### समाज 72 वर्षों से लड़ रहा है लड़ाई : अंबिका प्रसाद महतो



समाजसेवी अंबिका प्रसाद महतो का कहना है कि कुड़मियों को अनुसूचित जनजाति सूची में सूचीबद्ध करने की लड़ाई समाज 72 वर्षों से लड़ रहा है. हम अपने अपनी संवैधानिक मांग को लेकर संघर्षरत हैं. कुंडमी समाज की अपनी भाषा कुडमाली है, इस समाज की अपनी प्रथागत व्यवस्था (कस्टमरी लॉ) है. आज उनकी आबादी लगभग 90 लाख है. कुड़मी भारत में 1913 से 1931 तक के गजट में अनुसूचित जनजाति सूची में थे. जिसे1950 में सूची से बाहर किया गया है. हम कल भी आदिवासी थे, आज भी हैं.

### सरकार को इस पर है विचार करने की जरूरत : मिठू महतो



समाजसेवी मिठू महतो की मानें तो कुडमी आंदोलन वर्षों से चला आ रहा है. इसमें कई लोग अपनी शहादत भी दे चुके हैं. वे इसे लेकर काफी गंभीर हैं. इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए आज भी लोग आंदोलित हैं. सरकार को इस पर विचार करने की जरूरत है. शांतिपूर्ण तरीके से समाज के लोग आंदोलन कर रहे हैं. यदि कुर्मी को एसटी का दर्जा प्राप्त हो जाता है तो इसमें आदिवासियों का ही लाभ होगा. इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं होगी. इसे समझने की जरुरत है. बेवजह इस पर राजनीति हो रही है.

### एसटी की मांग इस समुदाय का मौलिक अधिकार : मंतोष महतो



सामाजिक कार्यकर्ता मंतोष महतो ने कहा कि एसटी बनना छोटानागपुर पठार के कुडमी समुदाय का मौलिक अधिकार है. भारत के गजट 1913 एवं 1931 में कुडमी समुदाय आदिवासी की सूची में दर्ज है, जिसे 1950 में बिना किसी कारण व नोटिफिकेशन के एसटी सूची से बाहर रखा गया. तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस गलती स्वीकार करते हुए सुधार करने की बात कही थी. 1940 में पटना हाई कोर्ट के जजमेंट हराखनाथ ओहदार बनाम गणपत राय में कहा गया है कि कुडमी समुदाय का खुद का कस्टमरी लॉ है.



# थाना और स्कूल मार्ग बना तालाब, आम लोगों व स्कूली बच्चों का चलना मुश्किल

संवाददाता। मनोहरपुर

लगातार बारिश से मनोहरपुर शहर व आस पास के क्षेत्र की सड़कों पर जलजमाव से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है. सबसे बदतर हालत मनोहरपुर थाना और स्कूल मार्ग की है. इधर कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से मनोहरपुर थाना व स्कूल जाने वाली मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हो गई है. इससे आम लोगों के अलावा स्कूली बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो गया है. विदित हो कि इस मार्ग पर अवस्थित मनोहरपुर थाना, पंचायत भवन, एसएसआईपी प्लस टू स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय, डीएनएम पब्लिक इंग्लिश स्कूल एवं आदिवासी बालक छात्रावास है. इसी मार्ग पर स्थित शहर के सबसे बड़ा टोला बीस खोली एक बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है. चूंकि बारिश के चलते खासकर यह मार्ग पूरी तरह से कीचड़मय व तालाब में तब्दील हो जाता है. उस सड़क पर चलना तो मुश्किल तथा जल की निकासी नहीं होने से दूषित जल से दुर्गंध फैलने एवं वहां बीमारी फैलने की आशंका प्रबल हो गई है. मनोहरपुर अंचल क्षेत्र में मौसमी बीमारी जैसे वायरल फीवर, मलेरिया, टायफाइड के मरीजों के अलावा डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या भी बढ़ी है. उक्त सड़क पर जलजमाव की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है. इससे वहां की स्थिति नर्क बन गई है. खासकर वहां रह रहे आम लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. लेकिन प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आज तक सुध नहीं ली है.

## आओ जानें
## झारखंड सामान्य ज्ञान

1. जमशेदपुर में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया था ? – ननि गोपाल मुखर्जी
2. बेन्टोनाइट (मुल्तानी मिट्टी) के उत्पादन में कौन सा जिला अग्रणी है ? –साहेबगंज
3. झारखंड का पहला वृतिचित्र 1854 में किसके निर्देशन में बनाया गया ? –राधाकृष्ण
4. झारखण्ड की लेडी टारजन किसका उपनाम है ? –जमुना टुडू
5. बाघ किस जनजाति का पवित्र पशु है ? –बैगा
6. भादो महोत्स्व कहाँ मनाया जाता है ? –मलूटी (दुमका)
7. जोजोहातु किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ? –क्रोमाइट
8. भटिंडा (मुनीडीह) जलप्राप्त किस नदी पर है ? –कतरी नदी
9. मानभूम में झंडा सत्याग्रह कब हुआ ? –1945
10. झारखंड में मटर प्रसंस्करण केंद्र कहाँ है ? –नगड़ी (रांची)

## ब्रीफ खबरें

### गृह रक्षकों को नहीं मिला कर्तव्य भत्ता

**जमशेदपुर।** परसुडीह सदर अस्पताल में पदस्थापित गृह रक्षकों को पांच माह से कर्तव्य भत्ता नहीं मिला है. इसको लेकर मंगलवार को गृह रक्षक उपायुक्त से मिलने पहुंचे. उन्होंने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपकर कर्तव्य भत्ता भुगतान कराने की मांग की है. गृह रक्षकों ने बताया कि सदर अस्पताल में कुल 42 गृह रक्षक अपनी सेवा दे रहे है. इस गृह रक्षकों को मई माह से कर्तव्य भत्ता नहीं मिला है. भत्ता नहीं मिलने से काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. घर की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है.

### जनशिकायतों पर एक सप्ताह में रिपोर्ट दे: डीसी

**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने मंगलवार को जनशिकायत में आए शिकायतों के निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों की जल्द जांच कर त्वरित समाधान करें. उपायुक्त ने जनता की समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिया.

### धनबाद स्टेशन को मिला आईजीबीसी अवार्ड

**धनबाद।** आईजीबीसी (इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल) के अध्यक्ष उज्जवल चक्रवर्ती ने मंगलवार को आईजीबीसी ग्रीन रेटिंग प्रणाली के तहत धनबाद स्टेशन को 75 और कोचिंग डिपो को 71 अंक दिए. मंगलवार को धनबाद स्टेशन के पोर्टिको में समारोह आयोजित कर डीआरएम केके सिन्हा को आइजीबीसी की ओर से सम्मानित किया गया. मौके पर आइजीबीसी अध्यक्ष उज्ज्वल चक्रवर्ती समेत उपाध्यक्ष रंजोत सिंह, डीआरएम केके सिन्हा व अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

### स्कूल से मध्याह्न भोजन का अनाज चोरी

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के सिलफोड़ी पंचायत के बुढ़ीगोड़ा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में चोरों ने मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रखे गए अनाज की चोरी कर ली. बताया जाता है कि मंगलवार को विद्यालय के प्राचार्य विकास महतो व अन्य शिक्षक जब विद्यालय पहुंचे तो स्कूल के स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ पाया. इसके बाद जांच में पाया गया कि स्टोर रूम में मध्याह्न भोजन के लिए रखा गया पांच बोरा चावल, 15 किलो दाल व दो ट्रे अंडा गायब है.

### चिरकुंडा डाकघर के समक्ष अभिकर्ताओं ने दिया धरना

**मैथन।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ के बैनर तले मंगलवार को चिरकुंडा डाकघर के मुख्य गेट के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर अभिकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया. धरना में अभिकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ केंद्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार दो अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक धरना प्रदर्शन कर रहा है. मांगों में कमीशन में वृद्धि, एजेंसी का आजीवन नवीकरण, सुकन्या समृद्धि योजना, सीनियर सिटीजन बचत योजना, महिला सम्मान निधि, पीपीएफ योजना में कमीशन शामिल है.

प्रोजेक्ट भवन में 92 इंजीनियर और एलडीसी को दिया नियुक्ति पत्र, सीएम बोले

# जल्द ही कई विभागों में बड़े पैमाने पर होंगी नियुक्तियां



प्रोजेक्ट भवन सभागार में कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन और नियुक्ति पत्र के साथ युवा.

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन (झारखंड मंत्रालय) सभागार में 93 इंजीनियरों और निम्न वर्गीय लिपिकों (एलडीसी) के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया. इनमें 47 सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर और 46 एलडीसी शामिल थे. इस मौके पर सीएम ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी. कहा कि जल्द ही कई विभागों में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां होंगी. इसकी तैयारी की जा रही है. उन्होंने कहा कि हमने इस सभागार में कई नियुक्तियां दी है. कम समय में बहुत सारी नियुक्तियां सरकार ने की है. बीडीओ-सीओ, डीएसपी, शिक्षकों, कृषि, खेल समेत कई विभागों के पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है.

### बोले सीएम

- जनता से किया वादा ईमानदारी से पूरा कर रही है सरकार
- इस सभागार में कई नियुक्तियां दी हैं हमने

कोरोना और सुखाड़ जैसी चुनौतियों के बीच हमने बेहतर काम किया है. सभी विभागों में नियुक्ति की है. कोई ऐसा महीना नहीं बीतता, जब नियुक्ति पत्र नहीं बंटा होगा. हर महीने किसी न किसी वर्ग के को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है. सरकार राज्य की जनता से किये वादे को पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करने में लगी है, लेकिन विपक्ष के लोग सड़कों पर उतरकर विकास नहीं हुआ का ढिंढोरा पीट रहे.

### पहली बार हमने बनाई झारखंड में नियुक्ति नियमावली

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने एक लंबी राजनीतिक लड़ाई के बाद सत्ता संभाला. झारखंड जैसे राज्य में कई चुनौती रही. पहले तो नियुक्तियों के लिए कोई नियमावली भी नहीं थी, हमने राज्य बनने के बाद पहली बार जेपीएससी की नियुक्ति नियमावली बनाई. कई विभागों की नियुक्ति नियमावली थी ही नहीं, तो नियुक्ति होती कैसे. सीएम ने कहा कि सरकार चाहती है कि हमारे झारखंडी भाईयों को रोजगार मिले. इसके लिए हमने न सिर्फ सरकारी बल्कि कैंप लगाकर प्राइवेट नौकरियां भी दी.

### चुनौतियों के बावजूद झारखंड गुजरात से आगे

सीएम ने कहा कि देश में ऐसी नीतियां बन रही है, जिससे हर सरकारी चीज का निजीकरण हो रहा है. झारखंड में कई चुनौतियां हैं. इतनी चुनौतियों के बाद भी हमारा राज्य आगे हैं. झारखंड का वित्त प्रबंधन भी गुजरात से आगे है. यह देश का पहला राज्य है जहां पिछड़ा, गरीब, अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चे विदेशों में पढ़ाई करने जा रहे हैं. हमने 50 बच्चों को विदेशों में पढ़ने भेजा. कई युवाओं को वहीं नौकरी मिली, वहीं उनमें से कई युवा लौट कर देश और राज्य की सेवा कर रहे हैं. सीएम ने घोषणा की कि कुछ दिनों बाद कुछ शिक्षकों की भी नियुक्ति होगी. कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम की प्रधान सचिव वंदना दादेल, सीएम के सचिव विनय चौबे समेत कई अधिकारी मौजूद थे.

## बहू की हत्या कर शव को जलाया, पिता ने थाने में दर्ज कराया मामला

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र के सिकदारडीह गांव की 21 वर्षीय विवाहिता के शव को मायके वालों को बिना सूचना दिये जला देने का मामला प्रकाश में आया है. जानकारी के अनुसार मृतिका के पिता मोहनपुर थाना क्षेत्र के बराछतमी गांव निवासी लालजी महतो ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि वह अपनी पुत्री प्रतिमा देवी की शादी तीन वर्ष पूर्व सिकदारडीह गांव के दिलीप यादव के पुत्र राजु यादव के साथ किया था. बाद में ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे. अचानक मंगलवार को सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई और शव भी जला दिया गया. सूचना मिलते ही वह सिकदारडीह गांव पहुंचा तो पता चला कि बेटी ने फांसी लगा ली थी. पूछताछ करने पर बेटी के ससुराल वाले उसे भाग दिए. इसके बाद वह थाना पहुंचा और थाने में लिखित शिकायत दी. पिता ने आरोप लगाया है कि ससुराल वाले बेटी की हत्या कर शव को जला दिए हैं. पुलिस ने शिकायत लेकर मामले की छानबीन कर रही है.

# टाटा स्टील ने ऑनलाइन स्पोर्ट्स पोर्टल लांच की




धर्मेंद्र कुमार। जमशेदपुर

टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में खेलों के पंजीकरण करने के लिए ऑनलाइन स्पोर्ट्स पोर्टल लॉन्च किया है. इससे अब लोगों के लिए जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में विभिन्न खेलों के लिए पंजीकरण और सदस्यता प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव आएगा. वहीं अब पोर्टल के माध्यम से ही खेल के लिए मैदानों की बुकिंग की जा सकेगी. यह पोर्टल खेल और फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में टाटा स्टील द्वारा दी जाने वाली सभी खेल सुविधाओं और सेवाओं तक पहुंचने का एक सहज और सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है.

### कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पंजीकरण हुआ आसान

एकीकृत ऑनलाइन स्पोर्ट्स पोर्टल की लॉन्चिग टाटा स्टील के खेल विभाग के लिए एक रोमांचक नए अध्याय का प्रतीक है. भविष्य को देखते हुए कंपनी इस मंच के माध्यम से रन-ए-थॉन और समर कैंप जैसे प्रमुख कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रही है, जो सदस्यों के लिए और भी अधिक आकर्षक अनुभव प्रदान करेगा. मैदानों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन बुकिंग भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे सदस्यों के लिए अपनी पसंदीदा खेल गतिविधियों में भाग लेना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा.

# महेशमुंडा रेलवे अंडरपास में भरा पानी

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह-जामताड़ा मुख्य सड़क पर महेशमुंडा रेलवे स्टेशन के समीप बने अंडरपास में पानी जमा हो जाने से राहगीरों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन प्रबंधक को आवेदन देकर अंडरपास में जमा पानी निकासी कर आवाजाही दुरुस्त करने की मांग की है. जानकारी के अनुसार कोडरमा-मधुपुर नई रेलवे लाइन निर्माण के समय महेशमुंडा रेलवे क्रॉसिंग के समीप विभाग ने अंडरब्रिज का निर्माण किया था लेकिन लोगों की सुगमता के लिए बनाया गया अंडरब्रिज अब परेशानी का सबब बन गया है. महेशमुंडा अंडरब्रिज में एकाध माह छोड़कर सालोंभर पानी भरा रहता है, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को हमेशा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.अंडरब्रिज से सटा एक तालाब है, जिस कारण अंडरब्रिज में हमेशा पानी जमा रहता है. ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में अंडरब्रिज में कमर तक पानी आ जाता है.

# चैंबर ऑफ कॉमर्स के चक्रधरपुर अनुमंडल उपाध्यक्ष का चुनाव 9 को

संवाददाता। चाईबासा

पश्चिमी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-25 के चक्रधरपुर अनुमंडल उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कुल 36 सदस्यों में से 30 सदस्यों द्वारा मतदान किया गया. मतगणना में दोनों प्रत्याशियों को समान 15-15 वोट प्राप्त हुए, नियमानुसार दोनों प्रत्याशियों की उपस्थिति में ड्रॉ के माध्यम से विजेता का निर्धारण किया जाना था. लेकिन दोनों प्रत्याशियों द्वारा मतदाता सूची में आपत्ति दर्ज कराई गई, जिस पर चुनाव समिति ने संज्ञान लेते हुए चुनाव को रद्द करने का निर्णय लिया. यह चुनाव अब 9 अक्टूबर को चक्रधरपुर के एक होटल में होगा.



मुख्य चुनाव पदाधिकारी बजरंग लाल चिरनिया ने कहा कि इस चुनाव की पूरी प्रक्रिया में चुनाव समिति को किसी भी प्रत्याशी या सदस्यों द्वारा कोई भी लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है. जबकि पूरी चुनाव प्रक्रिया में दो सदस्यों के द्वारा संस्था के नियम के विरुद्ध कार्य एवं चुनाव प्रक्रिया में लगातार हस्तक्षेप किया गया है, जिस पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

## महुआडांड़ में हुआ स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**लातेहार।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के संकल्प सप्ताह के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महुआडांड़ में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. इस स्वास्थ्य मेला में एएनसी जांच, टीबी, कुष्ट एवं एनेमिया जांच, नेत्र जांच, कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने हेतु जाँच, जेनरल ओपीडी एवं बच्चों का टीकाकरण किया गया. स्वास्थ्य मेला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी महुआडांड़ अमित खलखो ने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला में कुल 552 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया. चिकित्सीय जांच के बाद रोगियों को निशुल्क दवा उपलब्ध करायी गई. इस स्वास्थ्य मेला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी स्वास्थ्य जांच कराया.

कर्मचारियों को अधिकतम 1,18,257 व न्यूनतम 34,309 रुपये मिलेंगे

# टीआरएफ कंपनी में हुआ बोनस समझौता

धर्मेंद्र कुमार। जमशेदपुर

टाटा स्टील की अनुषंगी कंपनी टीआरएफ कंपनी में मंगलवार को बोनस समझौता हो गया. टीआरएफ कंपनी में 18% बोनस कर्मचारियों को दिया जाएगा. इसके अनुसार कर्मचारियों को अधिकतम 1,18,257 एवं न्यूनतम 34,309 रुपये बोनस की राशि मिलेगी. कर्मचारियों को बोनस की राशी बुधवार को उनके एकाउंट में भेज दी जाएगी. इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कहा कि टीआरएफ कंपनी में लगभग 12 वर्षों के बाद इतना अच्छा बोनस समझौता हुआ है. कंपनी लगभग 10-12 वर्षों से घाटे में चल रही थी, किन्तु इस वर्ष कंपनी ने लाभ अर्जित किया है. यह बोनस समझौता कर्मचारियों की अपेक्षा अनुसार बेहतर है. उन्होंने इस समझौते के लिए कंपनी प्रबंध निदेशक ऊमेश कुमार सिंह को धन्यवाद दिया.



बोनस समझौता पर हस्ताक्षर करते प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष

### महामंत्री एमएच हीरा ने की प्रबंधन की सराहना

महामंत्री एमएच हीरा मानेक ने प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के हित में किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि प्रबंध निदेशक के कुशल नेतृत्व में कंपनी परिसर व टीआरएफ कॉलोनी सहित सभी जगहों पर बेहतर कार्य रही है. बोनस समझौता पर प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशक उमेश कुमार सिंह, आनंद चांद, अभिजीत सिंह, वीके सिंह, चेतन सिंह राठौर, मनोरंजन चक्र, एमएच उसमानी और आरती अग्रवाल तथा यूनियन की ओर से अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, एमएच. हीरामानेक, संजय कुमार, बलभद्र पूर्ति, अंजनी कुमार, नवीन कुमार, मनोरंजन कुमार सिंह, बेबी कुमारी, राजेश शेरपा, जेएस मुंडा और पदमजीत ने हस्ताक्षर किए.

## कई दुकान व घरों में घुसा बारिश का पानी

**घाटशिला।** घाटशिला में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है. मंगलवार की शाम हुई मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर जल जमाव के साथ-साथ घाटशिला मुख्य बाजार के कई दुकानों तथा घरों में पानी घुस गया. मुख्य बाजार स्थित बाटा जूता दुकान में बारिश का पानी घुसने से काफी नुकसान हुआ है. लगभग एक घंटे हुई मूसलाधार बारिश से पूरी सड़क जलमग्न हो गई. सड़क किनारे फुटपाथ पर सब्जी दुकान लगाने वालों की सब्जी भी पानी के तेज बहाव में बह गई. शहर की नालियों की सफाई नहीं होने के कारण बजबाजाती नालियों का गंदा पानी घरों में घुस गया. ज्ञात हो की पिछले शनिवार से लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

निर्णय | शिव मंदिर का निर्माण कराएंगे कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, समर्थन में लगे नारे

# 'हरे कृष्णा हरे हरे, इरफान अंसारी घरे-घरे'

विशेष संवाददाता, रांची/जामताड़ा

कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने जनता की मांग पर घोषणा की कि वे मिहिजाम के अंबेडकर नगर में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य कराएंगे. इस घोषणा के बाद डॉ इरफान अंसारी के समर्थन में 'हरे कृष्णा हरे हरे... इरफान अंसारी घरे घरे के नारे से गूंज उठा'. मौके पर उपस्थित लोगों में विधायक से मिलने की उत्सुकता साफ देखी और सभी लोगों ने मिल कर विधायक के समक्ष अपनी बातें और समस्याएं रखीं. मौके पर उपस्थित महिलाओं ने विधायक के समक्ष शिव मंदिर के निर्माण की मांग रखी. महिलाओं ने कहा कि आपके बारे में हम लोगों ने काफी सुना है और आप आए दिन मंदिर का निर्माण कर रहे हैं. आप सभी धर्म और संप्रदाय के लोगों को सम्मान देते हैं, जो आपकी सबसे बड़ी विशेषता है. ऐसे में हम लोग यह चाहते हैं कि शिव मंदिर का यह शुभ काम आपके द्वारा ही हो.



### जनता की मांग पर विधायक ने की घोषणा, बनवाएंगे शिव मंदिर

जनता की मांग पर विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि अंबेडकर नगर में शिव मंदिर का निर्माण अवश्य कराएंगे. मैं लगातार पूरे क्षेत्र में मंदिर, मस्जिद, जाहेरस्थान, बूढा बूढ़ी थान का निर्माण करने का काम किया हूं. इसी को देखते हुए आज क्षेत्र के कई जगहों से मंदिर निर्माण कराने की मांग होती है. यह मेरे लिए गर्व की बात है. मैंने अपने पूरे कार्यकाल में सभी धर्म एवं संप्रदाय को लोगों को लेकर चलने का काम किया हूं. सभी धर्म का सम्मान किया हूं. धर्म एवं संप्रदाय से ऊपर उठकर ही मैं काम करता आ रहा हूं और पूरे जामताड़ा का संपूर्ण विकास कर रहा हूं. आज जहां भी जाता हूं आपलोगों का प्यार और सम्मान मुझे मिलता है. मेरी मेहनत की यही कमाई है और अंतरात्मा से मुझे खुशी भी मिलती है. आप लोग ऐसे ही अपना विश्वास एवं जन समर्थन बनाए रखें.

### बोले इरफान

- मंदिर निर्माण कार्य कराने की मांग मेरे लिए गर्व की बात है
- धर्म एवं संप्रदाय से ऊपर उठकर मैं काम करता हूं

### दुर्गा पूजा को देखते हुए 15 सौ साड़ियों का वितरण किया

कार्यक्रम के तुरंत बाद विधायक ने उपस्थित महिलाओं के बीच दुर्गा पूजा को देखते हुए लगभग 1500 साड़ियों का वितरण किया और कहा कि मेरी तरफ से एक छोटी सी भेंट आप लोगों के लिए है. यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहेगा.

# क्वार्टर रेंट 25 गुना बढ़ाया विरोध में प्लांट का गेट जाम

संवाददाता। बोकारो

डीवीसी प्रबंधन की ओर से पेंशनधारियों के आवासों का किराया 25 गुना बढ़ाये जाने के विरोध व बोकारो थर्मल प्लांट में 75 प्रतिशत स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार देने सहित नौ सूत्री मांगों के समर्थन में 3 अक्टूबर को बोकारो थर्मल प्लांट गेट जाम का अनिश्चित कालीन आंदोलन शुरू किया गया. इसका नेतृत्व कांग्रेस के बेरमो विधायक जय मंगल उर्फ अनूप सिंह कर रहे हैं. यह आंदोलन संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति के बैनर तले किया जा रहा हैं. इसमें इंडिया गठबंधन में शामिल लगभग सभी दल व यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हैं. यहां माले नेता विकास सिंह व बालेश्वर यादव सहित झामुमो बेरमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत महतो, कांग्रेस नेता बाबूलाल गिरि आदि नेताओं ने कहा कि विभिन्न राज्यों से आकर बोकारो थर्मल प्लांट में वर्षों तक योगदान देने वाले डीवीसी के सेवानिर्वित कर्मचारियों को प्रबंधन बेवजह परेशान कर रही हैं. क्वाटरों का मासिक किराया 25 गुना बढ़ा दिया गया है, ताकि सेवानिर्वित कर्मचारी डीवीसी क्वार्टर को छोड़ दें. आंदोलनकारियों ने कहा कि 35 से 40 वर्ष डीवीसी में सेवा देने वाले कर्मचारियों के साथ प्रबंधन का रवैया उचित नहीं है. इसके अलावा बोकारो थर्मल बी प्लांट को तोड़ने व कटिंग का कार्य लगभग 292 करोड़ रुपये का कार्य निविदा पर हैदराबाद की कंपनी राधा टीएमटी करवा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### हथियार के बल पर स्वर्ण व्यवसायी से लूट

**हाजीपुर ।** वैशाली के पातेपुर थाना क्षेत्र के मुंशी चौक स्थित एक सोना दुकान में घुसकर बेखौफ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है. स्कूटी सवार तीन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने पीएफ ज्वेलर्स दुकान में घुसकर दुकानदार पप्पू कुमार साह को पिस्टल दिखाकर अपने कब्जे में ले लिया और दुकान से सोने चांदी का जेवरात समेत बिक्री का रुपए भी लूटकर आसानी से भाग गया.लूटी गई जेवरात की कीमत 6 लाख रुपए बताए गए हैं जबकि 10 से 12 हजार रुपए नगदी लूटे गए हैं. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### गाड़ी साइड करने के विवाद में चलाई गोली

**आरा ।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में सोमवार की देर शाम रोड रेज को लेकर हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग व पत्थरबाजी की. जिसमें तीन गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए.
इधर,अभिषेक कुमार ने कहा कि उनके रिश्तेदार आनंद नगर मोहल्ले में अपनी तीन गाड़ियों के साथ आए थे. पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है.

### नवादा में पोखर में डूबने से युवक की मौत

**नवादा ।** नवादा में पोखर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई. यहां मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. बता दें कि पूरा मामला मंगलवार का है. घटना वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कोचगांव गांव की है. यहां पोखर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई. बताया जाता है कि मंगलवार को राजनीति सिंह के 38 साल का बेटा रामजतन सिंह के रूप में मृतक की पहचान की गई है. गांव स्थित बधार शौच क्रिया बाद कल्याण कुंवर स्थान के पास पोखर में हाथ पैर धोने के दौरान उसका पैर फिसल गया. इससे वह पोखर में डूब गया. इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई.

### बिहार रेजिमेंट सेंटर पर अग्निवीर पासिंग आउट परेड

# 342 अग्निवीर जवानों को किया गया शामिल

**संवाददाता । पटना**

बिहार रेजिमेंट सेंटर राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना. यहां अग्निपथ योजना के तहत बिहार रेजीमेंट केंद्र से द्वितीय बैच के 342 युवा एवं गतिशील अग्निवीरों ने अपने प्रशिक्षण केंद्र, बिहार रेजीमेंट केंद्र दानापुर में पासिंग आउट परेड के लिए मार्च किया. भारतीय सेना के ये बहादुर एवं भावी सैनिक 31 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं. राष्ट्र की संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा करने की कसम लेने और सैन्य युद्ध के सभी पहलुओं की विशेषज्ञता हासिल की है. जिसके बाद बिहार रेजीमेंट के इन अग्निवीरों को ऑपरेशनल परिस्थितियों में तैनात किया जाएगा जहां पर यह अपनी क्षमता साबित करेंगे. बिहार रेजिमेंटल केंद्र के कमांडेंट ब्रिगेडियर केडी जसपाल ने प्रभावशाली परेड की समीक्षा की और अग्निवीरों को बहुत ही कठिन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बावजूद उच्च मानक हासिल करने पर बधाई दी साथ ही इन नवोदित सैनिकों से तिरंगे के प्रति अपनी प्रतिज्ञा को हमेशा याद रखने और मातृभूमि की सेवा में कोई कसर न छोड़ने का आह्वान किया.



### आओ जानें

## जानें राजगीर के बारे में

- पटना से 100 किमी दक्षिण–पूर्व में पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच बसा राजगीर न केवल एक प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थल है.
- राजगीर मगध भारत के बिहार राज्य के नालंदा जिले में स्थित एक ऐतिहासिक नगर है. यह कभी मगध साम्राज्य की राजधानी हुआ करती थी.
- वसुमतिपुर, वृहद्रथपुर, गिरिब्रज और कुशग्रपुर के नाम से भी प्रसिद्ध रहे राजगृह को आजकल राजगीर के नाम से जाना जाता है.
- जैन धर्म के 20 वे तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ स्वामी के गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान कल्याणक एवं 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी के प्रथम देशना स्थली भी रहा है.
- जैनग्रंथ विविध तीर्थकल्प के अनुसार राजगीर जरासंध, श्रेणिक, बिम्बसार, कनिक आदि प्रसिद्ध शासकों का निवास स्थान था.

### बिहार कैबिनेट में 14 एजेंडों पर लगी मुहर

# राज्य न्यायिक सेवा में भी अब मिलेगा 10% आरक्षण

**संवाददाता । पटना**

बिहार में जातिगत गणना आने के बाद सीएम नीतीश कुमार ने मंगलवार को बड़ा फैसला लिया है. जनरल केटेगरी से आने वाले लोगों के लिए ईडब्ल्यूएस के तहत न्यायिक सेवा में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है. इसके अलावा नीतीश कैबिनेट में 14 एजेंडा पर मुहर लगी है. इनमें सबसे प्रमुख यह है कि अब उच्च न्यायिक सेवा में भी आरक्षण दिया जाएगा. बिहार उच्च न्याय सेवा संशोधन नियमावली 1951 और बिहार असैनिक सेवा न्याय शाखा भर्ती नियमावली 1955 में संशोधन पर मुहर लगी है. बिहार उच्च न्याय सेवा संशोधन नियमावली 2023 और बिहार असैनिक सेवा न्याय शाखा भर्ती संशोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है. इसके जरिए ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी को 10 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा.



**100 पशु चिकित्सालय और आवास :** पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से पशु चिकित्सालय एवं आवास के लिए नए भवन के निर्माण कराया जाने का प्रस्ताव भेजा गया था जिसके आलोक में वर्ष 2023-24 के तहत 100 प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय सह आवास भवन के निर्माण के लिए एक अरब 7 करोड़ 69 लख रुपए खर्च करने की स्वीकृति मंत्री परिषद द्वारा दी गई है. इससे पूरे बिहार में 100 पशु चिकित्सालय बनेंगे. इसके साथ ही पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने 17 जिलों के लिए जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र के भवन निर्माण के लिए दो अरब 25 करोड़ 597 हजार रुपए की स्वीकृति मंत्री परिषद द्वारा प्रदान की गई है .

**तीन विभागों में 81 पदों का सृजन :** मंत्रिपरिषद में राज्य सरकार ने तीन विभागों में 81 पद को भी सृजन करने की स्वीकृति प्रदान किया है, इनमें खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में अनुबंध के आधार पर निम्न वर्गीय लिपिक के कुल 30 पदों की सृजन की स्वीकृति मिली है. विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रशाखा पदाधिकारी के लिए 16 अतिरिक्त पदों का स्वीकृति प्रदान की गई है. हालांकि पहले से प्रस्तावित तीन पदों को भी लागू करने का आदेश दिया गया है. परिवहन विभाग में न्यायाधिकरण नियमावली 2023 के लिए मोटर वाहन दुर्घटना दावा का गठन किया जाना है जिसके लिए न्यायाधिकरण हेतु अध्यक्ष पद के लिए सात पद, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी के लिए 7 पद, उच्च वर्गीय लिपिक के लिए 7 पद, निम्न वर्गीय लिपिक के लिए 7 पद एवं आशुलिपिक के लिए 7 पदों का सृजन की स्वीकृति मंत्री परिषद की ओर से दी गई है जो कुल 35 पद हैं.

### बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा का रिजल्ट जारी

**पटना ।** बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड (बीएसईबी) ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट 2023) के नतीजे जारी कर दिए हैं. जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल हुए थे वह आधिकारिक साइट bsebstet.com पर जाकर नतीजे चेक कर सकते हैं. रिजल्ट चेक करने के लिए उम्मीदवार यहां बताए गए स्टेप्स को भी फॉलो कर सकते हैं. बीएसईबी एसटीईटी परीक्षा 2023 का आयोजन 04 से लेकर 15 सितंबर 2023 तक दो पालियों में हुआ था. बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड ने बिहार एसटीईटी परीक्षा की आंसर की 19 सितंबर को जारी कर दी थीं.

### बाबा बागेश्वर ने देखा पंडों के सैकड़ों साल का बही खाता

**गया ।** गया में बाबा बागेश्वर धाम के आचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आगमन हुआ है. पंडित धीरेंद्र शास्त्री जहां अपने पूर्वजों का पिंडदान किए. वहीं अपने अनुयायियों के लिए भागवत गीता का मूल पाठ भी करेंगे. सैकड़ों अनुयायी दो दिन पूर्व से ही गया पहुंचे हुए हैं और अपने पूर्वजों का पिंडदान कर रहे हैं. सैंकड़ों साल पुराने गयापाल पंडों के बही खाते को देख बाबा बागेश्वर भी हैरान रह गए. उन्होंने गौर से बही खाते को देखा और कुछ जानकारी ली. सबसे पहले उन्होंने अपने संबंधित गयापाल पंडा यानी गुरु जी को प्रणाम किया. इसके बाद बही खाते में अपने पूर्वजों का नाम देखा.

### बिहार जातिगत जनगणना

# हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 6 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

**संवाददाता । पटना**

पटना हाईकोर्ट के बिहार जाति जनगणना की अनुमति देने वाले आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस. वी. एन. भट्टी की पीठ ने सुनवाई के लिए याचिकाओं को सूचीबद्ध कर लिया है. पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को इसकी जानकारी दी. इससे पहले छह सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई तीन अक्टूबर तक टाल दी थी. वहीं सात अगस्त को शीर्ष अदालत ने पटना हाईकोर्ट द्वारा जाति सर्वेक्षण को हरी झंडी देने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और सुनवाई 14 अगस्त तक के लिए टाल दी थी.

पटना हाईकोर्ट के बिहार जाति जनगणना की अनुमति देने वाले आदेश को लेकर गैर सरकारी संगठन 'एक सोच एक प्रयास' की याचिका दायर की है. इसके अलावा कई अन्य याचिकाएं भी दायर की गयी हैं, जिनमें एक याचिका नालंदा निवासी अखिलेश कुमार की भी है, जिन्होंने दलील दी है कि इस सर्वेक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संवैधानिक आदेश के खिलाफ है. कुमार की याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक आदेश के तहत सिर्फ केंद्र सरकार को ही जनगणना करने का अधिकार है.

बता दें कि बिहार सरकार ने गांधी जयंती के मौके पर जाति आधारित गणना सर्वे की रिपोर्ट जारी की थी. अपर मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार की कुल आबादी 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है.

### 9 बजे से 4 बजे तक नहीं चलेंगे कोचिंग संस्थान

# शिक्षा विभाग के आदेश पर कोर्ट ने लगाई रोक

**पटना ।** पटना हाईकोर्ट ने राज्य में कोचिंग संस्थान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित नहीं करने को लेकर बिहार राज्य शिक्षा विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी द्वारा जारी आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है. जस्टिस मोहित कुमार शाह की एकल पीठ द्वारा ये आदेश सभी पक्षों को सुनने के बाद पारित किया गया है. दरअसल, अदालत में एक याचिका दायर कर इस आदेश को रद्द करने के लिए पटना हाई कोर्ट से अनुरोध किया गया था. अपर मुख्य सचिव केके पाठक द्वारा 31 जुलाई, 2023 को ये आदेश जारी किया गया था. याचिका के जरिये केवल आदेश के संबंधित भाग को रद्द करने के लिए आदेश देने का आग्रह किया गया है. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की दलील थी कि कोचिंग रेगुलेशन एक्ट, 2010 के प्रावधान के अनुसार समय रेगुलेट करने का पावर सरकार को नहीं है. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिनव श्रीवास्तव के जरिये कोचिंग एसोसिएशन ऑफ भारत और अन्य द्वारा ये याचिका दायर की गई थी.

### पोखर में नहाने गए 3 दोस्त डूबे, 2 की मौत

**गोपालगंज ।** गोपालगंज में डूबने से दो युवकों की मौत गई है. उचकागांव थाना क्षेत्र के बलेसरा गांव स्थित पोखर में नहाने गए तीन दोस्त डूबने लगे, जिसमें एक ने किसी तरह पानी से निकल कर अपनी जान बचा ली. वहीं दो दोस्त डूब गए जिससे दोनों की मौत हो गई. इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई है. मृतक की पहचान बलेसरा गांव निवासी रुस्तम मियां के 16 वर्षीय पुत्र इमरान अली और उसी गांव के निवासी कासिम मियां के 18 वर्षीय पुत्र इम्तियाज अली के रूप में की गई.

## कारोबार

### एलएंडटी को मिला पुल बनाने का ठेका

**नयी दिल्ली ।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की एक अनुषंगी इकाई को मुंबई में पुल निर्माण का ठेका मिला है. एलएंडटी की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के परिवहन ढांचा कारोबार इकाई को मुंबई में दहिसर-भायंदर पुल परियोजना का ठेका मिला है. यह ठेका बृहन्मुंबई महानगर पालिका (एमसीजीएम) से मिला. पुल दहिसर और भयंदर के बीच यात्रा के समय को काफी कम कर देगा. इसमें अभी 45 मिनट से अधिक समय लगता है. यह पुल 4.5 किलोमीटर लंबा होगा. कंपनी ने ठेके के मूल्य का खुलासा नहीं किया है.

### 15,000 करोड़ के कर्ज को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने मंगलवार को कहा कि उसने विभिन्न परियोजनाओं के लिए 15,000 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए हैं जिनमें हवाई अड्डा परियोजनाएं भी शामिल हैं. बिजली परियोजनाओं को वित्त मुहैया कराने वाली कंपनी पीएफसी ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 15,000 करोड़ के कर्ज को मंजूरी दी गई. इसके साथ पीएफसी ने पहली बार किसी हवाई अड्डे को कर्ज देने का फैसला किया है.

### कोयला उत्पादन सितंबर में 16% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** देश में कोयला उत्पादन सितंबर महीने में 15.81 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन रहा. एक साल पहले इसी महीने में यह 5.80 करोड़ टन था.
कोयला मंत्रालय ने बुधवार को बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान कोयला उत्पादन 12.06 प्रतिशत बढ़कर 42.82 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 38.22 करोड़ टन था. सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. का उत्पादन सितंबर महीने में बढ़कर 5.14 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 4.57 करोड़ टन था.

### चीन की बिगड़ती आर्थिक स्थिति से दुनिया की टेंशन बढ़ने लगी है

# चीन में कंपनी का लोन डिफॉल्ट हो रहा है

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन एक ताकतवर देश माना जाता है. दुनिया के हर महादेश में उसका निवेश है. लेकिन उसके अपने ही देश में स्थिति डगमगाने लगी है. दरअसल चीन की रियल एस्टेट कंपनियां दिवालिया हो रही हैं. जिसका असर वहां के बैंकों पर पड़ रहा है. चीन के बैंकों ने जितना कुल कर्ज बांटा है, उसका करीब 40 प्रतिशत सिर्फ रियल एस्टेट कंपनियों को दिया है. चूंकि कंपनियां दिवालिया हो रही है, इसलिए बैंकों का लोन अधर में लटका हुआ है. कंपनी का लोन डिफॉल्ट हो रहा है. चीन की समस्या इसलिए भी विकराल होती जा रही है, क्योंकि वहां पर पूरे बैंकिंग सेक्टर पर सरकार का नियंत्रण है. चीन के छोटे-बड़े बैंकों पर सरकार का नियंत्रण रहता है. ऐसे में अगर चीन कर्ज के इस संकट को पार पाने में विफल रहा तो ब्याज की लागत बढ़ती जाएगी जो चीन की इकोनॉमी फिसलती चली जाएगी.

वैसे चीन की आर्थिक सेहत किसी से छिपी नहीं है. दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बीते कुछ समय से बुरे दौर से गुजर रही है. वहां का रियल एस्टेट सेक्टर, जो उसकी जीडीपी में 30 फीसदी की हिस्सेदारी रखता है खस्ताहाल हो चुका है. रियल एस्टेट कंपनियां दिवालियां हो रही हैं. लोगों खर्च करने की हालत में नहीं है, इसलिए घर खंडहर बनते जा रहे हैं. एक अरब 40 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश की धीमी विकास दर, बेरोज़गारी, बूढ़ी होती जनसंख्या, प्रॉपर्टी बाज़ार की उथल-पुथल ने उसकी आर्थिक सेहत को बिगाड़ दिया है.

चीन का आर्थिक सेहत इस कदर बिगड़ती जा रही है कि अब दुनियाभर की टेंशन बढ़ने लगी है. चीन की बिगड़ती इकॉनमी का असर भारत पर भी हो सकता है. दोनों देशों के बीच भारी-भरकम आयात-निर्यात होता है. अगर चीन की अर्थव्यवस्था बिगड़ी तो इसका असर दोनों देशों के व्यापार पर भी दिखेगा और भारत भी प्रभावित होगा.

कोरोना के बाद चीन के सख्त लॉकडाउन ने वहां की सेहत तो सुधार दी, लेकिन आर्थिक सेहत बेपटरी हो गई. चीन में सामानों की कीमतों में आ रही बड़ी गिरावट उसकी इकॉनमी को चोट पहुंचा रही है. चीन डीफ्लेशन का सामना कर रहा है. यानी चीन में उत्पादन तो लगातार हो रहा है, लेकिन लोगों की हालत ऐसी है कि वो पैसा खर्च नहीं कर सकें. इसका असर बैंकिंग सेक्टर पर पड़ने लगा है. बैंकों का एनपीए यानी बैड लोन बढ़ता जा रहा है. चीन में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है. चीन की इस हालत का असर सिर्फ उसकी सीमा तक की सीमित नहीं है. इसका वैश्विक बाजार पर भी असर दिखने लगा है. जानकारों की माने तो चीन की हालत का असर मल्टीनेशनल कंपनियों, उनके कर्मचारियों पर पड़ेगा. हालांकि ये इस बात पर भी निर्भर करता है कि कंपनी वहां से जुड़ी कैसे है.

देखा जाय तो चीन करीब दो दशक से दुनिया की फैक्ट्री बना हुआ है. दुनिया में एक-तिहाई ग्रोथ के लिए चीन जिम्मेदार है. ऐसे में अगर उसकी बिगड़ती आर्थिक सेहत पूरी दुनिया के लिए नई टेंशन बन गई है. अमेरिकी क्रेडिट एजेंसी फिच ने भी इसकी आशंका जाहिर करते हुए कहा था कि चीन की सुस्ती से ग्लोबल ग्रोथ की संभावनाओं पर असर होगा.

**पूरे बैंकिंग सेक्टर पर सरकार का नियंत्रण है**



**बैंक प्रभावित**

- 40% कर्ज रियल स्टेट कंपनियों को दिया गया
- रियल एस्टेट का जीडीपी में 30% हिस्सेदारी है

### स्मार्ट टीवी की बिक्री में सात प्रतिशत की गिरावट का अनुमान

**नयी दिल्ली ।** ऊंची मुद्रास्फीति तथा अन्य वृहद-आर्थिक परिस्थितियां प्रतिकूल रहने से इस कैलेंडर साल में भारत में स्मार्ट टीवी की बिक्री सात प्रतिशत घटने का अनुमान है. काउंटर पॉइंट रिसर्च ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि कैलेंडर वर्ष 2023 की पहली छमाही में भारतीय स्मार्ट टीवी की बिक्री पांच प्रतिशत कम रही है. यह गिरावट दूसरी छमाही में भी बने रहने के आसार दिख रहे हैं. हालांकि, यह रिपोर्ट कहती है कि मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के नए संयंत्र लगाने से भारत में टेलीविजन विनिर्माण की क्षमता बढ़ रही है. नए ओईएम भी इस क्षेत्र में कदम रख रहे हैं और वे अपना टेलीविजन बनाने के लिए स्थापित कंपनियों के साथ हाथ मिला रहे हैं. रिपोर्ट कहती है, हमारा अनुमान है कि भारत का स्मार्ट टीवी बाजार 2023 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटेगा. हालांकि, दूसरी तिमाही में त्योहारी मौसम की वजह से स्मार्ट टीवी की बिक्री में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी. रिपोर्ट के मुताबिक, स्मार्ट टीवी बाजार में नरमी आने के बावजूद 55 इंच और उससे बड़े आकार के टेलीविजन सेट की मांग सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़ी है. लोग अब टीवी में डॉल्बी ऑडियो प्रौद्योगिकी को ही पसंद कर रहे हैं.

### पहली छमाही के बाद

# भारतीय कंपनियों की वित्तीय 'सेहत' कमजोर हुई : क्रिसिल



**एजेंसी । मुंबई**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कॉरपोरेट जगत की वित्तीय सेहत चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में थोड़ी नरम हुई है और दूसरी छमाही में इसमें और गिरावट आने की आशंका है. देशभर की करीब 6,500 कंपनियों की रेटिंग करने वाली क्रिसिल रेटिंग्स ने यह अनुमान कंपनियों के कर्ज अनुपात यानी उनकी रेटिंग में सुधार (अपग्रेड) एवं गिरावट (डाउनग्रेड) को ध्यान में रखते हुए लगाया है.

हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने साफ किया कि आगे भी कर्ज अनुपात एक से ऊपर ही बना रहेगा. इसका मतलब है कि कंपनियों की रेटिंग में सुधार की संख्या गिरावट से अधिक रहेगी. एजेंसी के मुताबिक, अप्रैल-सितंबर 2024 में 443 अपग्रेड किए गए जबकि डाउनग्रेड की संख्या 232 रही. इस तरह भारतीय कंपनी जगत का कर्ज अनुपात 1.91 रहा जो इससे पहले की छमाही में 2.19 था. क्रिसिल के प्रबंध निदेशक गुरप्रीत छटवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में कंपनियों की वित्तीय सेहत का नरम होना अपेक्षा के अनुरूप ही है.

सरकार के ढांचागत परियोजनाओं पर खर्च बढ़ाने से कॉरपोरेट जगत को सकारात्मक कर्ज अनुपात हासिल करने में मदद मिल रही है. हालांकि, छटवाल ने कहा कि मुद्रास्फीति की ऊंची दर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और बारिश के असमान वितरण से भारतीय कॉरपोरेट जगत की वित्तीय सेहत के लिए चुनौती बरकरार है.

### सूचीबद्ध — जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने कहा

# जेएसडब्ल्यू इनफ्रास्ट्रक्चर में कारोबार को आगे बढ़ाने की क्षमता

**एजेंसी । मुंबई**

जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने कहा है कि वाणिज्यिक बंदरगाहों का संचालन करने वाली जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर के पास अपना कारोबार बढ़ाने की काफी क्षमता है और उसका लक्ष्य एक वैश्विक कंपनी बनना है. कंपनी मंगलवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई.

जिंदल ने शेयर सूचीबद्ध होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सिंगापुर का उदाहरण दिया. उन्होंने कहा कि यह एक 'सिटी स्टेट' है और पूरे भारत की तुलना में अधिक माल संभालता है. हम ऐसे बंदरगाह भी बना सकते हैं जो न केवल हमारे अपने बल्कि आसपास के देशों के माल को भी संभाल सकें. उन्होंने कहा, हम केवल भारत केंद्रित नहीं सोच सकते. हमें वैश्विक स्तर पर सोचना होगा और हमें वास्तव में खुद को एक वैश्विक कंपनी के रूप में बनाना होगा. इसलिए हमें वास्तव में उन स्तरों पर सोचना होगा.



जिंदल ने आगे कहा कि भारत की तटरेखा बड़ी है और देश में लॉजिस्टिक लागत दुनिया में सबसे ज्यादा है. उन्होंने कहा, देश में वस्तुओं की परिवहन लागत सबसे ज्यादा है. इसीलिए जेएसडब्ल्यू इन्फ्रा के पास अपने कारोबार को ठीक उसी प्रकार से बढ़ाने की संभावना है, जैसा कि सरकार ने कॉनकॉर के रूप में सृजित किया है. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कॉनकॉर (कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) कंटेनर वाले कार्गो के लिये लॉजिस्टिक समाधान उपलब्ध कराती है. जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर का शेयर मंगलवार को निर्गम मूल्य 119 रुपये पर 20 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ. बीएसई में कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य के मुकाबले 20.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 143 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में यह 143 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ.

जिंदल ने यह भी कहा कि जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर जेएसडब्ल्यू समूह की सूचीबद्ध होने वाली तीसरी इकाई है और यह अंतिम आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) नहीं है. उन्होंने कहा, हमारी कई कंपनियां आने वाली हैं. जैसे जेएसडब्ल्यू सीमेंट, जेएसडब्ल्यू पेंट्स, जेएसडब्ल्यू वन. उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में और भी कंपनियां सूचीबद्ध होंगी. जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर बंदरगाह से जुड़ी बुनियादी ढांचा कंपनी है.

**खास बातें**

- मंगलवार को कंपनी का शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ
- शेयर सूचीबद्ध होने के मौके पर सिंगापुर में हुआ कार्यक्रम

### एक रिपोर्ट के अनुसार

# 3.1 करोड़ उपयोगकर्ताओं के 5जी फोन लेने की उम्मीद

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

देश में अल्ट्रा हाई-स्पीड सेवाओं को तेजी से अपनाने के बीच 2023 में भारत में कम से कम 3.1 करोड़ उपयोगकर्ताओं के 5जी फोन लेने की उम्मीद है. एक रिपोर्ट में यह बात कही गई. एरिक्सन कंज्यूमर लैब ग्लोबल सर्वे के अनुसार, भारत में 5जी ने 4जी की तुलना में समग्र नेटवर्क संतुष्टि को 30 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है.

रिपोर्ट के अनुसार, प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण और सामर्थ्य के आधार पर 2023 में 3.1 करोड़ उपयोगकर्ता 5जी फोन ले सकते हैं. यह देश में 5जी को अपनाने के लिए विशाल अवसर प्रस्तुत करता है. भारत में 5जी उपयोगकर्ता वीडियो स्ट्रीमिंग, वीडियो कॉलिंग सेवाएं, मोबाइल गेमिंग आदि के लिए इसका अधिक इस्तेमाल करते हैं. वे अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, चीन और कई अन्य जैसे अन्य शुरुआती 5जी बाजारों में उपयोगकर्ताओं की तुलना में इन सेवाओं पर प्रति सप्ताह औसतन दो घंटे अधिक बिताते हैं.



# बदलेगा सियासी विमर्श

बिहार जाति सर्वेक्षण के आंकड़ों ने देश की पूरी राजनीति के विमर्श को बदल दिया है. अब तक के नरेटिव के बरखिलाफ विपक्षी दलों के लिए ये आंकड़े न केवल उम्मीद की रोशनी है, बल्कि भाजपा की बौखलाहट बता रही है कि वह बैकफुट पर है. पिछले दस सालों में पहली बार ऐसा हो रहा है कि भाजपा नरेटिव सेट नहीं कर पाती दिख रही है. जाति के सवाल को दरकिनार नहीं किया जा सकता है. भारत का यह एक ठोस यथार्थ है. प्रधानमंत्री ने ग्वालियर में कहा विपक्ष जाति-पाति के नाम पर पाप कर रहा है. एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री स्वयं को ओबीसी बता रहे थे, लेकिन बिहार से आंकडे जारी होते ही उन्होंने कहा कि जाति-पाति के नाम पर समाज को बांटा जा रहा है. यह पाप अब भी जारी है. सवाल तो यह है कि सदियों से जाति के कारण जिन्होंने वंचना झेली है, उनकी बात कौन करेगा. नीतीश कुमार ने जाति सर्वेक्षण के आंकड़े जारी करने के बाद कहा कि विभिन्न जातियों की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी इस सर्वेक्षण से मिली है. इसी के आधार पर सभी वर्गों के उत्थान और विकास की आगे कार्रवाई की जाएगी. राहुल गांधी ने फिर जितनी आबादी उतना हक का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया है. देश के अनेक राज्यों में अनेक जातियां आरक्षण की मांग को ले कर आंदोलनरत हैं. इसमें मराठा और कापू प्रमुख हैं. जाट भी केंद्रीय ओबीसी सूची के तहत आरक्षण की मांग के लिए महापंचायत का आयोजन किया है. जाहिर है इस तथ्य को देखने की जरूरत है कि देश में वंचना, असमानता, अन्याय और सबकी भागीदारी के लिए सामाजिक न्याय का प्रश्न दशकों से दस्तक दे रहा है. इसे टाला नहीं जा सकता है. भारत को ज्यादा समानता मूलक बनाने के लिए हर तरह की वंचना को समाप्त करने की जरूरत है और आर्थिक क्षेत्र में उभरते अभिजन नियंत्रण और एकाधिकार को भी तोड़ने की जरूर है. सामाजिक न्याय को तब तक अमल में नहीं लाया जा सकता, जब तक आर्थिक अवसरों और संसाधनों पर एकाधिकार समाप्त नहीं होगा. आने वाले दिनों में देश भर में जाति जनगणना की मांग जोर पकड़ेगी. इसके साथ ही वोट के समीकरण भी पहले की तरह ही नहीं रहेंगे. समुदायों की भागीदारी और अधिकार का सवाल अब पहले से कहीं ज्यादा तीखा स्तर ग्रहण करेगा. जो भी इस ठोस सामाजिक यथार्थ के न्याय के सवाल को नकारेगा, उसे राजनीतिक तौर पर नुकसान झेलना होगा. कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो जाति गणना को गैरजरूरी और पॉलिटिकल विवाद बढ़ाने वाला मानते हैं. मगर सच तो यह है कि यह काम समाज में बराबरी लाने के लिए एक जरूरी कदम है. यह गणना उन छोटी छोटी जातियों को जानने और उनकी स्थिति को समझने का बड़ा मौका है, जो आधा प्रतिशत, एक प्रतिशत या उससे भी बहुत कम हैं. इन कम संख्या वालों के अधिकारों की बात भी अब होगी और उन्हें न्याय मिल सकेगा.

> नीतीश कुमार ने जाति सर्वेक्षण के आंकड़े जारी करने के बाद कहा कि विभिन्न जातियों की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी इस सर्वेक्षण से मिली है. इसी के आधार पर सभी वर्गों के उत्थान और विकास की आगे कार्रवाई की जाएगी.

## सुभाषित

**अङ्गणवेदी वसुधा कुल्या जलधिः स्थली च पातालम्।**
**वाल्मीकश्च सुमेरु कृतप्रतिज्ञामस्य धीरस्य।।**

अपनी प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहने वाले धीर व्यक्ति के लिए यह वसुधा एक बगिया के समान, समुद्र एक नहर के समान, पाताल एक मनोरंजन स्थल के समान और सुमेरु पर्वत एक चींटी के घर के समान होता है. अतः मनुष्य को दृढ़प्रतिज्ञ एवं धीर-गम्भीर होना चाहिए.

# जन्मदिन तक ही क्यों सीमित हों गांधी

**विशेष कर आज की परिस्थितियों के आलोक में. और सिर्फ भारत के संदर्भ में ही नहीं. पूरी दुनिया के संदर्भ में अगर हम ईमानदारी से गौर करें तो पाएंगे कि आज गांधी ज्यादा सार्थक हो गए हैं. आज की दुनिया कहां जा रही है. आज का समाज कहां जा रहा है यह हम देख रहे हैं. गांधी जी के दो मूल मंत्र सत्य और अहिंसा का वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में यदि हम मूल्यांकन करने की कोशिश करें तो पाएंगे कि आज जैसे इनका अस्तित्व ही नहीं है.**



• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

एक और गांधी जयंती मना दी गई. जोर शोर और उत्साह के साथ हमने गांधी को याद किया और स्वच्छता के लिए श्रमदान किया. मगर गांधी जी स्वच्छता के अलावा भी बहुत कुछ बोला और किया करते थे. उन सारे कार्यों को भी करने की आवश्यकता है. गांधी जी तन और मन दोनों की स्वच्छता की बात करते थे. बिना मन की स्वच्छता के बाहरी स्वच्छता किस काम की. चलिए गांधी जयंती तो बीत गई. मगर क्या गांधी जी को सिर्फ उनकी जयंती पर ही याद किया जाना काफी होगा? यह एक ऐसा प्रश्न है, जिस पर हमें मनन करने की आवश्यकता है. विशेष कर आज की परिस्थितियों के आलोक में. और सिर्फ भारत के संदर्भ में ही नहीं. पूरी दुनिया के संदर्भ में अगर हम ईमानदारी से गौर करें तो पाएंगे कि आज गांधी ज्यादा सार्थक हो गए हैं. आज की दुनिया कहां जा रही है. आज का समाज कहां जा रहा है यह हम देख रहे हैं. गांधी जी के दो मूल मंत्र सत्य और अहिंसा का वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में यदि हम मूल्यांकन करने की कोशिश करें तो पाएंगे कि आज जैसे इनका अस्तित्व ही नहीं है. सच्चाई तो यह है कि आज शायद सबसे ज्यादा इन्हीं दो मंत्रों की आवश्यकता है दुनिया को. गांधी जी की सार्थकता और उनके विचारों की व्यवहारिकता पर बार-बार प्रश्न चिह्न लगते रहे हैं और बार-बार हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि दुनिया की समस्याओं का समाधान गांधी की ही विचारधारा हो सकती है. उन्हीं के बताए मार्ग पर चलने से दुनिया का कल्याण हो सकता है. अफसोस की बात है कि उनके अपने ही देश में आज गांधी को समझने वाले लोगों की संख्या कम होती जा रही है. मार्ग पर चलना तो दूर की बात है. गांधी की समझ, गांधी की दृष्टि और गांधी के प्रयोग पर एक बार फिर से पुनर्विचार करने की जरूरत है, ताकि हम उन्हें अपने व्यवहार में समाहित कर सकें. यदि हम अपने चारों तरफ गौर करें तो यह पाएंगे कि गांधी जी ने जिन सात जघन्य सामाजिक पापों का आज से कोई 98 वर्ष पहले जिक्र किया था आज की दुनिया की मुख्य समस्याएं इन्हीं सात पापों की देन हैं. गांधी जी ने यंग इंडिया के अपने आलेख में अक्टूबर 1925 में लिखा था कि मानवता की समस्यायों के लिए के ये निम्नलिखित सात कारण जिम्मेदार हैं - 1. सिद्धांत रहित राजनीति, 2. नैतिकता रहित व्यापार, 3. त्याग रहित धर्म, 4. चरित्र रहित ज्ञान, 5. मानवता रहित विज्ञान, 6. परिश्रम रहित धन, 7. अंतरात्मा रहित सुख.

इन्हें समझने के लिए किसी व्याख्या की आवश्यकता नहीं. सरसरी तौर पर भी देखने से यह समझ में आ सकता है कि कैसे यह कारण हमारी दुर्दशा के मूल में हैं. आज हम जो कुछ भी देख रहे हैं, अनुभव कर रहे हैं वह समस्याएं इन्हीं प्रवृत्तियों से उत्पन्न होती हैं. दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम इस सच्चाई को स्वीकार करने की बजाय इससे आंख मूंदे हुए हैं. पेशे से बैरिस्टर रहे गांधी संभवतः 20 वीं सदी के सबसे बड़े समाज वैज्ञानिक थे. उनकी सबसे बड़ी खूबी थी उनकी कथनी और करनी में समन्वय. वह जो सोचते थे वह कहते थे और जो कहते थे वही करते थे. आज तो लोग सोचते कुछ और हैं, बोलते कुछ और हैं और करते कुछ और हैं. गांधी जी कुछ भी कहने से पहले उसका खुद पर प्रयोग करते थे. उनका सबसे महत्वपूर्ण कथन था कि जो बदलाव तुम दुनिया में देखना चाहते हो पहले वह खुद अपने ऊपर करके देखो. आज की परिस्थिति में जो समस्याएं हम देख रहे हैं उनका समाधान गांधी के विचारों से ही हो सकता है. आज के वैश्विक उथल-पुथल में गांधी ही उम्मीद की किरण के रूप में हमारे सामने हैं. चाहे वैश्विक शांति की बात हो या दुनिया की अर्थव्यवस्था की चुनौतियां हों अथवा समाज में व्याप्त हिंसा और अनीति की बात हो. गांधीवाद ही विकल्प है. वैसे गांधी जी खुद कहते थे कि वह किसी वाद के प्रतीक नहीं थे. वह तो वही कहते और करते थे जो शाश्वत था.

सत्य और अहिंसा कोई नई बातें नहीं थीं. यह तो सदियों से स्थापित परंपराएं हैं, लेकिन इनका व्यवहार में प्रयोग लाना कठिन है और मूल समस्या यही है. अक्सर यह कहा जाता है कि आज के इस दौर में जहां हथियारों की दौड़ में दुनिया शामिल है उसमें सत्य और अहिंसा कहां ठहरेगी. सतही तौर पर देखने से यह बात सही भी लगेगी. लेकिन गांधी जी ऐसा नहीं मानते थे. उनकी सोच थी कि यदि लोग पूरी ईमानदारी के साथ इन उसूलों पर अडिग रहें. चाहे इसके लिए उन्हें कितनी भी कठिनाई उठानी पड़े तो सत्य और अहिंसा पर आधारित सत्याग्रह सफल रहेगा. गांधी जी ने यह करके भी दिखाया. दुनिया को उन्होंने लड़ने का यह नया हथियार भी दिया. इसके इस्तेमाल से कई देशों ने आजादी हासिल की. गांधी जी का मानना था कि हिंसा के माध्यम से जीत हासिल करने में सत्य की जगह पाशविक शक्ति को सफलता मिलती है. गांधी जी का मानना था कि अन्याय का प्रतिकार हमारा कर्तव्य है, लेकिन इसे अहिंसा के माध्यम से भी किया जा सकता है. गांधी के जीवन के दो महत्वपूर्ण पहलू थे नियम और संयम. इसके पीछे उनका दर्शन था आत्म नियंत्रण, जिसके जरिए वह कठिन से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त कर लेते थे. शायद ही ऐसा कोई विषय है, जिस पर गांधीजी के सिद्धांत सार्थक नहीं हैं. स्वच्छता से लेकर अर्थ नीति तक गांधी ने समाज को प्रभावित करने वाले हर विषय पर अपने विचार दिए हैं और वह सारे के सारे आज भी सार्थक हैं. जरूरत है इस सच्चाई को स्वीकार करने की. गांधी को समझने के लिए गम्भीर प्रयास की आवश्यकता है. यह विडंबना ही है कि भारत में ऐसे प्रयास कम हो रहे हैं, जबकि अमेरिका में इस पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## प्रथम पूज्य श्रीगणेश

सनातन धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देव माना जाता है. भगवान गणेश बल-बुद्धि के देवता माने जाते हैं. इनके पराक्रम की गाथाओं से अठारहों पुराण भरे पड़े हैं. श्री गणेश के जन्म से संबंधित कथाएं श्री शिव पुराण, रूद्र संहिता कुमार खंड, श्री पद्म पुराण सृष्टि खंड आदि ग्रंथों में माता पार्वती के शरीर से निकले मैल से संबंधित बताई जाती हैं. लगभग इसीसे मिलती जुलती कथाएं अन्य ग्रंथों में भी प्राप्त होती हैं. ब्रह्मवैवर्त पुराण के गणेश खंड में गणेश जी के प्रथम पूज्य होने की एक विचित्र कथा प्राप्त होती है. सूर्य पुत्र शनिदेव का विवाह चित्र रथ गंधर्व की कन्या स्वामिनी के साथ हुआ था. वह देखने में बहुत ही सुन्दर थी. एक दिन शनि देव भगवान ध्यान में मग्न थे . उसी समय स्वामिनी सज-धजकर शनिदेव के पास जाती है और शनिदेव को बुलाती है, लेकिन शनिदेव ध्यान मग्न होने के कारण उसकी बात का उत्तर नहीं देते, जिसके कारण शनिदेव को उनकी पत्नी ने श्राप दे दिया कि आज से आपकी दृष्टि जिस पर पड़ेगी वह भस्म हो जायेगा (त्वया दृष्टम च यद वस्तुम् मूढम् सर्वम् विनश्यति). पत्नी से शापित शनि देव अब अपनी दृष्टि को नीचे करके ही रखते थे. किसी को देखते नहीं थे. आज भी शनि की दृष्टि को शुभ नहीं माना जाता. ठीक उसी समय कैलाश पर्वत पर शिव पार्वती को पुत्र की प्राप्ति हुई. पुत्र के जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान शिव जी ने संपूर्ण देवी देवताओं को निमंत्रण दिया. फलतः सूर्य भगवान के पास भी निमंत्रण पत्र आया. सूर्य भगवान को अवकाश तो मिलता नहीं. इसलिए उन्होंने पुत्र शनिदेव को कैलाश भेज दिया. शनि देव गए तो अवश्य, लेकिन एक कोने में सिर नीचे किए बैठे रहे. यह बात जब पार्वती जी को ज्ञात हुई तो उन्होंने शनिदेव को बुलाया और कहा कि मेरे पुत्र को देखो और आशीर्वाद प्रदान करो. शनि देव ने कहा कि माता आशीर्वाद तो मैंने दे ही दिया. लेकिन मै आपके पुत्र को देख नहीं सकता. कहीं अनर्थ न हो जाए. स्त्री हठ वश जैसे ही शनिदेव ने अपने बाएं नेत्र के कोने से बालक पर दृष्टि डाली, बालक का मस्तक गोलोक में चला गया.लिखा है - सव्य लोचन को नेन ददर्श च शिशोर्मुखम. शनैश्चर दृष्टि मात्रेण, चिछेद मस्तकम मुने..

# राजनीति की दशा-दिशा बदलना तय

• सामयिकी

अंकुर

बिहार सरकार ने राज्य में जाति जनगणना के आंकड़ों को जारी कर दिया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तमाम बाधाओं के बावजूद बिहार में जाति जनगणना कराने को लेकर डटे रहे. माना जा रहा है कि यह नीतीश कुमार की जिद ही थी कि उन्होंने इसे करवा कर और इसके आंकड़ों को सार्वजनिक कर के ही दम लिया. राजनीति की नब्ज को समझने वालों का मानना है कि पहले विपक्ष को एकजुट कर और अब बिहार में जाति जनगणना करवा कर विपक्षी दलों को नया मुद्दा देकर नीतीश कुमार ने बेहद समझदारी से भाजपा को बड़ी चोट पहुंचाई है. नीतीश कुमार के इन दो काम ने भाजपा को बेहद परेशान कर दिया है. माना जा रहा है कि विपक्ष की एकजुटता और जाति जनगणना का मुद्दा ये दोनों भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में हरवा सकते हैं. 2024 के बाद नीतीश कुमार के राजनीतिक करियर के खत्म होने की भविष्यवाणी करने वाले उनके विरोधी भी उन्हें भारतीय राजनीति का चाणक्य मान रहे हैं. बिहार में जब जाति जनगणना की बात अगस्त 2021 शुरु हुई थी तो नीतीश कुमार भाजपा के साथ गठबंधन कर के सरकार चला रहे थे. गठबंधन सहयोगी भाजपा ने तब किंतु-परंतु के साथ जाति जनगणना पर उन्हें समर्थन दिया था, लेकिन उसके नेताओं ने इसपर सवाल भी खूब उठाए थे. वहीं दूसरी ओर तब विपक्ष में रहे राजद और उसके नेता तेजस्वी यादव ने जाति जनगणना पर नीतीश कुमार का साथ दिया था. तब पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर इसके लिए आगे बढ़े थे. 10 दलों के नेता दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री मोदी से मिले थे. केंद्र से उस समय देश भर में जाति जनगणना कराने की मांग की गई थी, लेकिन केंद्र ने इंकार कर दिया. केंद्र के इंकार के बाद बिहार सरकार ने अपने दम पर राज्य में जाति जनगणना कराने की घोषणा कर दी. इसका विरोध भी खूब हुआ. भले ही बिहार में जाति जनगणना करवाने में नीतीश कुमार को राजद और कांग्रेस का समर्थन मिला हो, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि यह नीतीश कुमार की सफलता मानी जाएगी. इस काम ने नीतीश को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ला दिया है और उनका कद भी बढ़ा है. राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि अब देश भर के विपक्षी नेताओं के बीच नीतीश कुमार का कद और भी तेजी से बढ़ेगा. नीतीश कुमार ने जाति जनगणना करवा कर देश भर के भाजपा विरोधी दलों या विपक्ष को अब एक नया चुनावी मुद्दा दे दिया है. माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल अब जाति जनगणना की मांग को जोर-शोर से उठाएंगे. लोकसभा चुनाव में यह बड़ा चुनावी मुद्दा बन जायेगा. यह इतना महत्वपूर्ण मुद्दा है कि भाजपा के पास इसकी कोई काट नहीं दिखती है. राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि जाति जनगणना का मुद्दा लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है. अगर लोकसभा चुनाव में जाति जनगणना बड़ा मुद्दा बनता है और इंडिया गठबंधन को इसका फायदा होता है तो इसका काफी हद तक श्रेय नीतीश कुमार को मिलेगा. उन्होंने जाति जनगणना करवा कर भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे की काट के रूप में विपक्ष को वह हथियार दे दिया है. कई राज्यों का दौरा कर वहां के क्षेत्रीय दलों के नेताओं से मिले और उन्हें एकजुट होने के लिए मनाया. नीतीश कुमार ने इस वर्ष 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक आयोजित करवाई और पहली बार करीब डेढ़ दर्जन विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने में कामयाबी पाई. बाद में उनकी कोशिशों का परिणाम इंडिया गठबंधन के रूप में सामने आया. इसके बाद नीतीश को राष्ट्रीय राजनीति के बड़े खिलाड़ी के तौर पर देखा जाने लगा. बिहार सरकार द्वारा इसके आंकड़े जारी करने के कुछ ही देर बाद कांग्रेस नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया में बेहद मजबूती से जाति जनगणना की मांग कर दी है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा है कि बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी और एसटी 84 प्रतिशत है. केंद्र सरकार के 90 सचिवों में सिर्फ़ 3 ओबीसी हैं, जो भारत का मात्र 5 प्रतिशत बजट संभालते हैं! इसलिए, भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रूरी है. जितनी आबादी, उतना हक़, ये हमारा प्रण है.

> नीतीश कुमार के राजनीतिक करियर के खत्म होने की भविष्यवाणी करने वाले उनके विरोधी भी उन्हें भारतीय राजनीति का चाणक्य मान रहे हैं. बिहार में जब जाति जनगणना की बात अगस्त 2021 शुरु हुई थी तो नीतीश कुमार भाजपा के साथ गठबंधन कर के सरकार चला रहे थे. गठबंधन सहयोगी भाजपा ने तब किंतु-परंतु के साथ जाति जनगणना पर उन्हें समर्थन दिया था.

# भाजपा अपने विचारों से क्यों भटक रही है

• सियासत

जगदीश रत्तनानी

दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के खिलाफ कहे गए अपमानजनक और सांप्रदायिक अपशब्द ऐसी भाषा है, जो सड़कों पर भी कही जाने योग्य नहीं है और जिसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, यह भाषा सत्ता पक्ष की ओर से संसद में बोली जा रही है. इस तरह की भाषा बहस के स्तर की गिरावट का प्रतिनिधित्व करती है. इस स्तर पर भाजपा प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता और ध्यान आकर्षित करने की बीमारी में फंस गई है. इसके कुछ महत्वाकांक्षी सदस्य खतरनाक तरीकों से मंच हथियाने की कोशिश कर रहे हैं. बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई की कमी इस तरह के दुरुपयोग को वैध बनाती है. यह वास्तव में दूसरों को संदेश देती है कि इस कीचड़ में खेलना और 2024 के चुनावों की तैयारी के दौरान सांप्रदायिक घृणा के बढ़ते प्रसार में योगदान देना ठीक है. इसका हालिया उदाहरण भाजपा के एक अन्य सांसद का यह दावा है कि बिधूड़ी को उकसाया गया था. वह बयान भी इस मामले को और सांप्रदायिक बनाने का एक प्रयास है. बिधूड़ी के अकथनीय और उग्र शब्द उस वक्त आए, जब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बचाव करते हुए दिखाई दिए. इसे सामान्य परिस्थितियों में और आदर्श रूप से प्रधानमंत्री के अपमान के रूप में देखा जाना चाहिए. आरोप का जवाब देने के अन्य तरीके भी हैं. विवाद उस समय शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री ने चन्द्रमा मिशन का श्रेय इसरो को देने के बजाय इसका क्रेडिट खुद लिया. अपशब्दों का प्रयोग कर आरोपों का खंडन करने से कोई फायदा नहीं होता है, बल्कि इससे आरोप सही साबित होते हैं. आरोपों के गुण-दोषों की परवाह न करते हुए देखें तो ऐसी हरकतों से प्रधानमंत्री और पार्टी को नुकसान होता है और इससे नेतृत्व को शॉक लगना चाहिए. इसके अलावा बिधूड़ी ने अपनी असभ्यतापूर्ण हरकत से संसद के नए भवन में संसद के पहले सत्र को ही अपवित्र कर दिया, जिसे भाजपा अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पेश कर रही थी. बिधूड़ी ने भाजपा की इस उपलब्धि का अपहरण कर लिया है. खुद प्रधानमंत्री ने संसद की नई इमारत को 'सिर्फ एक नई इमारत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का प्रतीक' कहा है. बिधूड़ी ने उस 'नई शुरुआत' को एक बहुत ही अशुभ अर्थ दे दिया. उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण विधेयक से भी ध्यान हटा दिया, जिसे प्रधानमंत्री ने एक ऐतिहासिक कानून तथा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने वाला कहा था. बिधूड़ी की टिप्पणी उन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए. कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद रविवार रात तक बिधूड़ी पर कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है. इसमें मुख्य बात भाजपा की नई प्रकृति और चरित्र ही होना चाहिए, क्योंकि वह 2024 का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह सत्ता में वापसी करेगी, परन्तु ऐसा नहीं है कि उसे राहुल गांधी की ओर से मिलने वाले 'सरप्राईज' को लेकर कोई चिंता नहीं होगी. विपक्ष की एकजुटता को भले ही कुछ लोग एकजुट उपस्थिति के बजाय एक पैचवर्क समाधान के रूप में खारिज कर रहे हों, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस एकजुटता ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है. सत्ता-विरोधी एक मजबूत लहर भी चल रही है. इस लहर को सशक्त करने के लिए विपक्ष अपनी बात लोगों तक ले जा रहा है और जिसे सोशल मीडिया पर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. विपक्ष अपनी ओर से इसमें भाजपा के पसंदीदा उद्योगपतियों (राहुल गांधी के शब्दों में 'एक एकाधिकारवादी मित्र') जिनका पार्टी नेतृत्व ने लगातार समर्थन किया है, के बारे में तथा सांप्रदायिकता पर गहन सामग्री उपलब्ध करा रहा है. इसमें भाजपा के अमीर समर्थक और जनविरोधी दृष्टिकोण, नोटबंदी से लेकर ईंधन और गैस सिलेंडर की ऊंची कीमतों से लेकर हाल ही में 100 रुपये प्रति किलो बिकने वाले टमाटर तक का स्पेक्ट्रम चलाया गया है. इन परिस्थितियों में और विशेष रूप से जब ऐसी खबरें हैं कि विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा. भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं.

> कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

# मौसम की भिन्नता और संदेश

**वर्ष** 2018 के बाद यह पहली बार है जब भारत में मानसून सामान्य से कम रहा है. इस साल जून से सितंबर तक, भारत में 82 सेंटीमीटर बारिश हुई, जो 'सामान्य' समझे जाने वाले 89 सेंटीमीटर से तकरीबन छह फीसदी कम है. अप्रैल के शुरू में, इस बात के पर्याप्त संकेत थे कि 'अल नीनो' की वजह से मानसून कमजोर रहेगा. मध्य एवं पूर्वी प्रशांत महासागर के चक्रीय उष्णन (सिक्लिकल वॉर्मिंग) से भारत, खासकर उत्तर-पश्चिम भारत, में बारिश में अमूमन कमी आती है. वर्ष 2019 और 2022 के बीच, भारतीय मानसून पर इसकी उलटी परिघटना यानी शीतन (कूलिंग) 'ला नीना' का काफी असर पड़ा. ला नीना को कभी-कभी सामान्य से ज्यादा बारिश से जोड़ा जाता है. इन मापदंडों के आधार पर, 2023 में सामान्य मानसून की उम्मीद कम थी. मगर, इस साल मानसून का अनुभव बहुत ही अलग किस्म का रहा. देश के नौ फीसदी हिस्से में 'ज्यादा' बारिश हुई, 18 फीसदी में 'कम' और बाकी देश में 'सामान्य' बारिश हुई. एक तरफ तो मानसून के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण महीने अगस्त में सामान्य से एक-तिहाई कम बारिश दर्ज की गयी, तो दूसरी तरफ उत्तर भारत के कई राज्य, जहां न्यूनतम बारिश की उम्मीद थी, बार-बार हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद बाढ़ से त्रस्त रहे. मसलन, जुलाई में चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में असाधारण रूप से भारी बारिश हुई, जिसका नतीजा बाढ़ और भूस्खलन रहा. कई शहर कई दिनों तक बाढ़ की गिरफ्त में रहे. अगस्त में हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की घटना हुई. यहां उल्लेखनीय है कि तेज बारिश की ये घटनाएं तथाकथित पश्चिमी विक्षोभ की वजह से हुईं. पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य-सागरीय क्षेत्र से आने वाले बाह्य-उष्णकटिबंधीय (एक्स्ट्रा-ट्रॉपिकल) तूफान होते हैं और इनसे सामान्यतः मानसून में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद नहीं की जाती है. इस तरह, ये मानव गतिविधियों से होने वाले उष्णन के व्यापक असर की निशानियां हैं.इन सबके उलट, महाराष्ट्र में सूखे जैसे हालात थे. छत्तीसगढ़, बिहार और कर्नाटक में पानी को लेकर भारी दबाव की स्थिति की खबरें आयीं. कर्नाटक के मामले में, कावेरी नदी के पानी के बंटवारे को लेकर पड़ोसी तमिलनाडु के साथ उसका विवाद गंभीर हो गया. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### समर्थन/समर्पण

**कर** रहा जो हर कदम पर है समर्थन, क्यों न कर दूं मैं उसे अपना समर्पण. इस पंक्ति में हमारे सामने दो शब्द अपने पूरे भाव के साथ प्रस्तुत हो रहे हैं- समर्थन और समर्पण. इन दोनों शब्दों के भाव तो बहुत हद तक मिलते जुलते हैं, लेकिन दोनों के बीच फासले भी हैं. समानता इस अर्थ में अवश्य ही है कि दोनों संस्कृत मूल के तत्सम शब्द हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार समर्थन शब्द से कुछ ऐसे भाव निकलते हैं-किसी के मत या विचार पर सहमति जताने की क्रिया, अनुमोदन, सपोर्ट, पुष्टि करना, ताईद करना, किसी की बात या प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करना, पक्ष लेना, किसी मत का पोषण, प्रतिपादन, विचार करना, विवेचन, सामंजस्य स्थापित करना. समर्थन से समर्थित शब्द की व्युत्पत्ति होती है, जिसका मतलब है जिसका पक्ष लिया गया हो, जिसका समर्थन किया गया हो, अनुमोदित, सिफारिशी, जिसकी पुष्टि की गयी हो, प्रमाण सिद्ध, प्रमाणित, सत्यापित, संपुष्ट. जब हम किसी के आगे अपनी सहमति का समर्पण कर देते हैं, तब जो होता है उसे समर्थन कहा जाता है और यह भी दोनों के बीच की समानता है. समर्पण में किसी को अपना कुछ सौंप देने का भाव होता है. साथ ही सम्मान और आदरपूर्वक किसी को कुछ देने का भाव भी. जब हम किसी को भेंट या नजर करते हैं तो वह समर्पण कहलाता है. जब एक अधिकारी अपने अधिकार किसी दूसरे अधिकारी के हाथों में देता है तो वह समर्पण है. किसी को कोई वस्तु अधिकार सौंपने की क्रिया को समर्पण ही कहा जाता है. किसी सेना या अपराधी द्वारा अपने आपको सौंप देने की प्रक्रिया आत्मसमर्पण कहलाती है. जो समर्पण किये जाने योग्य है, उसे समर्प्य कहते हैं. ठीक इसी प्रकार जो समर्पण किया गया हो, आदरपूर्वक सौंपा गया हो, अर्पित, स्थापित हो, वह समर्पित होता है. बहुत सारे लोग ऐसे होते हैं, जो अपने काम, संस्था, देश, समाज आदि के लिए समर्पित होते हैं.

# ऐसे भी भला कोई मांगें मानता है!

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

हरिया बाबू बड़े उदास हैं. कल तक आंदोलन बढ़िया चल रहा था. तेरहवां दिन था. धुआंधार भाषण होते थे. सामूहिक रूप से सब लोग भंडारे की पूड़ियां और रायता सेवन करते थे. मगर एक झटके में सब कुछ नष्ट हो गया. जिस मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा था, बड़े साहब ने वह मांग एकाएक मान ली. किसी को उम्मीद नहीं थी. हरिया बाबू के तो सिर पर मानो घड़ों पानी पड़ गया. किसी ने आकर जब खबर दी तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ. सोचने लगे– "विधाता इतना निर्दई नहीं हो सकता कि हमारा आंदोलन ही नष्ट कर दे!" मगर जो होनी थी, वह तो हो कर रही. सब से पूछा. सबने यही कहा कि बड़े साहब ने मांग मान ली है.

हरिया बाबू को अंत तक विश्वास नहीं हुआ, लेकिन घंटे-दो घंटे में बड़े साहब का टेलीफोन भी हरिया बाबू के पास आ गया -"राम-राम हरिया बाबू! आपकी मांग हमने मान ली है. अब तो मुस्कुरा दीजिए!"

बेचारे हरिया बाबू खून का घूंट पीकर रह गए. सोचने लगे - "हम तो समझते थे, यह बड़े साहब बहुत जिद्दी हैं और दस-बीस साल तक भी हमारी मांग नहीं मानेंगे. मगर यह तो मोम की तरह पिघल गए. एक क्षण में एकाएक हमारी मांग स्वीकार कर ली. अब इनका क्या होगा यह तो यह जानें, लेकिन असली सड़क पर तो हम अब आए हैं. अब तक तो मजे में सड़क जाम करके धरना-प्रदर्शन चल रहा था. गुलछर्रे उड़ाए जा रहे थे, लेकिन अब फंडिंग कौन करेगा? राशन-पानी कौन भिजवाएगा? कौन पत्रकार–संवाददाता आकर हमारा इंटरव्यू लेगा? क्या हम यूं ही मुंह लटकाए हुए सड़क पर बैठे रहें या अपने घर जाकर एक कमरे में बंद होकर सो जाएं?



हरिया बाबू की समझ में कुछ नहीं आ रहा था. वह एक ही बात को बार-बार हर आने वाले से कह रहे थे – "ऐसा नहीं हो सकता. बड़े साहब हमारी मांग स्वीकार नहीं कर सकते." लोगों ने बहुत समझाया-" हरिया बाबू! अब जो होना था, हो चुका. परिस्थितियों की त्रासदी को स्वीकार करो. यह विधाता का विधान ही समझो कि बड़े साहब ने तुम्हारी मांग स्वीकार कर ली और अब तुम्हारे आंदोलन का कोई औचित्य नहीं बचा?" हरिया बाबू ने किसी की एक न सुनी. वह अभी भी सबसे यही कह रहे हैं – "हमारा आंदोलन समाप्त नहीं होगा. हम सड़क पर से नहीं हटेंगे. हमारी मांगें पूरी करो!'

# Her Story



अमित कुमार पांडेय
(इंटीरियर डिजाइनर)

**हालांकि वॉल पेंट दीवारों की सुरक्षा करता है और पूरे घर को एक बेहतर लुक देता है. लेकिन सालो साल दीवारों पर पेंट का लगा रहना बोरियत भरा हो सकता है. तो क्यों न हम इस मामले में थोड़ा रचनात्मक बनें और नए विकल्प के लिए सादगीपूर्ण या थोड़े ड्रैमेटिक वॉल ट्रीटमेंट तलाशें जो घर के माहौल को बेहतर बना सके. आइए जानें कि एक अच्छे स्टाइल स्टेटमेंट वाली दीवारों के लिए लेटेस्ट इंटीरियर ट्रेंड क्या हैं. साथ ही अगर हम त्योहारों के इस मौसम में इनमें से कोई इंटीरियर डेकोर अपनाना चाहें तो कितना खर्च करना होगा.**

# दीवारों की भी होती जुबां

## वॉल पैनलिंग

वुड विनियर या लेमिनेट जैसे मैटेरियल से दीवार पैनलिंग पर विचार करें. इसमें कोई शक नहीं कि इंटीरियर डेकोर में वुडी टोन गर्माहट भरा होता है और एक रिच लुक देता है. घर के किसी खाली दीवार पर कोई 3डी एमडीएफ पैनल या एमडीएफ जाली के साथ खाली दीवारों को 3 डी डायमेंशनल पैटर्न वाला लुक भी दे सकते हैं. कमरे की पूरी तरह से खाली किसी दीवार को सजाने का यह सबसे बेहतर तरीका है और इसे स्प्रे किया जा सकता है, लेमिनेट किया जा सकता है या फिनिश किया जा सकता है. बेसमेंट जैसे नमी वाले क्षेत्रों में पीवीसी पैनलिंग का उपयोग करने की सलाह दी जाती है क्योंकि वे मोल्ड और फफूंदी के प्रतिरोधी होते हैं.

**850से 3000 रु परस्क्वैयर फीट**



## टाइल्स से बढ़ाएं सुंदरता

घर की बाहरी दीवारों को हम टाइल्स से भी सजा सकते हैं. यह दीवार घर की फीचर दीवार की पहचान बनाएगी. मार्केट में टाइल्स के कई विकल्प मिल रहे हैं. इनमें वुड लुक से लेकर स्टोन लुक तक ऑप्शंस हैं. टाइल्स के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि इसका रखरखाव बेहद आसान है. पानी-धूप वगैरह पड़े भी तो कोई दिक्कत नहीं.

**50 से 950 रु परस्क्वैयर फीट**

## वॉल पेपर से बोल्ड लुक

किसी भी जगह के रंग-रूप को बदलने के सबसे आसान तरीकों में से एक है वॉलपेपर. पैटर्न और मोटिफ के जरिए दीवारों को बेहद बोल्ड और कलरफुल लुक इससे दिया जा सकता. अगर नमी से बचाया जाए तो यह दस वर्षों तक दीवारों पर टिका रह सकता है. रेंटेड अपार्टमेंट में रहते हैं तो पील एंड स्टिक वाले वॉलपेपर बेहतर विकल्प् हैं. यह अस्थायी तरीका किसी स्पेस को बेहद आसानी से स्टाइलिश लुक देता है.

**45 से 450 रु परस्क्वैयर फीट**

## फर्श से छत तक के पर्दे

दीवारों को पेंट करना आसान नहीं, बल्कि थोड़ी बोझिल प्रक्रिया है. इसलिए यदि आपकी पुरानी दीवार उबाऊ और थोड़ी फेडेड हो गई है लेकिन आप पेंटिंग करने की स्थिति में नहीं हैं, तो फर्श से छत तक के पर्दों पर विचार करें. यह दीवार में खूबसूरती ही नहीं, एक सॉफ्टनेस भी एड करेगा और उसकी खामियों को छिपाएगा.

**200 से 2000 रुपए प्रति मीटर**

## वॉल स्टिकर्स

किसी भी जगह के रंग-रूप को बदलने के सबसे आसान तरीकों में से एक है वॉलपेपर. पैटर्न और मोटिफ के जरिए दीवारों को बेहद बोल्ड और कलरफुल लुक इससे दिया जा सकता. अगर नमी से बचाया जाए तो यह दस वर्षों तक दीवारों पर टिका रह सकता है. रेंटेड अपार्टमेंट में रहते हैं तो पील एंड स्टिक वाले वॉलपेपर बेहतर विकल्प् हैं. यह अस्थायी तरीका किसी स्पेस को बेहद आसानी से स्टाइलिश लुक देता है.

**300 से 1500 रु परस्क्वैयर फीट**



## फैब्रिक पैनल

फैब्रिक से कवर किया गया पैनल भी इन दिनों वॉल डेकोर में उपयोग में लिया जाता है. यह इंटीरियर डेकोर को एक सॉफ्ट लुक देता है. इससे दीवारों को दीवार को निखारने के लिए रंग, पैटर्न और टेक्सचर मिलते हैं. टेपेस्ट्री भी फैब्रिक पैनल्स पर लगाए जा सकते हैं.

**850 से 2200 रु प्रति स्टिकर**

## गैलरी वॉल



लिविंग रुम की किसी दीवार के एक हिस्से को खूब सारे अलग-अलग शेप व साइज के फोटोग्राफ्स व पेंटिंग से सजाना भी इन दिनों ट्रेंड में है. कमरे में घुसते ही इस पर सीधे नजर पड़ती है और यह मोह लेता है.

**400 से 4000 रुपए तक**

## मिरर

कॉम्पैक्ट/ छोटे स्पेस में फर्श से छत तक दर्पण जादू सा असर करता है. जगह के बड़ी होने का आभास पैदा करता है. अपार्टमेंट के फ्लैट जहां कई बार धूप-रोशनी की कमी झेलनी पड़ती है, खिड़की के ठीक सामने एक बड़ा दर्पण लगाने से बाहरी दृश्यों के साथ भरपूर प्राकृतिक रोशनी प्रतिबिंबित होती है. इसके साथ अब तो मिरर माइका भी मार्केट में उपलब्ध है जिससे इन्हें लगाना पहले से आसान हो गया है.

**200 रु से 950 रु परस्क्वैयर फीट**



# चटखारा



रानी प्रसाद
पाक कला विशेषज्ञ

**संतान की कुशलता, दीर्घायु के लिए मांए जीतिया करेंगी. जीतिया के नहाय खाय के दिन मड़ुआ की रोटी, नोनी साग, झिंगनी की सब्जी आदि खाने की परंपरा है. पाक कला विशेषज्ञ रानी प्रसाद ने व्रतियों के लिए मड़ुआ की रोटी और नोनी के साग को कुछ अलग अंदाज में बनाया है. आइए, आप भी लीजिए इनका स्वाद**

## मड़ुआ (रागी) के आटे की स्टफ्ड कचौड़ी



### ये चाहिए

मड़ुआ का आटा : 1 कप
पानी : 1कप
नमक : चुटकी भर

**भरावन की सामग्री**

सत्तू : 1/2 कप
अचार का मसाला : 2चम्मच
नमक : स्वाद अनुसार
अजवाइन और मंगरेला : 1/2 चम्मच
अदरक घिसा हुआ : 1/2चम्मच
धनिया की पत्ती : बारीक कटी हुई
नींबू का रस : 1 चम्मच

### ऐसे बनाएं

सर्वप्रथम पानी को खौला लें. उसमें नमक डाल दें. अब मड़ुवे के आटे को गरम पानी में डाल दें और 15 से 20 मिनट के लिए ढक कर रख दें. बाद में जब यह ठंडा हो जाए तो इसे गूंथ लें. मड़ुआ का आटा तैयार है. अब भरावन की सभी सामग्री को अच्छी तरह मिला लें. अगर सत्तू ज्यादा भर भरा दिखे तो इसमें थोड़ा सा पानी मिला दें. उसके बाद मड़ुए के आटे की छोटी-छोटी लोई बनाकर उसमें इस भरावन को भर दें. ध्यान रहे यह फटना नहीं चाहिए. इसे बेलन से बेलने की जरूरत नहीं है. इसे हाथ से ही फैला दें और कड़ाही में तेल गर्मकर धीमी-धीमी आंच पर तलें. गरमा गरम सत्तू की कचौड़ी तैयार है.

**नोट :** इसमें पनीर भी भर सकते हैं. पनीर को भुरभुरा कर उसमें हल्का नमक और मंगरेला डालकर सत्तू के तरह से ही भर कर हाथ पर फैला लें और धीमी आंच पर गरमा गरम तल लें.

## नोनी के साग की सब्जी



### ये चाहिए

बेसन - एक कप
नोनी का साग - एक कप बारीक कटा
नमक : स्वाद अनुसार
हल्दी पाउडर : आधा चम्मच
जीरा पाउडर : आधा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर : आधा चम्मच
पानी : एक कप

### ग्रेवी के लिए यह चाहिए

दही : आधा कप
धनिया पाउडर : दो चम्मच
जीरा पाउडर : आधा चम्मच
कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर : एक चम्मच
लाल मिर्च पाउडर : आधा चम्मच
नमक : स्वाद अनुसार
हल्दी पाउडर : आधा चम्मच
गरम मसाला : आधा चम्मच

### ऐसे बनाएं

पानी, बेसन, नोनी का साग, हल्दी पाउडर, जीरा पाउडर नमक सभी को एक साथ मिक्स कर लें. कढ़ाई को थोड़े से तेल से ग्रीस कर लें. कड़ाही को गैस पर चढ़ा दें. अब कढ़ाई में इस बेसन के मिक्सर को डाल दें और धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक यह गाढ़ा जमने लायक ना हो जाए. उसके बाद इसे एक थाली में तेल लगाकर जमा दें. जब यह ठंडा हो जाए तो इस छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें. अब इसे सरसों के तेल में या रिफाइंड तेल में छान लें. इसे फ्राइड भी खा सकते हैं और ग्रेवी में डालकर भी खा सकते हैं.

### ग्रेवी ऐसे बनाएं

गैस पर कड़ाही चढ़ाए. उसमें दो चम्मच तेल डालें और आधा चम्मच जीरा की छौंक लगाएं. उसके बाद इन सभी सामग्री को डालकर लगातार चलाती रहें. जब इस मसाले से तेल छूटने लगे तो इसमें आवश्यकता अनुसार पानी डालें और स्वाद अनुसार नमक डालें. ग्रेवी जब खौल जाए तब उसमें नोनी के साथ के पकोड़े को डाल दें और हरी धनिया के पत्ते से गार्निश कर लें. नोनी के पत्तों की सब्जी ग्रेवी के साथ के सब्जी तैयार है.





# दिल आया रोज गोल्ड पर

दफ्तर-कॉलेज जाने वाली महिलाओं व लड़कियों में रोज गोल्ड इन दिनों बेहद पसंद किया जा रहा है. यह भी एक तरह का सोना ही है जिसमें शुद्धता की मात्रा प्योर गोल्ड से कम होती है. इसका रंग सुनहरा नहीं होकर गुलाबी होता है, वहीं मजबूती में प्योर गोल्ड से कमतर है. कीमत भी प्योर गोल्ड से कम है. पारंपरिक सुनार की दुकानों में ही नहीं, ज्वैलरी के बड़े ब्रांड के शोरूम में भी रोज गोल्ड सहजता से उपलब्ध हैं.

सोने की शुद्धता कैरट में मापी जाती है. इसकी अधिकतम शुद्धता 24 कैरट होती है. वहीं रोज गोल्ड में सोने की शुद्धता महज 18 कैरेट रहती है. रोज गोल्ड बनाने के लिए शुद्ध गोल्ड में 75 फीसदी गोल्ड, 22.5 फीसदी कॉपर और 2.75 फीसदी सिल्वर होता है, जिसके बाद 18 कैरट का रोज गोल्ड तैयार होता है. जाहिर है रोज गोल्ड को प्योर गोल्ड नहीं कहा जा सकता. कॉपर व सिल्वर मिलने के कारण इसकी रंगत में सोने की तरह सुनहरा नहीं होकर गुलाबी हो जाता है. गुलाबी रंगत की वजह से ही इसे रोज गोल्ड कहा जाता है.

यलो और व्हाइट गोल्ड का समायोजन इसे वर्सेटाइल शेड देता है. व्हाइट गोल्ड का आधुनिक और यलो गोल्ड के पारम्परिक टच के कारण यह कार्यस्थल, कॉलेज और पार्टी सबके लिए उपयुक्त है और फैशन फॉरवर्ड लोगों की पहली पसंद है.





**40,000 बीसी से सोने का प्रयोग हो रहा है.**



# छपाक-छई और STYLE

WINDOW SHOPPING



अनामिका सिंह
फैशन डिजाइनर

**झारखंड के कई हिस्सों में इन दिनों जम कर बारिश हो रही है. आइए, ऑनलाइन मार्केट में उपलब्ध कुछ स्टाइलिश वॉटरप्रूफ फुटवियर की करें ऑनलाइन विंडो शॉपिंग और फैशन एक्सपर्ट से जाने कि किस ड्रेस पर होगा इनका परफेक्ट मैच...**



यह वेज सेमी फॉर्मल वियर, कैंपस वियर, वनपीस फ्रॉक या नी लेंग्थ स्कर्ट के साथ कैरी करें.
प्राइस : 5460 रु



इस कैजुअल फुटवियर को आप फॉर्मल ड्रेसेज के साथ कैरी करें. पैंट सूट, लॉग पेंसिल स्कर्ट, फीटेड जींस के साथ परफेक्ट लुक देगा.
प्राइस : 319 रु



इस क्रॉक्स को लूज जींस, बॉडीकॉन ड्रेसेज, प्लीटेड स्कर्ट के साथ कैरी कर सकती हैं. प्राइस : 2248 रु



यह गमबूट आप किसी भी लॉन्ग फ्रॉक के साथ कैरी कर सकती हैं.
प्राइस : 558 रु



पिंक स्लाइड को कैजुअल ड्रेसेज, डेनिम शॉर्टस, फ्रॉक, कैप्री, बॉक्सर आदि के साथ कैरी किया जा सकता है.
प्राइस : 199 रु

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## 5000 मीटर में पहले स्थान पर रहीं पारुल चौधरी




## भारत ने एशियाड में 14वां गोल्ड जीता

# पारुल की स्वर्णिम दौड़

एजेंसी. हांगझोउ

भारत ने 19वें एशियन गेम्स के 10वें दिन 14वां गोल्ड मेडल जीत लिया है. मिडिल डिस्टेंस धावक पारुल चौधरी ने 5000 मीटर रेस में 15 मिनट 14:75 सेकेंड की टाइमिंग के साथ पहला स्थान हासिल किया. मंगलवार को 10वें दिन भारत ने अब तक एक गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज सहित 4 मेडल जीते हैं.पारुल से पहले, विथ्या रामराज ने विमेंस की 400 मीटर हर्डल्स में ब्रॉन्ज दिलाया. 1000 मीटर कैनो स्प्रिंट में अर्जुन सिंह और सुनील सलाम की जोड़ी ने 3 मिनट 53.329 सेकेंड में रेस पूरी कर ब्रॉन्ज अपने नाम किया.

इससे पहले, बॉक्सिंग की विमेंस 50-54 केजी वेट कैटेगरी में भारतीय मुक्केबाज प्रीति सेमीफाइनल हार गईं और उन्हें ब्रॉन्ज से संतोष करना पड़ा, वहीं ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्सिंग विमेंस 50-54केजी इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है. उन्होंने इस कैटेगरी में देश के लिए ओलिंपिक कोटा भी हासिल किया. साथ ही तीरंदाजों में भारत ने आर्चरी में एक गोल्ड और दो सिल्वर मेडल पक्के किए हैं. गोल्ड मेडल के मैच कल होंगे.

## जायसवाल के शतक के बाद स्पिनरों ने दिलाई जीत

भाषा ।हांगझोउ

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद रवि बिश्नोई की अगुवाई में स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने एशियाई खेलों की पुरुष टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मंगलवार को यहां नेपाल को 23 रन से शिकस्त दी. जायसवाल ने 49 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़ 100 रन बनाये. भारत ने चार विकेट पर 202 रन बनाने के बाद नेपाल की पारी को नौ विकेट पर 179 रन पर रोक कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की. जायसवाल ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ 59 गेंद में 103 रन की शतकीय साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलायी. शिवम दुबे और रिंकू सिंह ने पांचवें विकेट के लिए 22 गेंद में 52 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया. रिंकू ने दो चौके और चार छक्के जड़े जबकि दुबे ने दो चौके और एक छक्का लगाया. लक्ष्य का पीछा करते समय नेपाल की टीम 13 ओवर में चार विकेट पर 120 रन बना कर अच्छी स्थिति में थी.




▪ सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

**23** रनों से भारत ने नेपाल को हराया

**03** विकेट चटकाए बिश्नोई ने

### स्कोरकार्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल कै. बोहरा बोल्ड दीपेंद्र | 100 | 49 | 8 | 7 |
| गायकवाड़ कै. पौडेल बोल्ड दीपेंद्र | 25 | 23 | 4 | 0 |
| तिलक वर्मा बो. सोमपाल कामी | 2 | 10 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा कैच और बोल्ड लामिछाने | 5 | 4 | 1 | 0 |
| शिवम दुबे नॉट आउट | 25 | 19 | 2 | 1 |
| रिंकू सिंह नॉट आउट | 37 | 15 | 2 | 4 |

अतिरिक्त : **8** (बी 2, एलबी ) 1 , डब्ल्यू 5, एनबी 0, पी 0 ) **(कुल 202/4 , 20 ओवर), विकेट पतन :** 103-1 (रुतुराज गायकवाड़, 9.5 ), 111-2 ( तिलक वर्मा, 11.4 ), 119-3 (जितेश शर्मा, 12.5 ), 150-4 (यशस्वी जयसवाल, 16.2 ), **गेंदबाजी :** सोमपाल कामी 4-0-38-1, करण : 2-0-23-0, दीपेंद्र सिंह : 4-0-31-2, अभिनाश बोहरा : 4-0-53-0, लामीछाने : 3-0-28-1, रोहित पौडेल 3-0-26-0

| नेपाल | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कुशल आवेश खान बोल्ड साई किशोर | 28 | 32 | 4 | 1 |
| आसिफ शेख कै. जितेश बोल्ड आवेश | 10 | 6 | 1 | 1 |
| मल्लाक सी रिंकू सिंह बोल्ड बिश्नोई | 29 | 22 | 2 | 2 |
| पौडेल एलबीडब्ल्यू बोल्ड बिश्नोई | 3 | 5 | 0 | 0 |
| दीपेंद्र सिंह कै. साई किशोर बोल्ड बिश्नोई | 32 | 15 | 0 | 4 |
| संदीप जोराक कै. यशस्वी बोल्ड अर्शदीप | 2 | 2 | 1 | 3 |
| सोमपाल कै. किशोर बोल्ड आवेश | 7 | 5 | 0 | 1 |
| गुलसन झाक कै. यशस्वी बोल्ड अर्शदीप | 6 | 6 | 1 | 0 |
| करण केसी नॉट आउट | 18 | 13 | 1 | 2 |
| संदीप कै. साई किशोर बोल्ड आवेश | 5 | 4 | 1 | 0 |
| अभिनाश बोहर नॉटआउट | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त -12** (बी 4, एलबी 3, डब्ल्यू 5 , नायब 0 , पी 0 ) **कुल :** 179 /9, 20 ओवर, **विकेट पतन** : 29-1 (आसिफ शेख, 3.4 ), 62-2 (कुशल भुरटेल, 8.5 ), 76-3 (कुशल मल्ला, 10.4 ), 77-4 (रोहित पौडेल, 10.6 ), 122-5 (दीपेंद्र सिंह ऐरी, 14.2 ), 140-6 (सुदीप जोरा, 15.4 ), 156-7 (सोमपाल कामी, 16.6 ), 156-8 (गुलसन झा, 17.1 ), 173- 9 (संदीप लामिछाने, 18.6 ), **गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह : 4-9-43-2, अवेश खान 4-0-32- 3, साई किशोर : 4-0 -25-1, रवि बिश्नोई : 4-0-24-3, वाशिंगटन सुंदर : 1-0-11-0, शिवम दुबे : 3-0 -37-0

**49** गेंदों में **100 रन बनाए जायसवाल ने**



## सीजन बेस्ट थ्रो के साथ अन्नू ने जीता स्वर्ण

भारत को एशियाई खेल के 10वें दिन का दूसरा स्वर्ण विमेंस जेवलिन थ्रो में अन्नू रानी ने दिलाया, अन्नू ने अपने सीजन के बेस्ट थ्रो 62.92 मीटर के साथ भारत को ओवऑल 15 वां स्वर्ण दिलाया.



## महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, उपकप्तान दीप ग्रेस इक्का और दीपिका की हैट्रिक से भारत ने आखिरी पूल मैच में हांगकांग को 13-0 से हराकर एशियाई खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. वंदना (दूसरा, 16वां और 48वां मिनट) ने फील्ड गोल किये जबकि दीप ग्रेस (11वां, 34वां और 42वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये. संगीता कुमारी (27वां और 55वां मिनट), मोनिका (सातवां) और नवनीत कौर (58वां) ने भी गोल दागे . भारत पूल ए में चार मैचों में 10 अंक लेकर शीर्ष पर है . दक्षिण कोरिया के सात अंक है लेकिन उसका एक मैच बाकी है.

## झारखंड वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता 7 से

**रांची** । झारखंड वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 7 अक्टूबर को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित वेटलिफ्टिंग हॉल में होगा. झारखंड स्टेट वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल कुमार जायसवाल ने इसकी जानकारी दी. जायसवाल ने बताया कि सभी वर्गों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है. इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की टीमों ने अपने भाग लेने की सहमति प्रदान की है.

## फुटबॉल : महावीर युवा क्लब बनी विजेता

संवाददाता।हजारीबाग

गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में महावीर युवा क्लब बड़कागांव की टीम विजेता बनी. उसने प्लस टू हाई स्कूल को चार गोल से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया. प्लस टू हाई स्कूल मैदान में 27 सितंबर से शुरू हुए इस प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों के 176 खिलाड़ियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में विजेता टीम को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से 21 हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया गया. वहीं, उपविजेता टीम को 15 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को सात हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर इनाम के रूप में दिया गया. इसके अलावा बेस्ट गोलकीपर के रूप में पवन कुमार को एक हजार का गिफ्ट हैम्पर दिया गया.



## 37वें राष्ट्रीय खेल के लिए वुशु प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची**। झारखंड खेल विभाग एवं झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से झारखंड वुशु एसोसिएशन द्वारा मंगलवार से प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ. प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेल गांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में हो रहा है. शिविर का समापन 23 अक्टूबर को होगा. इसके बाद 28 अक्टूबर को वुशु टीम गोवा के लिए रवाना होगी. कुल 15 खिलाड़ियों ने क्वालिफाई किया है.

**खेलो झारखंड** हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का सुभारंभ

# कबड्डी प्रतियोगिता में 1728 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा



खेल संवाददाता ।रांची

झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ खेल गांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में बादल राज (एसडीईईओ, झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद) एवं धीरसेन सोरेंग (राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ) ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के साथ ही खेल में भागीदारी सुनिश्चित कर उनका सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है. धीरसेन सोरेंग ने बताया कि अंडर 14/17/19 बालक एवं बालिका वर्ग के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के 1728 खिलाड़ी, 288 कोच व मैनेजर भाग ले रहे हैं.

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स में कुकड़ू प्रखंड बना ओवरऑल चैंपियन

**चांडिल**। सरायकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुकड़ू प्रखंड की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी. जिला स्तरीय खेलो झारखंड में कुकड़ू प्रखंड के खिलाड़ियों ने 19 गोल्ड, 18 सिल्वर, सात कांस्य सहित कुल 44 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रखंड का सम्मान बढ़ाया है. अंडर 19 बालिका वर्ग के कबड्डी में आवासीय विद्यालय कुकड़ू की टीम विजेता हुई है. वहीं कबड्डी के अंडर 14 बालक वर्ग में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदा (कन्या) उप विजेता बना है. कुकड़ू प्रखंड के 19 खिलाड़ियों का ट्रैक इवेंट के लिए एवं क्रॉस कंट्री के लिए सात खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है.

**इन्होंने जीता एथलेटिक्स में मेडल :** अंडर 14 बालक वर्ग प्रकाश मांझी 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीता, सुचांद महतो 600 मीटर में गोल्ड, लंबी कूद में सिल्वर व शॉटपुट में गोल्ड मिला है. मध्य विद्यालय कुदा को 4 × 100 मीटर में भी गोल्ड मिला है. वहीं अंडर 14 बालिका वर्ग में तीजा सिंह मुंडा 100 मीटर में सिल्वर, अंडर 17 बालक वर्ग में हेमंत कुमार महतो को 200 मीटर में सिल्वर और 800 मीटर में गोल्ड, विश्वजीत महतो को 400 मीटर में गोल्ड, भागीरथ महतो को 3000 मीटर में सिल्वर और हाई स्कूल तिरूलडीह को 4 × 400 रिले में गोल्ड मेडल मिला है. अंडर 17 बालिका वर्ग में सरिता महतो को तीन किलोमीटर दौड़ कांस्य, ट्रिपल जंप में सिल्वर, तनुका महतो को तीन किलोमीटर दौड़ में सिल्वर, लक्ष्मी सिंह को 1500 मीटर में गोल्ड जीता.



## क्रिकेट का महाकुंभ कल से

# विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का दबदवा

भाषा ।लंदन

विश्व कप की शुरूआत 1975 में हुई थी, जिसके बाद अब तक कुल 12 विश्व कप खेले गए हैं. 12 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम का दबदबा रहा है. ऑस्ट्रेलिया ने सर्वाधिक विश्व खिताब जीते है. वहीं सर्वाधिक विश्व कप जीतने के मामले में भारत और वेस्टइंडीज संयुक्त रुप से 2-2 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है.

भारत में पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे क्रिकेट के इस महासमर से पहले पिछले 12 विश्व क प पर एक नजर डालते हैं



- 5 बार ऑस्ट्रेलिया ने जीता है विश्व कप का खिताब
- 2-2 बार भारत और वेस्टइंडीज के नाम रहा खिताब

शेष 1 दिन

## पिछले 12 विश्व कप पर एक नजर

▪ **2019, इंग्लैंड : सबसे अजीब विश्व कप फाइनल :** निर्धारित सौ ओवरों और सुपर ओवर के बाद भी फाइनल टाई रहने के कारण चौकों छक्कों की गिनती के आधार पर विजेता का चयन हुआ. इंग्लैंड के विकेटकीपर जोस बटलर ने इसे सबसे अजीब मैच करार दिया. इंग्लैंड ने पहला विश्व कप जिस अंदाज में जीता, उसे लेकर काफी सवाल भी उठे. न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को इस विश्व कप में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुना गया. वहीं भारत के रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 648 रन बनाये जबकि आस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क ने 27 विकेट लिये.



▪ **2015, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड : ऑस्ट्रेलिया का रहा दबदबा :** इस विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा. ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया . ब्रेंडन मैकुलम की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचा लेकिन मिचेल स्टार्क की यॉर्कर पर तीसरी ही गेंद पर उनका विकेट गिरने से न्यूजीलैंड की हार लगभग तय हो गई. ट्रेंट बोल्ट को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुना गया जिन्होंने स्टार्क के समान 22 विकेट लिये.



▪ **2011 : भारत , श्रीलंका और बांग्लादेश : सचिन का सपना हुआ पूरा :** महेंद्र सिंह धोनी का हेलिकॉप्टर शॉट पर लगाया गया छक्का क्रिकेट की किवदंतियों में शामिल हो गया. भारत ने फाइनल में श्रीलंका को छह विकेट से हराया और आखिरकार छह विश्व कप खेल चुके सचिन तेंदुलकर का खिताब जीतने का सपना पूरा हुआ. अपनी धरती पर विश्व कप जीतने वाला भारत पहला देश बना. युवराज सिंह अपने बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे.



▪ **2007, वेस्टइंडीज : ऑस्ट्रेलिया ने लगायी खिताबी हैट्रिक :** बारबाडोस में बारिश से बाधित फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 53 रन से हराकर लगातार तीसरी बार खिताब जीता. एडम गिलक्रिस्ट ने 149 रन बनाये जो विश्व कप फाइनल में सर्वोच्च स्कोर है. इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान के इंग्लिश कोच बॉब वूल्मर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी. भारत और पाकिस्तान टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए थे. दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स एक ओवर में छह छक्के जड़ने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बने जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ यह कमाल किया.



▪ **2003 , दक्षिण अफ्रीका : ऑस्ट्रेलिया ने भारत के मंसूबों पर पानी फेरा :** ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में भारत के मंसूबों पर पानी फेरते हुए भारत को 125 रन से हराया. पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने फाइनल में सौरव गांगुली की अगुवाई वाली भारतीय टीम को एकतरफा मुकाबले में हराया.



▪ **1999, इंग्लैंड और वेल्स: 1987 के बाद ऑस्ट्रेलिया ने पहला विश्व कप जीता :** ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को फाइनल में आठ विकेट से हराया. शेन वॉर्न ने फाइनल में चार विकेट लिये और पाकिस्तानी टीम 132 रन पर आउट हो गई. ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. ऑस्ट्रेलिया ने 1987 के बाद पहला विश्व कप जीता.



▪ **1996 , पाकिस्तान, भारत और श्रीलंका : कोलकाता में दर्शकों ने बोतलें फेंकी :** श्रीलंका ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराया. अरविंद डिसिल्वा श्रीलंका की जीत के सूत्रधार रहे जिन्होंने फाइनल में तीन विकेट लिये और दो कैच लपके. इसके साथ ही नाबाद 107 रन की पारी खेली . कोलंबो में तीन सप्ताह पहले आतंकवादी हमले के कारण आस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज ग्रुप चरण का मैच खेलने नहीं गए. कोलकाता (कलकत्ता) में श्रीलंका के आठ विकेट पर 251 रन के जवाब में भारत के आठ विकेट 120 रन पर गिरने के बाद दर्शकों ने पिच पर बोतलें फेंकी और दीर्घा में पटाखे जलाये. यह मैच रद्द करना पड़ा.



▪ **1992, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड : 21 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटा दक्षिण अफ्रीका :** फाइनल में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 22 रन से हराया. पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 22 रन से हराकर पहली बार खिताब जीता. जीत के सूत्रधार रहे इमरान खान, जावेद मियांदाद और वसीम अकरम . इस विश्व कप से ही रंग बिरंगी पोशाक और फ्लडलाइट का दौर शुरू हुआ.




▪ **1987 , भारत और पाकिस्तान : पहली बार 50 ओवरों का हुआ विश्व कप :** फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को सात रन से हराया ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलेन बॉर्डर को उनकी टीम ने ईडन गार्डंस पर कंधे पर बिठाया. पहली बार विश्व कप 60 की बजाय प्रति टीम 50 ओवरों का रहा. चेतन शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण में हैट्रिक लगाई .ग्रुप चरण में कई मुकाबले काफी करीबी रहे.



▪ **1983 , इंग्लैंड : भारत ने विश्व कप का सबसे बड़ा उलफेर किया :** भारत ने वेस्टइंडीज को 43 रन से हराया. कपिल के करिश्माई खिलाड़ियों ने वह कर दिखाया जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी. इसने भारतीय क्रिकेट के अब तक के सफर में मील के पत्थर की भूमिका निभाई. पिछली दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को हराकर भारत ने पहली बार खिताब जीता. फाइनल में भारतीय टीम 183 रन पर आउट हो गई लेकिन वेस्टइंडीज की टीम जवाब में 140 रन ही बना सकी.



▪ **1979 , इंग्लैंड : वेस्टइंडीज ने किया विश्व कप का बचाव :** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 92 रनों से हराकर विश्व कप का बचाव किया. विवियन रिचडर्स, कोलिन किंग की फाइनल में शानदार बल्लेबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने जीत दर्ज की. कैरी पैकर विश्व सीरिज क्रिकेट के कारण ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टूर्नामेंट में उपलब्ध नहीं थे.



▪ **1975, इंग्लैंड : गावस्कर में 60 ओवर खेलकर 36 रन बनाए :** वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 17 रन से हराया. पहला विश्व कप खेल के इतिहास में बड़ा आंदोलन माना गया. वेस्टइंडीज की तूती बोल रही थी. इंग्लैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के एक मैच में भारत के सुनील गावस्कर ने पूरे 60 ओवर खेलकर 36 रन बनाये. वेस्टइंडीज ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को मात दी





पेरिस में प्रस्तुत लोरियल स्प्रिंग/समर 2024 महिला फैशन संग्रह के लिए परिधान पहने हुए बाएं से, ईवा लोंगोरिया, येसेल्ट, सिंडी ब्रुना, केंडल जेनर, मिरियम लियोन, ऐश्वर्या राय बच्चन, कैथरीन लैंगफोर्ड, एंडी मैकडॉवेल, वियोला डेविस और कैमिला कैबेलो. फोटो: पीटीआई

## आओ जानें

**प्रजनन दर (प्रति महिला 2.1 बच्चों की प्रजनन दर मोटे तौर पर स्थिर जनसंख्या सुनिश्चित करती है)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| द. कोरिया | 0.81 | स्विट्ज़रलैंड | 1.51 | मेक्सिको | 1.82 |
| सिंगापुर | 0.9 | यूके | 1.53 | अर्जेंटीना: | 1.89 |
| मकाऊ | 0.97 | नॉर्वे | 1.55 | भारत | 2.03 |
| माल्टा | 1.13 | जर्मनी | 1.58 | इंडोनेशिया | 2.17 |
| चीन | 1.16 | नीदरलैंड | 1.62 | द. अफ्रीका | 2.37 |
| स्पेन | 1.19 | ब्राज़ील | 1.64 | पाकिस्तान | 2.34 |
| इटली | 1.25 | यूएसए | 1.66 | सऊदी अरब | 2.43 |
| जापान | 1.30 | स्वीडन | 1.67 | इज़राइल | 3.00 |
| पोलैंड | 1.33 | ऑस्ट्रेलिया | 1.70 | सेनेगल | 3.90 |
| पुर्तगाल | 1.35 | तुर्किये | 1.70 | अफगानिस्तान | 4.62 |
| लिथुआनिया | 1.36 | डेनमार्क | 1.72 | नाइजीरिया | 4.76 |
| लक्ज़मबर्ग | 1.38 | फ्रांस | 1.80 | सोमालिया | 5.31 |

## ब्रीफ खबरें

### मुस्लिम समुदायों की स्थिति की समीक्षा करेगी असम सरकार

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह राज्य के पांच मूल जनजातीय मुस्लिम समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की समीक्षा करेगी, ताकि उनके उत्थान के लिए कदम उठाए जा सकें. मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को असम के मूल जनजातीय मुस्लिम समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने का निर्देश दिया है.

### नासिक में एपीएमसी में प्याज की नीलामी शुरू

**नासिक।** प्याज पर निर्यात शुल्क में वृद्धि के विरोध में व्यापारियों द्वारा निलंबित की गई प्याज की नीलामी 13 दिन बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक जिले की करीब सभी कृषि उपज बाजार समितियों (एपीएमसी) में फिर से शुरू हुई. बाजार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी लासलगांव एपीएमसी में मंगलवार सुबह 545 गाड़ियां पहुंचीं.

### कर्नाटक में कार पूलिंग पर प्रतिबंध नहीं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामालिंगा रेड्डी ने स्पष्ट किया है कि राज्य में कार पूलिंग पर प्रतिबंध नहीं है, लेकिन सफेद नंबर प्लेट वाले गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों का इस मकसद से इस्तेमाल गैरकानूनी है. कार पूलिंग एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके तहत लोग यात्रा के दौरान रास्ते में कुछ और लोगों को भी शामिल कर सकते हैं और पेट्रोल आदि पर आने वाले खर्च को बेहतर और किफायती बना सकते हैं.

### 'योद्धा' आठ दिसंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** धर्मा प्रोडक्शन्स अपनी सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत एक्शन फिल्म योद्धा को आठ दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए तैयार है. योद्धा का निर्देशन पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे ने किया है जो बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है. इस फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स और शशांक खेतान के मेंटर डिसाइपल फिल्म्स ने किया है. फिल्म के निर्माताओं ने रिलीज की तारीख की सूचना सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दी.

### आंबेडकर की प्रतिमा का अमेरिका में होगा उद्घाटन

**वाशिंगटन।** भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार डॉ. बी आर आंबेडकर की भारत के बाहर सबसे बड़ी प्रतिमा का अमेरिका के मैरीलैंड में 14 अक्टूबर को उद्घाटन किया जाएगा. उन्नीस फुट की इस प्रतिमा को स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी नाम दिया गया है, जिसे प्रसिद्ध कलाकार एवं मूर्तिकार राम सुतार ने बनाया है. सुतार ने ही गुजरात के अहमदाबाद में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा बनाई थी. आंबेडकर की प्रतिमा आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (एआईसी) का हिस्सा है.

### आईएमएफ का प्रतिनिधिमंडल अक्टूबर अंत में पहुंचेगा पाक

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के चालू वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए अपना एक प्रतिनिधिमंडल अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में देश भेजेगा. वित्त मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से कहा गया कि आईएमएफ मिशन के साथ बैठक के दौरान कार्यवाहक सरकार कर और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों पर चर्चा करेगी.

### विपक्षी पार्टी को उसके नेता नहीं बल्कि, पर्दे के पीछे से चली रहीं है राष्ट्र विरोधी ताकतें

# मेरे लिए गरीब सबसे बड़ी जातिः मोदी

भाषा। जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति आधारित गणना की विपक्षी दलों की मांग के बीच कांग्रेस पर 'किसी भी कीमत पर' देश के हिंदुओं को बांटने और 'भारत को तबाह कर देने' की चाहत रखने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनके लिए गरीब ही सबसे बड़ी जाति और सबसे बड़ी आबादी है. कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी को उसके नेता नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे से ऐसे लोग चला रहे हैं, जो राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ मिले हुए हैं. बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर लोकतंत्र को लूटतंत्र और प्रजातंत्र को परिवारतंत्र में बदलने का आरोप लगाया. प्रधानमंत्री ने कहा कि कल से कांग्रेस ने एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है. कांग्रेस के नेता कहते हैं कि जितनी आबादी उतना हक है. मैं कहता हूं इस देश में अगर कोई सबसे बड़ी आबादी है, तो वह आबादी गरीब है. इसलिए मेरे लिए गरीब ही सबसे बड़ी आबादी है और गरीब का कल्याण यही मेरा मकसद है.

**कांग्रेस से रहें सतर्क :** कांग्रेस ने किसी अन्य देश के साथ अपने गुप्त समझौते का खुलासा नहीं किया है. समझौते के बाद कांग्रेस को भारत के खिलाफ बोलने में मजा आ रहा है. भारत की अच्छी बातों को बुरी तरह से पेश करने में मजा आ रहा है. ऐसा लगता है कि देश के प्रति उनका प्यार कम हो गया है. उन्होंने लोगों को कांग्रेस से सतर्क रहने के लिए कहा.



### गांवों के विकास से होगा विकसित भारत का सपना पूरा

पीएम ने मंगलवार को कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब राज्यों, जिलों और गांवों का विकास होगा. उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र ने 2014 से पहले दिए गए बजट की तुलना में पिछले नौ वर्षों में छत्तीसगढ़ में रेलवे परियोजनाओं के लिए बजटीय आवंटन में 20 गुना वृद्धि की है. प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इससे पहले उन्होंने नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के इस्पात संयंत्र सहित 26,000 करोड़ रुपये की कुछ परियोजनाओं का लोकार्पण किया और कुछ की आधारशिला रखी. यह संयंत्र 23,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुआ है. यह ग्रीनफील्ड परियोजना का संयंत्र है, जहां उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात निर्मित होगा. उन्होंने कहा कि राज्य के बस्तर जिले के नगरनार में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड इस्पात संयंत्र से बस्तर और आसपास के क्षेत्रों के 50,000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और साथ ही इलाके के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाकर यह संयंत्र बस्तर को दुनिया के इस्पात मानचित्र में दर्ज कर देगा.

### पीएम बोले

- कांग्रेस ने एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है
- कांग्रेस के नेता कहते हैं जितनी आबादी उतना ही हक है

### गरीब सबसे बड़ी बिरादरी

पीएम ने कहा कि पिछले करीब 10 सालों में उनकी सरकार ने ऐसी योजनाएं बनाई हैं, जिनसे गरीबों में फिर विश्वास पैदा हुआ. मेरे लिए तो इस देश का गरीब, यही सबसे बड़ी जाति है. यही सबसे बड़ी बिरादरी है. अगर गरीबों का भला हो गया, तो देश का भला अपने आप हो जाएगा.

**गरीबों को बांटना चाहती है कांग्रेस :** पीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अब कांग्रेस के लोग नहीं चला रहे हैं, क्योंकि उसके बड़े नेता मुंह बंद करके बैठे हैं. उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस को पर्दे के पीछे से वो लोग चला रहे हैं, जिनकी देश विरोधी ताकतों से साठगांठ है. प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस किसी भी कीमत पर देश के हिंदुओं को बांटकर, भारत को तबाह कर देना चाहती है. कांग्रेस गरीबों को बांटना चाहती है.

### बिहार जातिवार सर्वेक्षण की गूंज से सपा, बसपा और कांग्रेस में भी कवायद तेज

**लखनऊ।** पड़ोसी राज्य बिहार में जातिवार गणना सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी होने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में भी ऐसी ही गणना की मांग की है. बसपा अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार से तुरंत जाति सर्वेक्षण शुरू करने की मांग करते हुए कहा कि कुछ पार्टियां इसके खिलाफ हैं, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए न्याय का यही एकमात्र तरीका है. सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस और भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) ने भी उत्तर प्रदेश और अन्य जगहों पर विभिन्न जातियों की आबादी का पता लगाने के लिए जातिवार गणना की वकालत की है. मायावती ने बिहार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी जातिवार जनगणना कराये जाने की जरूरत बताते हुए कहा कि दलितों और पिछड़ों को उनका वाजिब हक तभी मिलेगा जब केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना करायेगी.

### संसाधनों पर मुसलमानों का है पहला अधिकार

पीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह क्या सोच रहे होंगे? मनमोहन सिंह जी कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और उनमें भी पहला अधिकार मुसलमानों का है. लेकिन अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि किसे कितना अधिकार मिलेगा. प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस मुसलमानों के अधिकारों को कम करना चाहती हैं? उन्होंने कहा कि तो क्या अल्पसंख्यकों को कांग्रेस हटाना चाहती है? तो क्या सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदू अब आगे बढ़कर अपने सारे हक ले लें?

### महाराष्ट्र व अन्य राज्यों को भी करवाना चाहिए जातिवार गणना

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** शरद पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने बिहार की जाति आधारित गणना की सराहना करते हुए मांग की है कि महाराष्ट्र सहित देश के सभी राज्यों में इसी तरह की कवायद की जानी चाहिए. उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकार छीने जाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि बिहार में जो सच सामने आया है, वह पूरे भारत का सच है, इसलिए हम मांग करते हैं कि जनसंख्या के जाति-वार सटीक आंकड़े सामने लाए जाएं. आव्हाड ने सवाल किया कि अगर हम मानते हैं कि देश की आबादी का केवल 50 प्रतिशत हिस्सा ओबीसी है, तो भी उन्हें आरक्षण से वंचित क्यों किया जा रहा है.

## नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 24 मरीजों की मौत

भाषा। औरंगाबाद

महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सरकारी अस्पताल में 24 घंटे की अवधि में 24 मरीजों की मौत का मामला सामने के एक दिन बाद अधिकारियों ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की कि एक और दो अक्टूबर के बीच इसी अस्पताल में सात और मरीजों की मौत हुई. पिछले 48 घंटे में मृतक संख्या बढ़कर 31 हो गई है. महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा कि इससे पहले नांदेड़ में डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में 30 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच 24 मरीजों की मौत की सूचना थी. इन 24 मरीजों में से 12 नवजात शामिल थे. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की है कि राज्य सरकार को इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराना चाहिए. बता दें कि महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुशरिफ मंगलवार को नांदेड़ में जीएमसीएच का दौरा करेंगे.

**कांग्रेस ने की जांच की मांग :** कांग्रेस के पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्य सरकार की स्वास्थ्य प्रणाली पर सवाल उठाया है और कहा कि मुझे पीड़ितों के परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है. हम गहन जांच की मांग करते हैं, ताकि लापरवाही के दोषियों को अदालत कड़ी सजा दे सके.

**प्रियंका ने की पीड़ित परिजनों को मुआवजा देने की मांग :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की.

### खास बातें

- 48 घंटे में मृतक संख्या बढ़कर हो गई 31
- 30 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच 24 मौतें
- एक से दो अक्टूबर के बीच सात मौतें

### भाजपा की नजर में गरीबों की जान की कोई कीमत नहींः राहुल

'एक्स' पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने मरीजों की मौत की खबर पर दुख जताया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की .उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने प्रचार-प्रसार पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करती है, लेकिन बच्चों की दवा के लिए पैसा नहीं है? भाजपा की नजर में गरीबों की जान की कोई कीमत नहीं है.

### अस्पताल में मौतें बेहद दर्दनाकः केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र के एक सरकारी अस्पताल में 12 शिशुओं समेत 24 लोगों की मौत को बेहद दर्दनाक बताया और राज्य सरकार की स्वास्थ्य प्रणाली पर सवाल उठाया है.

## चाय बागान श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़ा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने ब्रह्मपुत्र और बराक घाटी में चाय बागान श्रमिकों की दैनिक न्यूनतम मजदूरी 18 रुपये बढ़ाकर क्रमशः 250 रुपये और 228 रुपये करने का फैसला किया है. शर्मा की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल कर बैठक में एक अक्टूबर से ब्रह्मपुत्र और बराक दोनों घाटियों में मजदूरी बढ़ाने का निर्णय किया गया. मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने चाय बागान श्रमिकों की न्यूनतम दैनिक मजदूरी बढ़ाने का फैसला किया. ब्रह्मपुत्र घाटी में एक अक्टूबर से दैनिक वेतन 232 रुपये से बढ़ाकर 250 रुपये कर दिया गया है. बराक घाटी में अब श्रमिकों को 210 रुपये के बजाय 228 रुपये मिलेंगे.

### राहुल की कार सेवा जारी...



मंगलवार को स्वर्ण मंदिर की यात्रा के दौरान सेवा करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी. फोटो: पीटीआई

## 'रामसेतु' को स्मारक घोषित करने वाली याचिका पर अदालत का इंकार

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने 'रामसेतु' को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने और उक्त स्थान पर एक दीवार के निर्माण का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से मंगलवार को यह कहकर इनकार कर दिया कि ये सरकार के लिए प्रशासनिक मामला है. रामसेतु को 'एडम ब्रिज' के नाम से भी जाना जाता है. यह तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी तट पर पंबन द्वीप और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी तट पर मन्नार द्वीप के बीच है. याचिका न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई थी. यह याचिका हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड संगठन ने अपने अध्यक्ष अशोक पांडे के माध्यम से दायर की थी. पांडे एक वकील भी हैं. उन्होंने पीठ को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक याचिका के बारे में भी सूचित किया जो शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित है.

### खास बातें

- रामसेतु को 'एडम ब्रिज' के नाम से भी जाना जाता है
- ये सरकार के लिए प्रशासनिक मामला है : सुप्रीम कोर्ट

### वायु सेना के बेड़े से होगी मिग-21 की विदाई

## तेजस की जगह लेगा एलसीए मार्क-1ए

भाषा। नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि वायुसेना अगले सात-आठ साल में ढाई-तीन लाख करोड़ रुपये के मिलिट्री प्लेटफॉर्म, उपकरण एवं हार्डवेयर शामिल करने पर विचार कर रही है. एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायुसेना दिवस से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वायुसेना खासकर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास हालात पर लगातार नजर रख रही है. उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिर और अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण, एक मजबूत और विश्वसनीय सेना की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है. इसके लिए वायुसेना अतिरिक्त 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस मार्क 1ए खरीदने की योजना को आगे बढ़ा रही है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मिग-21 लड़ाकू विमान अब भारतीय वायुसेना का हिस्सा नहीं रहेंगे. वायुसेना प्रमुख चौधरी ने कहा कि वायुसेना को एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीन इकाइयां प्राप्त हुई हैं और शेष दो इकाइयां अगले वर्ष तक मिल जाने की उम्मीद है. वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमने अग्निपथ योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी.



### खास बातें

- वायुसेना को एस-400 मिसाइल की 3 इकाइयां प्राप्त हुई हैं
- एलएसी की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है वायुसेना

**कार्रवाई** चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने का लगा आरोप, की गई कार्रवाई

## 'न्यूजक्लिक' से जुड़े परिसरों पर दिल्ली पुलिस के छापे

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में ऑनलाइन समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' और उसके पत्रकारों से जुड़े 30 परिसरों पर मंगलवार को छापे मारे. न्यूजक्लिक पर चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने का आरोप लगाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई. अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में की गई छापेमारी के दौरान उर्मिलेश और अभिसार शर्मा समेत कुछ पत्रकारों को लोधी रोड विशेष प्रकोष्ठ कार्यालय ले जाया गया, लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है. न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को समाचार पोर्टल के दक्षिण दिल्ली स्थित कार्यालय ले जाया गया.

**लैपटॉप और मोबाइल फोन का 'डंप डेटा' बरामद :** इससे पहले, ईडी ने भी न्यूजक्लिक के वित्त पोषण के स्रोतों की जांच के तहत कंपनी के परिसरों पर छापे मारे थे. विशेष प्रकोष्ठ केंद्रीय एजेंसी से मिली जानकारी के आधार पर ईडी छापे मार रहा है. अधिकारियों ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ ने यूएपीए के तहत एक नया मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.



### देश की जांच एजेंसी कानून के अनुसार काम करती हैं : अनुराग

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भुवनेश्वर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जांच एजेंसी स्वतंत्र हैं और वे कानून के अनुसार काम करती हैं. यदि किसी ने कुछ गलत किया है, तो जांच एजेंसी इस संबंध में काम करती हैं. यह कहीं नहीं लिखा कि यदि आपने अवैध तरीके से धन कमाया है या कुछ आपत्तिजनक किया है, तो जांच एजेंसी इसकी जांच नहीं कर सकतीं. अनुराग ठाकुर ने 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' की जांच का हवाला देते हुए हाल में दावा किया था कि न्यूजक्लिक के धन के लेन-देन की जांच से भारत विरोधी एजेंडे का पता चला है.

**'न्यूज़क्लिक' पर छापे, ध्यान भटकाने की कोशिश : कांग्रेस :** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के पत्रकारों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी को बिहार में जातिवार सर्वेक्षण के विस्फोटक निष्कर्षों और देशभर में जातिगत जनगणना कराने की बढ़ती मांग से 'ध्यान भटकाने की ताजा कोशिश' करार दिया है.

**पत्रकारों से डरी हुई है भाजपा : आप :** ऑनलाइन समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के परिसरों पर छापेमारी को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह पत्रकारों से डरी हुई है.

## खास सुरंग से 8 लाख श्रद्धालु कर सकेंगे महाकालेश्वर दर्शन

भाषा। इंदौर

उज्जैन में श्री महाकाल महालोक गलियारे के लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की तादाद में लगातार होते इजाफे के चलते महाकालेश्वर मंदिर परिसर में खास सुरंग बनाई जा रही है. इस सुरंग के जरिये हर रोज करीब आठ लाख श्रद्धालु भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल महाकालेश्वर मंदिर में आसानी से दर्शन कर सकेंगे. प्रशासन के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी.

उज्जैन के जिलाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि फिलहाल महाकालेश्वर मंदिर में हर दिन दो लाख श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर पाते हैं. हालांकि, पर्व-त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की दैनिक तादाद जब तीन लाख के आसपास पहुंचती है, तो हमारे लिए भीड़ को नियंत्रित करना आसान नहीं होता. उन्होंने कहा कि इस स्थिति के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकालेश्वर मंदिर में खास सुरंग बनाई जा रही है. पुरुषोत्तम के मुताबिक इस सुरंग के निर्माण के बाद हर रोज करीब आठ लाख श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर में सुगमता से दर्शन कर सकेंगे.

### खास बातें

- फिलहाल हर दिन दो लाख श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर पाते हैं
- महाकालेश्वर मंदिर में आसानी से दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

## हजारीबाग का रहा है आतंकी कनेक्शन, कई हो चुके हैं गिरफ्तार

# 2002 में हुआ था खुलासा

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग जिला आतंकियों के स्लीपर सेल जोन के रूप में जाना जाने लगा है. वर्ष 2002 से लेकर अब तक कई संदिग्धों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनका संपर्क हजारीबाग से रहा है. यही नहीं, यह जिला दो आतंकियों के मुठभेड़ का गवाह भी रहा है. मुठभेड़ के समय से ही यह कयास लगाए जाते रहे हैं कि हजारीबाग में आतंकी में अपनी पहचान छुपा कर रहते हैं फिर घटना को अंजाम देने के लिए निकल जाते हैं. यहां के कुछ युवक को भी ट्रेनिंग देने की बात भी सामने आई है.

यह भी कहा जाता है कि आतंकी बाहर कहीं घटना को अंजाम देने के बाद वापस हजारीबाग में अपनी पहचान छुपा कर रहते हैं. इसकी पुष्टि एनआईए के जांच में भी हुई है. आतंकी मामलों में पूर्व में भी हजारीबाग से आतंकियों का दो दशक से भी पुराना संबंध रहा है. देश में हुई कई बड़ी आतंकी घटनाओं में हजारीबाग का नाम सामने आया और यहां से आतंकी पकड़े भी गए.

**कौन है शाहनवाज :** संदिग्ध आतंकी मो. शाहनवाज आलम पिता सफीउज्जमा आजाद नगर पेलावल का रहने वाला है. उसने एनआईटी नागपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और अपने बैच का वह टॉपर है. बड़ा बाजार थाना की पुलिस द्वारा 2020 में पिस्टल के साथ अपने दो अन्य इंजीनियर दोस्तों के साथ पकड़ा गया था और करीब छह माह तक जेपी कारा में बंद था.उस पर कोर्रा और बड़ा बाजार थाना सहित कटकमदाग में चार मामले दर्ज है. कुछ दिन अकेले रहने के बाद हजारीबाग से दिल्ली निकल गया. इसके बाद वह लौट कर घर नहीं लौटा .

तीन लाख का इनामी आतंकी शहनवाज को लेकर तीन माह पूर्व एनआईए द्वारा हजारीबाग पुलिस को जानकारी दिया गया था. बकायदा एनआईए ने शहनवाज का पासपोर्ट भी भेजा गया था. यही नहीं जो इनपुट हजारीबाग पुलिस को दिया गया था उसे पर तलाश भी किया जा रहा था. हजारीबाग एसपी मनोज रतन चोथे बताते हैं कि जब भी कोई इनपुट्स मिलता है तो उसे पर विशेष रूप से कार्रवाई भी की जाती है.

### आतंकी कनेक्शन

- हजारीबाग में अपनी पहचान छुपा कर रहते हैं आतंकी
- जब भी मिलता है कोई इनपुट्स तो करवाई की जाती है : एसपी


आतंकी मो. शाहनवाज आलम


आतंकी शाहनवाज का पासपोर्ट.

**केस 1**
जनवरी 2002 में हजारीबाग सुर्खियों में आया था, जब कोलकाता के अमेरिकन सेंटर पर आतंकी हमला हुआ. आतंकवादियों ने जांच एजेंसियों से बचने के लिए हजारीबाग के कचहरी के समीप एक होटल में शरण ली थी. इसका खुलासा जांच में एनआइए ने किया था.28 जनवरी 2002 को दो आतंकी सदर थाना क्षेत्र के खिरगांव मुहल्ले में मारे गए थे.इनमें इदरीश नाम का आतंकी घटनास्थल पर ही मारा गया था. वहीं, सलीम अस्पताल में बयान देने के बाद मर गया था. सलीम ने बताया था कि दोनों पाकिस्तान के हैं. लश्कर-ए-तोएबा के आतंकी हैं.उसने स्वीकारा था कि कोलकाता में 22 जनवरी 2002 को अमेरिकन सूचना केंद्र पर हमला करने में उसका हाथ था.6 दिन बाद 28 जनवरी को हजारीबाग में वह मर गया.

**केस 2**
29 फरवरी 2012 को हजारीबाग स्थित पगमिल मोहल्ले के कश्मीर हाउस से लश्कर के आतंकी तौफिक को गिरफ्तार किया गया था. उसकी निशानदेही पर दिल्ली में इसके एक साथी एहतेशाम को गिरफ्तार किया गया था.तौफिक ने इंटर की पढ़ाई मांडू कॉलेज से की थी. वह संत कोलंबा कॉलेज में पार्ट वन की पढ़ाई कर रहा था.

**केस 3**
रोहिंग्यां मामले में गिरफ्तार अल कायदा से जुड़े संदिग्ध आतंकी समीउल रहमान उर्फ हमदान उर्फ शुमोन हक उर्फ राजू भाई ने गिरफ्तारी के बाद खुद स्वीकार किया कि वह पहचान छिपाकर हजारीबाग के एक होटल में कुछ दिनों तक ठहरा था.दिल्ली में हमदान को गिरफ्तार करने के बाद एनआइए टीम जांच के सिलसिले में उसे लेकर रांची आयी थी. यहीं उसने माना कि हजारीबाग के एक होटल को भी उसने अपना ठिकाना बनाया था.

**केस 4**
2022 में पटना में पकड़ा गया एक जमादार हजारीबाग में पोस्टेड था. इस दौरान उसकी गतिविधि भी संदिग्ध थी और वह आतंकी जाल फैला रखा था. जिसने केंद्र पटना को बनाया था.इस बात की आशंका है कि इस संगठन के कई लोग अभी भी हजारीबाग में सक्रिय हैं.

**केस 5**
हजारीबाग के शाहनवाज को दिल्ली में पकड़े जाने के बाद आतंकियों से जुड़े तार का बड़ा खुलासा होने की संभावना प्रबल हो गई है. जिसकी गिरफ्तारी की पुष्टि 2 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने किया है.

# अंशु सरकार को उत्तराखंड में मिला योग आइकॉन का अवॉर्ड



संवाददाता। जमशेदपुर

कदमा निवासी अंतरराष्ट्रीय योगगुरु अंशु सरकार ने उत्तराखंड में अवॉर्ड ''डब्ल्यूएफएफ योग आइकॉन'' जीता है. यह अवॉर्ड जीतकर अंशु ने पूरे झारखंड का नाम रौशन किया. उक्त अवार्ड उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने अंशु को एक अक्टूबर को दिया. मंत्री ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उक्त आयोजन वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) ऑफ योग स्पोर्ट्स इंडिया की ओर से प्रथम नेशनल प्रो योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था. उक्त कार्यक्रम उत्तराखंड के रुड़की स्थित सीओइआर यूनिवर्सिटी में आयोजित था. अंशु अब तक देश विदेश में सैकड़ों अवॉर्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं.

अंशु सरकार को यह अवॉर्ड योगा के लिए अलग क्षेत्र में कार्य करने के लिए दिया गया है. उन्हें पिछले 40 वर्षों से योग के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, अंतरराष्ट्रीय आयोजन, कोच, योग थेरेपी आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यों के लिए दिया गया. उक्त चैंपियनशिप में देश के 22 राज्यों से 446 प्रतिभागी शामिल हुए थे. उन्हें योग आइकॉन का अवॉर्ड मिलने पर शहर व राज्य के कई गण्यमान्य व्यक्तियों ने खुशी जताई है.

### आओ जानें

## 4 अक्टूबर का इतिहास

1824- मेक्सिको एक गणराज्य बना.
1830- नीदरलैंड से अलग होकर बेल्जियम साम्राज्य बना.
1943- यूएस ने सॉलोमन पर कब्जा कर लिया.
1974- भारत ने दक्षिण अफ्रिका की सरकार की रंभेदी नीति का प्रतिरोध करने के लिए वहां जाकर डेविस कप में भाग लेने से इनकार कर दिया.
1977- अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को हिंदी में संबोधित किया.
2011- अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के मुखिया अबू बकर अल बगदादी को वैश्विक आतंकवादी के रूप में चिन्हित किया और साथ ही उस पर एक करोड़ डॉलर का ईनाम भी रखा.
2011- अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई की भारत यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ हुई बैठक में सामरिक मामले, खनिज संपदा की साझेदारी और तेल और गैस की खोज पर साझेदारी संबंधी तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए.
2011- भारतीय राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल की यात्रा के दौरान भारत और स्विट्जरलैंड नेवित्तीय क्षेत्र में सहयोग के लिए द्विपक्षीय समझौता किया गया.
2011- मैक्सिको के राष्ट्रीय मानव विज्ञान एवं इतिहास संस्थान ने उत्तर में स्थित दुरांगो प्रांत से प्राप्त मानवीय अस्थियों के आधार पर दावा किया है कि प्राचीन समय में यहां के आदिवासी नरभक्षी थे.

## सड़क दुर्घटना में घायलों के मददगारों को नहीं मिलता पुरस्कार

# नियम अनेक, लागू करनेवाला नहीं

रविन्द्र कुमार। धनबाद

केंद्र व राज्य सरकार की ओर से दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को तत्काल मदद पहुंचाने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है. ऐसे लोगों को न्यायालय की ओर से भी कानूनी छूट दी गई है. सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को पुरस्कार राशि देने का भी प्रावधान है. हालांकि स्वास्थ्य विभाग व पुलिस प्रशासन इस मामले में उदासीन रहा है.

**पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने का है प्रावधान :** सरकार के निर्देश के अनुसार जिले के सरकारी अस्पतालों में घायल को पहुंचाने वाले मददगारों के नाम व फोन नंबर लिखने का प्रावधान है. ऐसा इसलिए कि पुलिस उस व्यक्ति तक पुरस्कार राशि पहुंचा सके और उन्हें प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करे. परंतु जिले भर के सरकारी अस्पतालों व सीएचसी, पीएचसी में अब तक एक रजिस्टर तक की व्यवस्था नहीं है. विगत दिनों जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार ने पूर्व सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा से आग्रह किया था कि हर पीएचसी, सीएच प्रभारियों को निर्देश दें कि हर हाल में एक ऐसी पंजी बनाएं, जिसमें मददगार का नाम, नंबर व पता अंकित किया जा सके. यह निर्देश फाइलों में दबा रह गया है.

**घायलों को अस्पताल पहुंचाने से कतराते हैं लोग :** सड़क दुर्घटना में कई बार लोग अपनी जान इसीलिए गंवा देते हैं, क्योंकि समय पर उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलती. अधिकतर मामलों में समय पर घायलों की मौत समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाए जाने के कारण हो जाती है. वजह है पुलिस का भय. कई लोग पहल करना चाहते हैं, लेकिन पुलिस से बचने के लिए पीछे हट जाते हैं.



### क्या कहते हैं समाजसेवी

समाजसेवी अंकित राजगढिया बताते हैं कि कई बार सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने का काम उन्होंने किया है. परंतु कभी भी उनका नाम और फोन नंबर रजिस्टर में अंकित नहीं किया गया. हालांकि घायलों की मदद यह सोच कर नहीं की है कि सरकार से उन्हें पुरस्कार दे. मगर प्रावधान के तहत अस्पतालों में रजिस्टर नहीं बनाया गया है. समाजसेवी गौतम मंडल ने बताया कि उन्हें जहां भी सड़क दुर्घटना में घायल दिखते हैं, वह अपनी गाड़ी में या एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाते हैं. उन्हें इस काम से सुकून मिलता है. सरकारी नियमों की जानकारी है, लेकिन कभी भी पुरस्कार राशि की इच्छा से मदद नहीं करते, बल्कि मदद करना अच्छा लगता है. हालांकि नियमों का पालन सरकारी अस्पतालों को करना चाहिए.

### क्या हैं नियम

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने पर मददगार को 2000 रुपये पुरस्कार यदि मददगार की संख्या दो भी हो तो उन्हें पुरस्कार स्वरुप दो-दो हजार रुपये देने का प्रावधान है. यदि दो से अधिक मददगार है तो पुरस्कार राशि 5000 रुपये दी जाती है. मददगार को पुलिस या अदालत जांच के लिए बुलाती है तो प्रतिदिन 1000 रुपये की दर से राशि दी जाएगी.

### नियम को लागू कराने का करेंगे प्रयासः सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ सीबी प्रतापन ने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा नियम में प्रावधान है तो निश्चित ही इसे लागू किया जाना चाहिए. सड़क सुरक्षा से जुड़े पदाधिकारियों से विचार कर इसे अमल में लाया जाएगा. सभी सरकारी अस्पतालों सहित सीएचसी व पीएचसी में घायलों को पहुंचाने वालों के नाम और फोन नंबर दर्ज करने के लिए पंजी की व्यवस्था की जाएगी.

# बोकारो रेलवे स्टेशन पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म

संवाददाता। बोकारो

रांची-पटना एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 18624 के जेनरल कोच में सफर कर रही एक गर्भवती महिला पूजा कुमारी (27) ने बोकारो रेलवे स्टेशन पर सोमवार की रात में एक बच्चे को जन्म दिया. ट्रेन में जब वह प्रसव पीड़ा से परेशान थी, उसके पति वीरेंद्र कुमार ने लोगों से मदद की गुहार लगाई. उस वक्त ट्रेन बोकारो पहुंच चुकी थी. इसकीं जानकारी आरपीएफ की मेरी सहेली टीम को हुई, तो एसआई मीना कुमारी अपने साथ एलसी मीरा कुमारी, मनीषा कुमारी व पिंकी डुमोलिया के साथ पहुंची और प्रसव पीड़िता को ट्रेन से उतार कर स्टेशन के रेलवे सुरक्षा बल के बूथ ले आयी. वहीं इस बीच मिली सूचना पर रेलवे के डॉ एचपी सिंह अपने एएनएम के साथ पहुंचे और महिला को सुरक्षित प्रसव कराया. प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रेलवे के एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेज दिया. पूजा के पति वीरेंद्र कुमार बिहार के नालंदा जिले में पावापुरी इशवा गांव के रहने वाले हैं. वे पत्नी को लेकर रांची से पटना के लिए ट्रेन में चले थे, ताकि पटना में उसका इलाज करा सके.



### खास बातें

- आरपीएफ की मेरी सहेली टीम बनी प्राणरक्षक
- डॉ एचपी सिंह ने महिला को सुरक्षित प्रसव कराया

## कॅरियर-काउंसिलिंग



# इतिहास में बीए करने के बाद कर सकते हैं 20 से अधिक कोर्स

एजुकेशन रिपोर्टर। रजनीश प्रसाद

आगर आप इतिहास से बीए कर रहे है तो, बीए के बाद कई सारे कोर्स कर आप अपना करियर बना सकते है. सरकारी व प्राइवेट सेक्टर में जॉब के कई अवसर मिलते है. इतिहास में बीए करने के बाद आप लगभग 20 से भी अधिक कोर्स कर सकते है. सभी कोर्स भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में उपलब्ध है. कुछ विश्वविद्यलयों में नामांकन कट ऑफ मार्क्स से होते है तो कुछ विश्वविद्यालयों के लिए एंट्रेस टेस्ट देना होता है. इतिहास के तीनों भागों के पढ़ाई के साथ-साथ आर्कियोलॉजी, आर्ट्स एंड कल्चर की पढ़ाई होती है. इसे करने के बाद सरकार की कई संस्थान है जहां इतिहास से संबंधित पढ़ाई के बाद जॉब मिल सकता है. इन सब के अलावें शिक्षक व सहायक प्राध्यापक की ओर भी अपना करियर बना सकते है.

## बीए हिस्ट्री के बाद डिप्लोमा कोर्सेज

- डिप्लोमा इन हिस्ट्री
- डिप्लोमा इन आर्कियोलॉजी
- डिप्लोमा इन एपिग्राफी
- डिप्लोमा इन म्यूजियोलॉजी
- डिप्लोमा इन म्यूजियम एडमिनिस्ट्रेशन म्यूजियम मॉडलिंग
- पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन आर्कियोलॉजी , एंसिएंट कल्चर एंड हिस्ट्री
- पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन आर्कियोलॉजी म्यूजियोलॉजी
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन आर्कियो कीपिंग

## बीए हिस्ट्री के बाद कोर्सेज लिस्ट

- एमए इन एंसिएंट इंडियन हिस्ट्री एंड आर्कियोलॉजी
- एमए इन हिस्ट्री ऑफ इंडिया आर्ट एंड कल्चर
- एमए इन हिस्ट्री एंड कल्चर
- एमए इन हिस्ट्री एंड आर्कियोलॉजी
- एमए इन इस्लामिक हिस्ट्री एंड कल्चर
- एमए इन हिस्ट्री
- एमए इन हिस्ट्री ऑफ आर्ट
- मास्टर ऑफ फिलॉसफी इन हिस्ट्री
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन एंसिएंट हिस्ट्री
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन हिस्ट्री ऑफ फाइन आर्ट्स
- मास्टर ऑफ विजुअल हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स
- मास्टर ऑफ फिलॉसफी इन एंसिएंट इंडियन हिस्ट्री कल्चर एंड आर्कियोलॉजी
- मास्टर ऑफ फिलॉसफी इन हिस्ट्री एंड आर्कियोलॉजी
- पीएचडी इन हिस्ट्री( मिडिएवल एंड मोर्डन)
- पीएचडी इन हिस्ट्री एंड आर्कियोलॉजी
- पीएचडी इन हिस्ट्री
- पीएचडी इन हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स
- पीएचडी इन एंसिएंट इंडियन हिस्ट्री कल्चर एंड आर्किटेक्चर
- पीएचडी इन एंसिएंट हिस्ट्री

## शॉर्ट टर्म कोर्स

- मैन्युस्क्रिप्ट्स एंड आर्काइव्स
- हैरिटेज मैनेजमेंट
- केयर एंड कंजरवेशन ऑफ बुक्स
- रिकॉर्ड मैनेजमेंट
- सर्विस एंड रिपेयर ऑफ रिकॉड्र्स
- पीजी डिप्लोमा इन आर्कियालॉजी
- यूजी/ पीजी डिप्लोमा इन आर्काइव कीपिंग
- डिप्लोमा इन म्यूजियोलॉजी
- संग्रहालय विज्ञान में डिप्लोमा
- कलाकृति या पुरालेख में डिप्लोमा

## इन सेक्टरों में बना सकते है करियर

- कंटेंट राइटर
- सेकेंडरी स्कूल टीचर
- हाइ स्कूल टीचर
- एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर
- ट्रेनिंग मैनेजर
- स्टेनोग्राफर

## ये हैं इतिहास के टॉप कोर्स

### आर्कियोलॉजी

आर्कियोलॉजी में अतीत में छोड़े गये पुराने वास्तुशिल्प, औजारों, जैविक-तथ्यों और भू-रूपों आदि का अध्ययन किया जाता है.

### फ्रेस्को

फ्रेस्को या आर्ट रीस्टोरेशन का कोर्स है. इस कोर्स में आर्ट को रीस्टोर करना सिखाया जाता है जिससे सांस्कृतिक विरासत को उसके मूल रूप में वापस लाया जा सके.

### माइथोलॉजी

माइथोलॉजी स्टडीज यानी पौराणिक अध्ययन का कोर्स हैं.

### एंथ्रोपोलॉजी

एंथ्रोपोलॉजिस्ट आपको अतीत और वर्तमान समाज के साथ मानव के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना होगा. इसके अलावा आप राजनीति, संस्कृति और भाषा जैसे विषयों का चयन भी कर सकते हैं.

### म्यूजियोलॉजी

इस कोर्स में संग्रहालय का अध्ययन किया जाता है. इसमें संग्रहालय का इतिहास, कला, चित्रकारी आदि के बारे में विस्तार से बताया जाता है.

### इन प्रवेश परीक्षाओं से भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में होता है नामांकन

- सीयूईटी
- आईपीयू सेट
- जेएनयूईई
- डीसैट
- बएचयू पेट
- सएसआईआर यूजीसी नेट
- यूजीसी नेट
- जेएमआई



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)